रांची, गुरुवार
20.02.2025
वर्ष : 10, अंक : 81 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरे हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988




## संक्षिप्त खबरें

### सुनील श्रीवास्तव बनाये गये मुख्यमंत्री के वरीय निजी सचिव



**रांचीः** झारखंड सरकार ने सुनील कुमार श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का वरीय निजी सचिव नियुक्त किया है. कैबिनेट सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सुनील श्रीवास्तव 1 दिसंबर 2024 से यह पद संभालेंगे. यह नियुक्ति अस्थायी है और बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। अपनी नई भूमिका में, श्रीवास्तव विभिन्न प्रशासनिक कर्तव्यों की निगरानी और योजना सहित सीएम कार्यालय के भीतर महत्वपूर्ण कार्यों को संभालने के लिए जिम्मेदार होंगे।

### बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**रांची।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में लोग जाति और धर्म से ऊपर उठकर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा देश भर से युवा पूरे उत्साह के साथ डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं, जो सुखद है। इस मौके पर उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगल कामना की।वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है। गंगा मईया से सबके कल्याण की मंगलकामना करता हूं।"

# दिल्ली की नई सीएम होंगी रेखा गुप्ता, आज लेंगी शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली की नई सीएम रेखा गुप्ता होंगी। बीजेपी के विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता के नाम पर सहमति बनी है और उसके बाद उनके नाम का ऐलान कर दिया गया।

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत से भाजपा विजयी हुई है, बुधवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ और चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा की मौजूदगी में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। वहीं, पार्टी ने दिल्ली में अभी कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना है। रेखा गुप्ता कल रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण करेंगी। बता दें कि करीब 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता पर बीजेपी काबिज हुई है।



### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता

दिल्ली में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे की सबसे बड़ी वजह महिला चेहरा है। बता दें कि इससे पहले दिल्ली में तीन महिला मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने वाली चौथी महिला होंगी। इससे पहले साल 1998 में भाजपा ने सुषमा स्वराज को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाया था। इसके अलावा दिल्ली की सीएम शीला दीक्षित रह चुकी हैं। वहीं, आप ने आतिशी को सीएम बनाया था।

दिल्ली की शालीमार बाग सीट से रेखा गुप्ता विधायक हैं। मुख्यमंत्री की रेस में उनका नाम सबसे आगे चल रहा था। दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनी गईं रेखा गुप्ता ने कहा है कि मैं इस जिम्मेदारी के लिए हमारे केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सभी विधायकों को धन्यवाद देती हूं।

पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने बताया कि बैठक में प्रवेश वर्मा, विजयेन्द्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में कोई उपमुख्यमंत्री के रूप में नहीं चुना गया।

गुरुवार को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना, रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायेंगे। इसके बाद मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन दिल्ली के मुख्य सचिव करेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री समेत कई प्रमुख नेता शामिल होंगे।

# एनआरएचएम घोटाला : प्रमोद सिंह को ईडी ने किया गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

**रांची :** नेशनल रुरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) घोटाले के आरोपी प्रमोद सिंह को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है. प्रमोद कुमार सिंह धनबाद के रहने वाले हैं. एनआरएचएम में हुए जिस घोटाला मामले में ईडी ने प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है, वह 9 करोड़ से अधिक रुपये का है. जानकारी के मुताबिक, एजेंसी की ओर से प्रमोद को 12 समन दिया जा चुका था. लेकिन वह एजेंसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ. जिसके बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

ईडी ने धनबाद के कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह की 1.63 करोड़ रुपए की संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया था. ईडी ने दो सितंबर 2024 को जानकारी देते हुए बताया था कि प्रमोद कुमार सिंह और उनके परिवार से संबंधित 1.63 करोड़ रुपये (लगभग) की अचल संपत्ति को जब्त किया गया है.

ईडी ने यह भी बताया कि एसीबी धनबाद द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर प्रमोद कुमार सिंह और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति व राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) फंड के दुरुपयोग के लिए जांच शुरू की गयी. प्रमोद कुमार सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक अकाउंट मैनेजर के पद पर संविदा के आधार पर कार्यरत थे.

ईडी की जांच में पता चला है कि प्रमोद कुमार सिंह और स्वर्गीय शशि भूषण प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिन्हें एनआरएचएम फंड निकालने और खर्च करने के लिए संयुक्त रूप से अधिकृत किया गया था. इन सभी ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया और जिला स्वास्थ्य सोसाइटी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, झरिया सह जोड़ापोखर को आवंटित 9.39 करोड़ रुपये की सरकारी राशि का गबन किया. घोटाला सामने आने के बाद प्रमोद सिंह को बर्खास्त कर दिया था, तो वह कोयले के कारोबार से जुड़ गया था.



### तीन दिन रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी एजेंसी

प्रमोद कुमार को गिरफ्तार करने के बाद ईडी की टीम ने उन्हें रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में पेश किया. जहां ईडी ने कोर्ट से प्रमोद को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की इजाजत मांगी. लेकिन कोर्ट ने सिर्फ तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी दी.

### छापेमारी के दौरान तीन महंगी गाड़ियां और कैश हुए थे बरामद

इस मामले को लेकर ईडी ने बीते 13 अगस्त 2024 को प्रमोद सिंह के धनबाद के सरायढेला स्थित ठिकाने पर छापेमारी की थी. जहां से तीन महंगी गाड़ियां और 2.17 लाख रुपये की नकदी बरामद हुआ, जिसे ईडी ने जब्त कर ली थी. इसके अलावा बैंक खाते में जमा चार लाख रुपये की राशि भी जब्त कर ली गयी थी. जेंसी ने प्रमोद सिंह के ड्राइवर अजीत सिंह के भूली स्थित आवास की भी तलाशी ली थी.

### प्रमोद सिंह ने अपने सहयोगियों के नाम पर चल और अचल संपत्ति की थी अर्जित

प्रमोद कुमार सिंह ने अवैध रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), झरिया सह जोड़ापोखर, धनबाद के दो बैंक खातों और पीएचसी प्रबंधन सोसाइटी, जोड़ापोखर के एक बैंक खाते से अपने बैंक खातों या अपने परिवार सहयोगियों के बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर किये थे. ईडी की जांच में यह भी पता चला है कि प्रमोद कुमार सिंह ने घोटाले से कमायी राशि से अपनी पत्नी प्रिया सिंह और अपने सहयोगियों के नाम पर चल और अचल संपत्ति अर्जित की.

### ज्ञानेश कुमार ने 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में ग्रहण किया पदभार



**नई दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। ज्ञानेश कुमार मार्च 2024 से निर्वाचन आयुक्त के पद पर कार्यरत थे और सोमवार को उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदोन्नत किया गया। राजीव कुमार के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद ज्ञानेश कुमार को निर्वाचन आयोग के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुखबीर सिंह संधू निर्वाचन आयुक्त हैं, जबकि विवेक जोशी को सोमवार को निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया। नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कार्यभार संभालने के बाद कहा, राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है। इसलिए भारत का हर नागरिक जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, उन्हें मतदाता जरूर बनना चाहिए और मतदान जरूर करना चाहिए। भारत के संविधान, चुनावी कानूनों, नियमों और उसमें जारी निदेर्शों के अनुसार चुनाव आयोग मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

# गिरिडीहः सड़क हादसे में बैक प्रबंधक समेत छह की मौत



बिभा संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार आधी रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बैंक मैनेजर समेत छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मधुबन थाना क्षेत्र के लट्टकट्टो इलाके में हुआ।

जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक लाइट की चकाचौंध से संतुलन खो बैठा। पहले उसने बाइक को टक्कर मारी, फिर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा भिड़ी।

घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने मधुबन थाना पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों से शवों को बाहर निकाला। एसडीपीओ सुमित कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में चार स्कॉर्पियो सवार और दो बाइक सवार थे। इनमें से एक शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा बैक मेनेजर केनरा बैक इसरी बाजार शांखा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह) और गुलाब कुमार (इसरी बाजार) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है।बाइक सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व. लाटो मियां) शामिल हैं।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतकों के परिजनों को सूचना भेजी गई है।

# झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल है, जबकि मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ, हजारीबाग शामिल है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ स्थानों पर 40 से 50 किमी. की गति से तेज हवा चलने की भी संभावना है।

21 फरवरी को मौसम सामान्य रहेगा, जबकि 22 फरवरी को दक्षिणी, मध्यवर्ती और इससे लगे उत्तर पूर्वी भागों में कहीं कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही राज्य के दक्षिण पश्चिमी, मध्य और नजदीकी उत्तर पूर्वी भागों कहीं कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी जिले जिनमें पलामू, गढवा, चतरा, कोडरमा और लातेहार शामिल हैं यहां कहीं कहीं गर्जन और 30 से 40 किमी की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में कुहासा रहा। हालांकि दिन चढने के साथ मौसम साफ हो गया। बाद में दिन भर आंशिक बादल छाया रहा।

राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची में तापमान 29 डिग्री, जमशेदपुर में 33.4, डालटनेगंज में 32.7, बोकारो में 32.5, चाईबासा में 34.8 और देवघर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### महाकुम्भः नेपाल के 50 लाख लोगों ने किया पवित्र स्नान

**महाकुम्भ नगर।** मां जानकी के मायके नेपाल में महाकुम्भ को लेकर जबरदस्त उल्लास देखा जा रहा है। महाकुम्भ नगर में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम में अब तक नेपाल से आए 50 लाख से अधिक लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ का आयोजन अद्वितीय भव्यता के साथ किया जा रहा है। जिससे नेपाल समेत दुनियाभर के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां बड़े हनुमान जी के लिए विशेष रूप से भगवान राम की ससुराल से पवित्र अक्षत व अन्य सामान लेकर लोग आ रहे हैं और यहां से गंगा जल और संगम की माटी अपने साथ नेपाल भी ले जा रहे हैं।

# पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन

बिभा संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को राज्य के पर्यटन, कला व संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। समारोह में राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, झारखंड दिगंबर जैन न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सचिव नांगजेय दोरजी समेत अन्य शामिल हुए।



समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इटखोरी तीन धर्मों की संगम स्थली है। माता भद्रकाली की प्रसिद्धि दूर दूर तक है। आने वाले साल में सरकार राजकीय महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी। यह राज्य का सबसे बड़ा महोत्सव बनेगा। तीनों धर्मों के राज गुरूओं को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है।

# दलहन एवं तेलहन की खेती के लिए जाना जाएगा पलामूः राधाकृष्ण किशोर

बिभा संवाददाता

**पलामू।** जिला मुख्यालय डालटनगंज शिवाजी मैदान में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित इस किसान मेले का उदघाटन राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेता तिर्की एवं वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मेला में 40 स्टॉल लगाये गये, जहां विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। मेला में 16 किसानों के बीच परिस्थितियों का भी वितरण किया गया। मंत्री ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित कृषि उत्पाद एवं कृषियंत्रों का अवलोकन किया।




मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की चर्चा करते हुए कहा कि पलामू जिले में दलहन एवं तेलहन फसल को बड़े पैमाने पर बढावा देने के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जायेगी। किसान कोल्ड स्टोरेज के अभाव में तिलहन फसल को स्टोर करके नहीं रख पाते। स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट काम करने पर पलामू तिलहन के लिए जाना जायेगा। इसके लिए उपायुक्त के माध्यम से प्रस्ताव मांगा गया है।

मंत्री ने कहा कि प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन करने का उद्देश्य किसानों को राज्य सरकार की सभी योजनाओं से अवगत कराना है। पलामू में यह तीसरा आयोजन है। किसानों को समय के साथ कृषि के तौर-तरीकों को बदलना होगा। सब आधुनिकरण हो रहा है। किसानों को कृषि कार्य मजदूर की तरह नहीं व्यवसाय के रूप में करना होगा। पारंपरिक व्यवस्थाओं को बदलना होगा। धान-गेहूं की जगह संतरा, ड्रैगन फ्रूट आदि फल-सब्जियां आदि नगदी फसलों का उत्पादन करना होगा।

मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू प्रमंडल की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। नेशनल हाइवे और पुल-पुलिया के निर्माण से आधारभूत संरचना विकसित की जा सकती है, लेकिन जबतक हम सतही जल को नहीं बचायेंगे, भूगर्भीय जलस्तर नहीं बना रहेगा। किसानों के चेहरे पर खुशियां लाने के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार तेजी से वर्षा जल को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पलामू में पड़े सुखाड़ और आकाल को देखने के लिए आज तक सिर्फ कांग्रेस पार्टी से प्रधानमंत्री बने इंदिरा गांधी एवं पीवी नरसिंहा राव ही यहां आए थे।

मौके पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री के.एन त्रिपाठी एवं जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, निदेशक समेति विकास कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं अन्य जनप्रतिनिधि, माननीय विधायक के प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, गढ़वा के जिला कृषि पदाधिकारी एवं लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी सहित प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के कृषि विभाग से जुड़े पदाधिकारी एवं तीनों जिलों की बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे।

## 73 बडे.बकायादारों से 2.33 करोड़ की वूसली को निगम ने कसा शिकंजा

बिभा संवाददाता

**रांची ।** रांची नगर निगम होल्डिंग टैक्स के बडे. बकाएदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। निगम के प्रशासक ने पत्र जारी कर कहा है कि रांची में ऐसे 73 बडे.बकायादार हैं, जिनपर निगम का 2.33 करोड़ रुपये होल्डिंग टैक्स बकाया है।

पत्र में कहा गया है कि निगम ने पूर्व में 100 प्रमुख बकायादों को नोटिस जारी कर होल्डिंग जमा करने को कहा था, लेकिन इनमें से केवल 27 ने ही बकाया होल्डिंग की राशि जमा कराई है। शेष 73 लोगों ने बकाया जमा नहीं कराया है। निगम की ओर से इन बडे. बकायादारों का नाम भी बताया है, जिसमें मुख्य रूप से मेसर्स बीआईटी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मोदस्सशर, हुसैन, दानिश, शीला देवी पोददार, मंजुला देवी, चिकित्सक संघ, डॉक्टर क्लिब, छोटानागपुर पब्लिक स्कूल ,सुखनाथ महतो, बिनोद प्रकाश सिंह, जय प्रकाश सिंह और अन्य, सरोज देवी शर्मा, सुबोध कुमार प्रसाद, बीआईटी मेसरा, शुत्रुघ्न सिंह समेत अन्य का नाम शामिल है।

वहीं निगम ने कहा है इन 73 बडे. बकायादारों को गुरुवार को अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा। यदि तीन दिनों के भीतर टैक्स जमा नहीं कराते हैं तो इनकी जलापूर्ति और कूड़ा उठाव जैसी अन्य जरूरी सेवाएं बंद कर दी जाएगी।

# अंचलाधिकारी के आश्वासन के बाद किसानों का दुसरा दिन जमीन समाधि सत्याग्रह समाप्त

**कई टोलों में एम्बुलेंस नहीं जा पाती है, मरीज खटिया डोली के एम्बुलेंस तक पहूंचते हैं***

**हमारी मांगे पुरी नहीं हुई तो पुनः होगा किसान आंदोलन : अयुब खान**

**बिजली पानी सड़क आदि को लेकर किसान कर रहे थे जमीन समाधि सत्याग्रह**

बिभा संवाददाता






**चंदवा/लातेहारः** सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के अन्नदाता किसानों का चल रहे जमीन समाधि सत्याग्रह दुसरे दिन मंगलवार को अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक और आंदोलन कारी किसानों के बीच हुई वार्ता के बाद जमीन समाधि सत्याग्रह समाप्त हो गया।
दुसरे दिन मंगलवार को भी किसानों ने दस बजे से खुले आसमान के निचे धूप में भूखे प्यासे दो फीट हे अधिक गड्ढे के नीचे बैठकर और कब्र में लेटकर किसान जमीन समाधि सत्याग्रह आंदोलन पर बैठ गए थे, इसके पश्चात सत्याग्रह स्थल पर करीब दो बजे के आस पास अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, अंचल निरीक्षक महेश सिंह सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे, किसानों से वार्ता की उन्होंने किसानों को समस्या समाधान कराने का आश्वासन देकर उनसे आंदोलन खत्म करने का आग्रह किया, इसके बाद किसानों का आंदोलन समाप्त हो गया, उपायुक्त महोदय के पदनाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें 42 सुत्री मांग शामिल है।
सत्याग्रह की अगुवाई कर रहे माकपा नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम के विभिन्न टोलों में आवागमन के लायक सड़क नहीं है, बिजली अपने जुगाड़ के सहारे ग्रामीण जला रहे हैं, पानी समस्या से भी गांववासी जूझ रहे हैं, कई टोले ऐसे हैं जहां मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने में एम्बुलेंस नहीं आता, बिमार को अस्पताल ले जाने के लिए आज भी किसान खटिया डोली का सहारा लेते हैं।
अन्नदाता किसानों को बदहाली के कगार पर ही छोड़ दिया गया है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।
पंचायत समिति सदस्य अयुब खान और किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो एक माह के बाद पुनः किसान आंदोलन छेड़ा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अबुआ अधिकार मंच ने डीएसडब्ल्यू से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**रांची(बिभा)।** अबूआ अधिकार मंच ने मारवाड़ी महाविद्यालय के समस्या को लेकर डीएसडब्ल्यू से मुलाकात कर उन्हें 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौपते हुए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे विशाल कुमार यादव ने कहा की महाविद्यालय के पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अनुसार पुस्तकों की कमी है जिसका खामियाजा यहां के छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है उन्हों कहा के जब भी महाविद्यालय में कोई भी परीक्षा होती है तो उस परीक्षा के दौरान महाविद्यालय की सभी कक्षाएं बंद रहती है जिसका सीधा असर यहां पढ़ने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के ऊपर पड़ता है। प्रतिनिधि मंडल में प्रभात कुमार महतो ने कहा के महाविद्यालय द्वारा यूजी सत्र 22-26 सेमेस्टर 3 की परीक्षा फल का प्रकाशन किए बिना ही सेमेस्टर 4 की परीक्षा करा ली गई जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है एवं परीक्षा विभाग में भारी अनीता की ओर इशारा करती है उन्होंने इस मामले की निष्पक्षता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। वही प्रतिनिधिमंडल में मौजूद अनु कुमारी ने कहा बहुत सारे विभागों में बिना सिलेबस कंप्लीट किए ही परीक्षा करवाया जा रहा है जो कि किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है, महाविद्यालय के अधिकांश वॉशरूम की स्थिति दयनीय है। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष ने कहा के एक सप्ताह में सभी समस्याओं का निदान कर दिया जाएगा। विशाल कुमार यादव ने कहां कि अगर 7 दिनों के अंतराल में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो अबूआ अधिकार मंच चरणबद्ध आंदोलन के लिए वादे होगी। मौके पर मंच की तरफ से विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, अनु कुमारी, अमित,प्रभात महतो, अंजली जयसवाल,गुंचा , समीहा, रिया प्रसाद के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### किसानों के आर्थिक विकास को प्रयासरत :नवभारत जागृति केंद्र




**चान्हो(बिभा) :** प्रखंड अंतर्गत भारत जागृति केंद्र के राँची कार्यालय में दिन बुधवार को चान्हो प्रखण्ड के पांच कृषक संगठनों के बोर्ड मेंबर्स एवं सी ई ओ का तीन दिवसीय आवासीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण का शुभारम्भ नाबार्ड की डीडीएम नीतू कुमारी एवं नवभारत जागृति केंद्र के परियोजना निदेशक आनन्द अभिनव के द्वारा दीप प्रजवलित कर किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कृषक संगठनों के बोर्ड मेंबर्स एवं सी ई ओ का क्षमता वर्धन कर उन्हें संगठन संचालन की मुख्य तकनिकी, बैंकिंग एवं कानूनी रूप से जानकारी देना है। बैंक ऑफ इंडिया के जिला कार्यालय से आए बेंजामिन मुर्मू के द्वारा बैंकों द्वारा चलाए जा रहे वितीय योजनाओं के बारे में विस्तापुर्वाक बताया गया ।इस मौके पर नवभारत भारत जागृति केंद्र के परियोजना प्रबंधक,चान्हो प्रत्यूष कुमार भगत, उप परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार, उप परियोजना प्रबंधक प्रियांशु कुमार एवं समस्त प्रशिक्षु गण मौजूद थे।

### बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, पांच लोगो पर प्राथमिकी दर्ज, 78,642 हजार का लगा जुर्माना

**रातू(बिभा) :** विद्युत विभाग ने इलाके के रातु सिमलिया, भीठा टोली व संडे मार्किट में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया । छापेमारी में संडे मार्किट के 1 व सिमलिया के 4 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर कुल 78,642 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरोपियों में रातु संडे मार्किट के श्याम किशोर तिवारी पर 34952 के अलावा मदन लोहरा पर 17474 हजार, सतीश गोप 8738,जमीला खातून 8738 व मो मंसूरी पर 8738 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। सभी सिमलिया के रहने वाले है। इन पर कुल 78642 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। मामले को लेकर आरोपियो के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिक दर्ज कराई गयी है।

### बैंक ऑफ इंडिया का हाउसिंग एवं वाहन ऋण एक्सपो आज

**रांची(बिभा) :** बैंक ऑफ इंडिया 20 फरवरी को चिल्ड्रेन पार्क, नियर डी. ए. वी. कपिलदेव, कडरू, रांची में हाउसिंग लोन एवं वाहन ऋण एक्सपो का आयोजन कर रहा है। बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा की भारत मे कहीं भी मकान बनाने, फ्लैट एवं गाड़ी खरीदने के लिए लोन लेने के इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए विशेष रूप से यह एक्सपो आयोजित किया गया है। इसमे ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होने कहा की बैंक ऑफ इंडिया हाउसिंग लोन 8.30 प्रतिशत ब्याज दर और वाहन ऋण 8.75 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध है। हम 8.25 प्रतिशत के ब्याज दर से होम लोन टेक-ओवर भी कर रहे हैं। एक्सपो के दौरान इस तरह के ऋणों को त्वरित स्वीकृति प्रदान किया जा रहा है। विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों से विशेष परामर्श भी प्राप्त किया जा सकता है। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर एवं वाहन खरीदने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने मे मदद करेंगे।

**पायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक**

# प्रत्येक पंचायत में तीन-तीन जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती करें : उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**रामगढ़ः** बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।
बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की इस वर्ष गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन-तीन जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है। इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हो रहे प्रतिवेदन के आधार पर सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं सहित अन्य को पंचायत वार टैग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।
ओडीएफ प्लस गतिविधियों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 74 वैसे गांव जिनकी वर्तमान में ओडीएफ प्लस के तहत किसी भी स्तर में रैंकिंग नहीं की गई है उन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द से सोखता गड्ढा का निर्माण सभी गांव में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जो गांव मॉडल घोषित हो गए हैं उनके सत्यापन का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया।
बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि गांव में कचरा प्रबंधन हेतु वर्तमान में 66 ई रिक्शा क्रय किया गया है जिनमें 8 वाहनों का संचालन किया जा रहा है इस पर उपायुक्त में कार्यपालक अभियंता को सभी 66 वाहनों का संचालन शुरू करने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय करते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।
जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन गांवों में 80 से 99% तक जलापूर्ति कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण हो गया है उन गांव में विशेष ध्यान देते हुए शत प्रतिशत घरों में जलापूर्ति कनेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



### बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में अनियमिता को लेकर राशि वसूली का आदेश

**रामगढ़ः** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत बड़कीडूंडी में मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में अनियमिता को लेकर उपायुक्त द्वारा राशि वसूली करने का आदेश दिया गया है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू ऋत्विक कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मांडू महेश कुमार, रोजगार सेवक छोटकीडुंडी नरेश रविदास, पंचायत सेवक छोटकीडुंडी पंचायत सुमित कुमार एवं मुखिया छोटकीडुंडी पंचायत राम सेवक राम से स्पष्टीकरण पूछा है। गौरतलब हो कि मांडू प्रखंड के छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम बड़कीडूंडी में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कम मानव दिवस सृजित किए गए एवं कार्य अधूरा रहने पर भी राज्य योजना मद की राशि का भुगतान किया गया जिस संबंध में उपायुक्त द्वारा नियमानुसार राशि वसूली का निर्देश दिया गया है साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक एवं मुखिया को दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

### चैम्बर की कार्यकारिणी समिति सत्र 25-27 के 15 सदस्यों के लिए चुनाव 18 मार्च को



बिभा संवाददाता

**रामगढ़ः** रामगढ़ जिले कि प्रमुख व्यापारिक संगठन चैम्बर के संविधान की व्यवस्था के अनुरूप सत्र 2025-2027 के लिए चैम्बर की कार्यकारिणी समिति के 15 सदस्यों के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कि गयी । चुनाव अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्र चैम्बर कार्यालय से एक हजार रुपए शुल्क का भुगतान कर दिनांक 25 फरवरी से 27 फरवरी 25 तक प्रत्येक दिन शाम 6.00 से रात्रि 8.00 बजे तक चैम्बर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी, नामांकन पत्रों की जाँच 01 मार्च तथा नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 03 मार्च उक्त सभी प्रक्रियाएं चैम्बर कार्यालय में संध्या 06 बजे से रात्रि 08 बजे तक संपादित किया जाएगा।
प्रत्याशी सूची का प्रकाशन 03 फरवरी (सोमवार) को रात्रि 8.00 बजे के बाद किया जाएगा ।
मतदान 18 फरवरी 25 (मंगलवार) चैम्बर भवन में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक होगा व मतगणना संध्या 5.00 बजे से परिणाम घोषित होने तक किया जाएगा । चैम्बर चुनाव पदाधिकारी में बंशिधर गोप , अनिल कुमार सिन्हा, रमेश बौंदिया व अधिवक्ता प्रणव मुखर्जी शामिल हैं।

### पड़ोसी से झगड़ा के बाद युवक ने लगाई फांसी

**रातू।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली अलकमर कॉलोनी के एक मकान से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। आशंका जताई जा रहीं है कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के एसवेस्टस में लगे पाइप में प्लास्टिक की रस्सी से झूलता हुआ पाया गया।। युवक की पहचान बिहार के समस्तीपुर नीवासी सज्जाद अंसारी के रूप में हुआ। उसका ससुराल रातु थाना क्षेत्र के आमटांड में था। फुटकलटोली अलकमर कॉलोनी में वह एक किराये के मकान में अपने पत्नी व बच्चो के साथ रहता था।

## नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की बैठक कर अवैध अफीम पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ली जानकारी

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की बैठक कर अवैध अफीम के विरुद्ध कार्रवाई हेतु जानाकारी साझा की। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग एवं अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआईआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी ली गई।
प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा समीक्षा की गयी। वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने जिले में विशेष अभियान चलाते हुए अफीम विनष्टीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त ट्रैक्टर, पुलिस के जवान, चौकीदार एवं अन्य के माध्यम से अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं एफआईआर समेत अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में हो रही अवैध अफीम की खेती एवं मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया गया। साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।
वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने को लेकर सभी अंचल अधिकारी को लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिया गया। साथ हीं 27 फरवरी को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर आमजनों से वैकल्पिक खेती हेतु सुझाव लेने का निर्देश दिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम विनष्टीकरण को लेकर आवश्यक रूप से छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। वैकल्पिक खेती हेतु लोगों को प्रेरित करें। जन प्रतिनिधियों से भी सहयोग करने का अपील किया गया। वैकल्पिक खेती हेतु मिट्टी एवं क्षेत्र के अनुसार स्थानीय लोगों की रूचि को ध्यान में रखकर योजना तैयार करने का निर्देश भी दिया गया।
इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, डीएसपी, सिविल सर्जन, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वन विभाग ने अवैध पत्थर अनलोड कर-के भाग रहा ट्रैक्टर को पकड़ा

### ग्रामीणों ने वनपाल को बनाया बंधक फिर पुलिस ने छुड़वाया

बिभा संवाददाता




**खूँटी ।** वन विभाग ने बुधवार को मुरही वन क्षेत्र अन्तर्गत पत्थर का अवैध ढुलाई के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। वहीं इसी क्रम में मुरही वन क्षेत्र में हो रहे अवैध पत्थर उत्खनन के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाने के क्रम में एक ट्रैक्टर को पकड़ा है। जो वन विभाग के पदाधिकारियों को देखकर ट्रैक्टर से पत्थर अनलोड करके भाग रहा था। वन विभाग के पदाधिकारी को देखकर अनलोड कर भाग रहे ट्रैक्टर को पीछा करके धर दबोचा। लेकिन मौका देखकर चालक भाग खड़ा हुआ। लेकिन ट्रेक्टर को फोरेस्ट ऑफीसर वन प्रमंडल कार्यालय ले आया। जिसके बाद वन विभाग के उक्त अधिकारी को धक्का मुक्की करने लगे व बंधक बना लिया था। जिसे खूंटी पुलिस ऐन वक्त पर जाकर छुड़ा लिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग कार्यालय पहुँचे व ट्रैक्टर को छुड़वाने की बात कही लेकिन वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कानून सम्वत कार्रवाई करने की बात कही। जहां वन वन क्षेत्र से अवैध खनन व ढुलाई होती है। वहीं भुक्तभोगी वनपाल प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि वो सुबह छापामारी के लिए गोपनीय तरीके से वाहन बदल कर निकले थे। ताकि छापामारी करने व कार्रवाई करने में आसानी होगी। क्योंकि ऐसे अवैध कारोबार करनेवाले लोगों के द्वारा जगह जगह खड़े रहते हैं और सूचना देकर वाहन को भगा दिया जाता है। इसी क्रम में एक ट्रैक्टर को मुरही वन क्षेत्र में पकड़ा गया जो कि गशतीदल को देखकर पत्थर को उड़ेलकर भाग रहा था। जिसे पीछा करके पकड़ लिया गया लेकिन चालक भाग निकला। तभी जब अपना वाहन लेने के लिए वापस गये तो इससे सम्बन्धित लोगों ने ग्रामीणों के साय मिलकर धक्का मुक्की करने लगे। लेकिन पुलिस के बीच-बचाव से वापस आ गये जिसकी जानकारी वन प्रमंडल पदाधिकारी कार्रवाई कर रहे हैं।

### मिर्गी बिमारी से ग्रसित अधेड़ की नाला में डूबने से हुई मौत

**तोरपा ।** तपकरा थाना क्षेत्र के कालेट नाला में डूबने से मिरगी बिमारी से ग्रसित सोमा मुंडा (52) की मौत हो गयी। वह चम्पाबहा गांव का रहने वाला था। घटना मंगलवार की है। जानकारी के अनुसार सोमा को मिर्गी की बीमारी थी। घटना के दिन वह अपनी पत्नी के साथ जड़ी बूटी खोजने जंगल की ओर जा रहा था। उसी बीच वह शौच के लिए चला गया। शौच के बाद वह नाले के पास पहुंचा, वहीं उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और पानी में गिर गया, जिसे उसकी मौत हो गयी। पुलिस को जानकारी मिलने पर तपकारा थाना के सहायक अवर निरीक्षक रामजानुल हक वहाँ पहुंचे ।उन्होंने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया।

### खूँटी जिले में 625 एकड़ भूमि पर लगे अफीम फसल को पुलिस ने किया विनष्ट

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** जिले के सैकड़ों पुलिस प्रशासन के लोग बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध तरीके से कर रहे खेती के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने खेती न करने की हिदायत भी दी। साथी ही खेतों में ट्रैक्टर चलाकर विनिष्ट कर दिया। जिसमें खूँटी थाना के ग्राम ईरूद, करगे, रेमता, चुकरू, कुरकुटिया, हातुदामी, हातुदामी बान्धटोली, डुन्डीडीह, अनीडीह मिलाकर कुल 176 एकड़ पर लगे अफीम फसल को विनष्ट कर दिया। इसके अलावे ग्राम अनीडीह, टकरा के ग्रामीणों द्वारा 16 एकड़, मुरहू थाना के ग्राम ग्राम लिलीकोटो,कांकुशी, क्योंगसार, गुल्लू, रूमुतकेल में 89 एकड़, अड़की थाना के ग्राम गीतिलबेड़ा, साउमारंगबेड़ा, परातू, अड़ाहातु, इचाहातु, बारूहातु, डोलडा, चैपी,कोपे कराया, पोदगड़ा, कंडेपीढ़ी,मालडीह, हेसापीढ़ी मे 180 एकड़, मारंगहादा थाना के ग्राम तिलमा 110 एकड़ एवं सयको थाना अंतर्गत कुल 54 एकड़ में लगे फसल को विनष्ट किया। इस प्रकार जिले में कुल 625 एकड़ में लगे अवैध अफीम कि खेती को विनष्टीकरण किया गया ।

## सड़क सुरक्षा की बैठक कर अनुमंडल पदाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन, एवं सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रम्बल स्ट्रिप एवं साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी ने यह भी कहा कि सड़क पर यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए। हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, साथ हीं पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान की जाए।
झारखंड सरकार के गुड सेमेरिटन पॉलिसी के विषय पर चर्चा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करने वाले व्यक्ति को उक्त योजना के तहत पुरस्कृत करने का भी निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।
अनुमंडल पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर आमजनों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं, और सड़क पर सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है, इसलिए जिम्मेदारी से वाहन चलाएं और जिला प्रशासन को सहयोग करें।
इस बैठक में डीएसपी मुख्यालय, एसडीपीओ, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी



**रांची(बिभा) :** झारखंड के कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और बंगाल की सह प्रभारी अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर चिट्ठी लिखी है। पत्र में अंबा प्रसाद ने प्रतियोगिता परीक्षाओं में देरी को देखते हुए जेपीएससी अध्यक्ष और जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने की मांग की है। अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बातें भी रखी है। चिट्ठी में अंबा प्रसाद ने लिखा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही देरी से लाखों युवाओं के भविष्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। सरकार ने पहले ही यह प्रस्ताव पास किया है कि एक महीने के भीतर जेएसएससी और जेपीएससी की परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया जाएगा और हमें पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री जी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, जिससे राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को उनका हक मिल सके। बता दें कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद 7 माह से अधिक समय से खाली है। लेकिन अभी तक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पायी है। जिसके कारण कई नियुक्ति प्रक्रिया अटकी पड़ी है। 22 अगस्त 2024 को डॉ नीलिमा केरकेट्टा रिटायर हो गयीं थी तब से आयोग बिना अध्यक्ष के ही संचालित हो रहा है।

### आदिवासी छात्र संघ ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन




**रांची(बिभा) :** आदिवासी छात्र संघ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय समिति अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में डीएसपीएमयू के अखड़ा का सुंदरीकरण एवं सेड निर्माण करने को लेकर कुलपति तपन कुमार शांडिल्य को ज्ञापन सौंपा। विवेक तिर्की माँग करते हुए कहा अखड़ा का सुंदरीकरण एवं सेड निर्माण कार्य सरहुल पूर्व संध्या से पहले तक होना चाहिए। अन्यथा आदिवासी छात्र संघ आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। इस पर कुलपति ने भी सहमति जताते हुए आश्वासन दिया की आदिवासियों का प्राकृतिक महापर्व सरहुल से पहले निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। मौके पर राँची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उराँव, दीपक कच्छप नितेश टोप्पो, दिनेश उरांव, सीताराम उरांव, लालेश्वर उरांव, खुशबू टोप्पो, रजनी उरांव खुशबू मिंज, प्यारी उरांव, प्रतिमा उरांव, आशा उरांव, सुमंति उरांव, बिजलानी मिंज,अमित टोप्पो,अनिशा टोप्पो, जयमानी उरांव, राकेश उरांव, विकाश उरांव, अनिला उरांव, पूजा उरांव, सुषमा उरांव, रितिका उरांव, संतोषी उरांव, अंजली उरांव, पवन उरांव, कृष्णा उरांव, आरती उरांव,सुनील कुमार, रंजन कुमार तथा अन्य शामिल रहे।

### जैक सचिव जयंत मिश्रा से देवेन्द्र नाथ महतो ने मुलाकात कर 10 वीं परीक्षा पेपर लीक का सौंपा सबूत



**रांची(बिभा) :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची द्वारा 10 वीं और 12 वीं का परीक्षा शुरू होते ही सोशल मीडिया में पेपर लीक का मामला वायरल हो रहा हैं। मामला पूरे झारखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है उक्त मामले पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष आंदोलनकारी छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो जैक सचिव जयंत मिश्रा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने जैक 10 वीं के विज्ञान सैद्धांतिक एवं हिंदी विषय की परीक्षा प्रश्न पत्र लीक आउट का सबूत सौंपते हुए 10 वीं हिंदी व विज्ञान परीक्षा रद्द कर , उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का मांग किया। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी 20 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली जैक 10 वीं के विज्ञान विषय की परीक्षा के दो दिन पूर्व ही प्रश्न पत्र लीक आउट का व्हाट्सएप में 17/02/2025 मंगलवार से ही वायरल हो रहा है। तथा 18 फरवरी 2025 मंगलवार को हिंदी विषय की हो चुकी परीक्षा भी एक दिन पूर्व 17/02/2025 रात्रि को हुई प्रश्न पत्र लीक आउट वायरल का हूबहू प्रश्न पूछे जाने का परीक्षार्थी द्वारा दावा किया जा रहा है। ऐसे खबर से राज्य में पढ़ने वाले छात्रों पर बुरा असर पड़ रहा है , साथ ही उन्होंने मामला पर त्वरित कार्रवाई किया जाय अन्यथा झारखंड के छात्रों के हित राज्यव्यापी आंदोलन करने का चेतावनी भी दिया। मौके पर जैक सचिव जयंत मिश्रा जी मामला को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इंतजार कीजिए जांच पड़ताल चल रहा है अगर वायरल खबर पर सच्चाई होगा तो निश्चित छात्रहित में करवाई किया जायेगा।

### ड्रेस कोड को लेकर डीजीपी ने आदेश जारी किया



**रांची(बिभा) :** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अफसरों और जवानों के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया है। अब कोई भी पुलिसकर्मी वर्दी के साथ रंग-बिरंगे स्वेटर या जैकेट नहीं पहन सकेगा। सभी को सिर्फ खाकी रंग का ऊनी स्वेटर और जैकेट ही पहनना होगा। डीजीपी ने आदेश दिया है कि पुलिस अफसर और कर्मी सर्दी के मौसम में सिर्फ तयशुदा खाकी रंग का स्वेटर या जैकेट ही पहनेंगे। इसके अलावा, जैकेट पर उनके पद के अनुरूप बैज भी लगा होना चाहिए। सभी जिलों और इकाइयों के एसपी व अधिकारी इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेंगे। अगर कोई पुलिसकर्मी इस नियम का पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश में यह भी बताया गया कि भ्रमण के दौरान और सोशल मीडिया पर कई पुलिसकर्मी अलग-अलग रंग के स्वेटर, जैकेट और जूते पहने दिखे हैं, जो अनुचित है। सरकार की ओर से पुलिसकर्मियों को वर्दी भत्ता दिया जाता है, इसके बावजूद वे निर्धारित ड्रेस कोड का पालन नहीं कर रहे हैं। इसी वजह से अब सख्ती से नियमों को लागू किया गया है। डीजीपी ने यह भी स्पष्ट किया है कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को वर्दी के साथ नेम प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। खासकर जब वे आम जनता से बातचीत कर रहे हों। इससे लोगों को यह जानने में आसानी होगी कि सामने वाला पुलिसकर्मी कौन है और किस इकाई से जुड़ा हुआ है।

# मुखिया विद्यालय का गतिविधियों का सामाजिक स्तर पर अनुश्रवण करें:उपायुक्त

बिभा संवाददाता

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रांची के सभागार में मुखिया सम्मेलन जिले के सभी मुखियागण का उन्नमुखीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी मुखिया से विशेष रूप से कहा की आप सभी शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। साथ ही विद्यालय के शिक्षा में कैसे सुधार हो, 100% प्रतिशत बच्चों का नामांकन कैसे हो, साथ ही विद्यालयों में मुखियाओं के फंड से जो कार्य किया जा रहे है, उस पर चर्चा करते हुए उन्हें योगदान देने को कहा।



साथ में उन्होंने कहा की सभी मुखिया नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय का गतिविधियों का सामाजिक अनुश्रवण करें।

उन्होंने कार्यक्रम में कहा की सभी पंचायतों के मुखिया की नैतिक जिम्मेदारी है, की सभी पंचायत के बच्चें शत प्रतिशत सुनिश्चित रूप से विद्यालय जाए। साथ ही जिला के सभी विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा मिले इसपर सभी सम्बंधित पदाधिकारी और शिक्षक विशेष ध्यान दे।

उपायुक्त द्वारा शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कुछ कुल-19 मुखियाओं को सम्मानित करते हुए कहा की आपसबकी सहभागिता से कई बच्चें स्कूल जा रहें है, प्रायः देखा जाता था की ग्रामीण क्षेत्र में बच्चें विद्यालय ना जा कर अन्य कार्यों में अपने परिजन के साथ काम करने लगे। जिस कारण ऐसे बच्चों का शिक्षा सही तरह से नही हो पाता था। लेकिन सबकी सहभागिता से अब ऐसे बच्चें भी स्कूल जा रहें है। जिसकारण शिक्षा में काफी बदलाव आया हैं। साथ ही उन्होंने सभी मुखिया को कहा की आप सभी अपनी सहभागिता निभाए ताकि निकट भविष्य में आपको भी सम्मानित करने में मुझे बहुत खुशी होगी।

जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के द्वारा भी सभी माननीय मुखिया को शिक्षा के विकास हेतु मार्गदर्शन दिए गए।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, श्री बादल राज, जिला परिषद अध्यक्ष, श्रीमती निर्मला भगत, उपाध्यक्ष, श्रीमती वीणा चौधरी एवं जिला के निर्वाचित सभी प्रखंडों के मुखियागण, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साव, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, श्री बादल राज, जिला परियोजना कार्यालय के सभी परियोजना पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा, दिए दिशा निर्देश

बिभा संवाददाता

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्त्ता राम नारायण सिंह, सहायक समाहर्त्ता-सह-सहायक दण्डाधिकारी आदित्य पांडेय, अपर जिला दण्डाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी।



राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निदेर्शों को अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। जाली मुद्रांकों के बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया।

जिला में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जानेवाले कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा निर्धारित समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया गया। कायार्देश जारी होने के बाद किसी वेंडर द्वारा कार्य में अनियमितता तो नहीं बरती जा रही, इस संबंध में उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा।

अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिये गये।

## जिला प्रशासन की टीम ने ई-स्टाम्प का किया औचक सत्यापन

बिभा संवाददाता

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर आज दिनांक 19 फरवरी 2025 को जिला प्रशासन की टीम द्वारा ई-स्टाम्प का औचक सत्यापन किया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी मो. जफर हसनात और श्री असीम बाड़ा द्वारा निबंधन कार्यालय परिसर एवं कचहरी अवस्थित वकालतखाना परिसर में स्टांप वेंडरों द्वारा विक्रय किया जा रहे ई-स्टाम्प का औचक सत्यापन किया गया।

### जांच के क्रम में सही पाए गए ई-स्टाम्प

ई-स्टाम्प की जांच के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न वेंडरों द्वारा विक्रय किये गए लगभग 25 ई-स्टाम्प की जांच की गई। जांच के क्रम में जाली एवं



वेंडर द्वारा ई-स्टाम्प का मूल्य से अधिक राशि लेने संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

### नियमित अंतराल पर जांच का निर्देश

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा वेंडरों द्वारा विक्रय किए जाने वाले ई-स्टाम्प के नियमित अंतराल पर जांच का निर्देश दिया गया है, ताकि ई-स्टाम्प के पीडीएफ में छेड़छाड़ कर नकली एवं वास्तविक मूल्य से अधिक मूल्य पर ई-स्टाम्प की बिक्री पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## जायका, फूड फेस्टिवल विश्वविद्यालय का एक अनूठा और सफल प्रयास: कुलपति डॉ तपन कुमार



### स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा फूड फेस्ट का आयोजन

बिभा संवाददाता

**रांची :** डीएसपीएमयू के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा बुधवार को जायका फूड फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति और व्यंजनों के सफल प्रदर्शन के लिए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने फूड फेस्ट का आयोजन किया। भारत के विभिन्न खाद्य और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टालों की कुल संख्या लगभग 35 थी। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे उत्साह और मनोबल के साथ भाग लिया। फूड फेस्ट की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया यह आयोजन अपने आप में अनूठा और इस प्रकार का पहला प्रयास है। इस आयोजन की एक विशिष्ट खासियत यह है कि देश के विभिन्न राज्यों के विशिष्ट खाद्य व्यंजनों को यहां के विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रदर्शित करने का प्रयास किया है। यह विद्यार्थियों के प्रबंधन कौशल को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय और वृहत स्तर पर ऐसे ही एक अन्य आयोजन की दिशा में संकल्पित है। इस संदर्भ में कुलपति ने साहित्य और संगीत के वृहत आयोजन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हर उस आयोजन को बढ़ावा देता है जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित होती है। इस आयोजन की सफलता ने विद्यार्थियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाया है, जो आगे के आयोजन में परिलक्षित होगा। इस आयोजन के क्रियान्वयन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के निदेशक डॉ जीसी बास्के, एमबीए समन्वयक डॉ शालिनी लाल, बीबीए/एमएचए समन्वयक डॉ रजनी और एसएमएस स्कूल के संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी रही। इस आयोजन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के शिक्षक और विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

### सुदेश महतो दिल्ली रवाना

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश महतो को दिल्ली के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा विशेष आमंत्रण पर दिल्ली रवाना । यह समारोह 20 फरवरी, 2025 को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। श्री सुदेश महतो को यह आमंत्रण उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ और झारखंड के विकास में उनके योगदान के लिए दिया गया है। यह आमंत्रण दोनों पार्टियों के बीच बढ़ते सहयोग और राजनीतिक स्तर पर बातचीत को दशार्ता है। इसके अलावा, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और श्री सुदेश महतो के बीच झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा होगी। यह बैठक राज्य में आजसू और भाजपा के बीच सहयोग को और मजबूत करने तथा झारखंड के विकास और राजनीतिक स्थिरता के लिए रणनीति तैयार करने पर केंद्रित होगी।

## नवनियुक्त प्रभारी के राजू पांच दिवसीय यात्रा पर कल आयेंगे रांची

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के0 राजू जी अपने पांच दिवसीय प्रवास में 21 फरवरी को अपराह्न 12:50 बजे राजधानी रांची पहुंचेंगे, जहां 02 बजे से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। तदुपरांत 22 फरवरी को रांची से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 11 बजे चाईबासा, सरायकेला, जमशेदपुर जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की अद्यतन स्थिति से अवगत होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि 23 फरवरी 2025 को पूर्वा 10:30 बजे बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष/चेयरमैन, उपाध्यक्ष, सदस्यों की बैठक में भाग लेंगे, इसके बाद 11:30 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे, तदुपरांत 02 बजे से कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन एवं उसके अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे फिर 07 बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे इसके उपरांत रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। 25 फरवरी को रांची जिला के लापुंग में खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रांची नगर, रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर 04 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आहूत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे एवं 6:30 बजे रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कॉलेजों में सक्रिय रेड रिबन क्लब के निर्माण से ब्लड बैंको की आपूर्ति को कर सकती है पूरी : अतुल गेरा

बिभा संवाददाता

**रांची :** मारवाड़ी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की और से आयोजित विशेष शिविर के तीसरे दिन बुधवार स्वयंसेवकों ने मधुकम तालाब अंतर्गत रक्तदान जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अतुल गेरा रहे। इन्होंने मार्गदर्शन के प्रारूप में रक्तदान कैसे स्वस्थ के लिया लाभदायक है उसका उल्लेख किया । उन्होंने बताया कि की कैसे रक्तदान से रक्त कोशिकाओं में वृद्धि होती है



और शरीर की रक्त बनाने की क्षमता बढ़ती है। इसके लिया उन्होंने एक रक्तदान शिविर का आयोजन मधुकम तालाब में सदर अस्पताल के अंतर्गत 20 फरवरी को किया जाएगा। जिसमें इच्छुक विद्यार्थी आकर कार्यक्रम में आकर थैलेसिमिया से पीड़ित बच्चों एवं जरूरतमंदों की सेवा में सहयोग दें । मुख्य अतिथि ने इन दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के संदर्भ में सभी को उत्साहित किया।। स्वयंसेवकों ने बस्ती में वृक्ष संरक्षण के बारे में बताते हुए एक रैली भी निकली व नुक्कड़ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन अनुभव चक्रवर्ती द्वारा किया गया। एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्योति किंडो द्वारा किया गया।। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक अनुराग कृष्ण, कनक साक्षी ,माधव , आयुषी पाठक ,नैना कुमारी ,रौनक , उदय , कनिष्क ,खुशी ,अमित , अजहर ,आदर्श , निशिता उपस्थित थे।

## जायका, फूड फेस्टिवल विश्वविद्यालय का एक अनूठा और सफल प्रयास: कुलपति डॉ तपन कुमार

### स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा फूड फेस्ट का आयोजन

बिभा संवाददाता

रांची : डीएसपीएमयू के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा बुधवार को जायका फूड फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति और व्यंजनों के सफल प्रदर्शन के लिए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने फूड फेस्ट का आयोजन किया। भारत के विभिन्न खाद्य और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टालों की कुल संख्या लगभग 35 थी। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे उत्साह और मनोबल के साथ भाग लिया। फूड फेस्ट की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया यह आयोजन अपने आप में अनूठा और इस प्रकार का पहला प्रयास है। इस आयोजन की एक विशिष्ट खासियत यह है कि देश के विभिन्न राज्यों के विशिष्ट खाद्य व्यंजनों को यहां के विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रदर्शित करने का प्रयास किया है। यह विद्यार्थियों के प्रबंधन कौशल को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय और वृहत स्तर पर ऐसे ही एक अन्य आयोजन की दिशा में संकल्पित है। इस संदर्भ में कुलपति ने साहित्य और संगीत के वृहत आयोजन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हर उस आयोजन को बढ़ावा देता है जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित होती है। इस आयोजन की सफलता ने विद्यार्थियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाया है, जो आगे के आयोजन में परिलक्षित होगा। इस आयोजन के क्रियान्वयन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के निदेशक डॉ जीसी बास्के, एमबीए समन्वयक डॉ शालिनी लाल, बीबीए/एमएचए समन्वयक डॉ रजनी और एसएमएस स्कूल के संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी रही। इस आयोजन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के शिक्षक और विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं. : टीआरडी–आरएनसी–24–25–11, दिनांक 19.02.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** गौतमधारा स्टेशन पर मौजूदा रेल लेवल पीएफ सं.–2 को 560 मीटर x 9 मीटर माप के हाई लेवल पीएफ तक बढ़ाने और विस्तार के लिए ओएचई का रूपांतरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 16,71,784/–, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 33,400/–, **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.03.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं।

**(PR-1155)**

# संक्षिप्त खबरें

## बोकारो में चला झामुमो का सदस्यता अभियान



**बोकारो(बिभा):** सेक्टर 4 झोपडी बोकारो इस्पात नगर में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान निवर्तमान जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सह बोकारो महानगर संयोजक मदन मोहन महतो के नेतृत्व में चलाया जा रहा है अभियान में सैकड़ो महिला नौजवान तथा मजदूरों को सदस्य बनाया गया कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मदन मोहन महतो ने कहा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गरीबों वंचितों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है जिससे सभी लोग उत्साहित होकर सदस्य बन रहें हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महावीर सोहराय सोरेन, मरांडी फूलचंद मांझी शक्ति सोरेन,राहुल कुमार,सुखी मांझी, सोनिया उंराव अजय बाउरी सुमंती देवी दशमी हांसदा काजल सोरेन नीलमणि मांझी करमचंद हेंब्रम सोनिया देवी एवं अन्य सम्मिलित हुए।

## प्रिंसिपल बेंच कैट नई दिल्ली में दायर वेज रीविजन केस अपडेट

**बोकारो(बिभा) :** बीएकेएस द्वारा दायर मुकदमें पर आज हुई सुनवाई में प्रबंधन ने आज जूनियर वकील को भेजा था। आते ही अपने सिनियर वकील की बिमारी का हवाला दिया तथा तीन माह का जवाब देने हेतु समय माँगा । जून तक का समय देने का माँग किया । यूनियन के वकील ने विरोध किया , बोला कि आलरेडी सरकार तथा मैनेजमेंट ने संसद तथा पत्र के माध्यम से जवाब दे दिया है । जज साहब ने तीन सप्ताह का समय मैनेजमेंट को तथा दो सप्ताह का समय यूनियन को दिया है अगला डेट 8 अप्रैल 2025 को दिया गया है । अपने बयान में हरिओम ने कहा कि सभी को मालुम है कि वेज रीविजन मे धांधली हुई है । इस्पात मंत्री पहले ही संसद में लिखित जवाब दे चुके है । कानुनी प्रक्रिया के कारण मामले मे विलंब हो रहा है । यूनियन के इतने दस्तावेज है कि हमलोग माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक में जीत जायेंगे ।

## बोकारो में ममता बनर्जी का पुतला दहन




**बोकारो(बिभा) :** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ जो की 144 वर्षों बाद हो रहा है सभी के लिए गौरव की बात है परंतु कुछ ऐसे विकृत मानसिकता के लोग जो कि संवैधानिक पद पर रहने के बावजूद भी महाकुंभ को मृत्यु कुंभ से परिभाषित कर रही है जो मुख्यमंत्री नहीं मुर्खमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कथित बयान विधानसभा के मंदिर में दिया हम सभी घोर निंदा करते हैं आज श्रीराम चौक,धर्मशाला मोड चास में पुतला दहन का कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है आप तमाम बोकारो वासियों से नमः निवेदन है कि इस पुतला धन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विरोध करके चट्टानी एकता का परिचय दें, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कौशल किशोर राय, विक्रम कुमार महतो, अशोक जगनानी, करमचंद गोप,शिव शंकर राय बी के सिंह, प्रदीप सिंह अभय कुमार मुन्ना, बुलेट सिंह ध्रुव,भाजपा चास नगर उत्तरी अध्यक्ष अमर स्वर्णकार, भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य अर्जुन कुमार, शंकर पाल, दीपक, ए के राय, कार्तिक, भरत कई लोग मौजूद रहे।

## बोकारो स्टील प्लांट में आश्रित प्रशिक्षुओं की नियोजन की मांग, प्रबंधन को 15 दिन का अल्टीमेटम



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो मृत कर्मचारी आश्रित संघ बैठक आज टू टैंक गार्डन में हुई साप्ताहिक बैठक कि अध्यक्षता सनी देओल एवं संचालन रमेश कुमार सिंह ने किया आज की बैठक में आश्रित प्रशिक्षु ने कहा बोकारो इस्पात प्रबंधन के वरिय अधिकारियों ने जो आश्वासन प्रबंधन को 4 सूत्री मांग पत्र दिया गया उसी के आलोक में आश्रित संघ एवं एवं प्रबंधन के वरीय अधिकारियों के साथ काफी सकारात्मक वार्ता हुई वार्ता के बाद प्रबंधन का निदेर्शानुसार कर्मचारियों के आश्रित प्रशिक्षुओं की पूरी सूची प्रबंधन के संघ के द्वारा दिया गया लगभग एक महीने का समय बीतने जा रहा है परंतु हम लोगों के साथ अभी तक नियोजन को लेकर प्रबंधन की तरफ से कोई वार्ता की पहल नहीं की जा रही है यह बताने की जरूरत नहीं है कि नियोजन के अभाव में हम आश्रित की आर्थिक स्थिति कितनी बदहाल है हम सभी आश्रित प्रशिक्षण बोकारो स्टील प्लांट से प्रशिक्षण प्राप्त है प्लांट में काम करने का पूर्ण दक्षता कार्यस्थल पर कोई भी अप्रिय घटना ना घटे सुरक्षा सर्वप्रथम को मानक मानकर कार्यस्थल पर कुशल काम करने का हम सभी आश्रितों को अच्छा अनुभव है जिससे प्लांट की दुर्घटना कम हो सकती है हम सभी आश्रित बोकारो स्टील प्लांट में अधिकतम 3 वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं हम लोग को बोकारो स्टील प्रबंधन नियोजन ना देकर हमारे साथ अन्याय कर रहा है अगर प्रबंधन आने वाले दिनों में हमारे नियोजन को लेकर कोई निर्णायक पर पहल नहीं करती है तो हमारे लिए करो या मरो वाला आंदोलन पर जाने के लिए मजबूर होंगे जिसकी जवाब देही बोकारो प्रबंधन की होगी मौके पर समसुल शिव शंकर धीरेन सतीश शत्रुघ्न रमेश सलाम उदय भागीरथ यमुना दर्जनों आशिक उपस्थित सैकड़ो की उपस्थिति थे।

# कूलिंग पौंड मैं ऐश पॉन्ड का पानी बहना एनजीटी के नियमों का उल्लंघनः सरयू राय

बिभा संवाददता




**बोकारो :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक झारखंड विधानसभा के प्रत्यय युक्त कमेटी के सभापति तथा दामोदर बचाओ आंदोलन के संरक्षक सरयू राय बुधवार को बोकारो पहुंचे श्री राय बोकारो स्टील तथा दामोदर बहेली कॉरपोरेशन द्वारा ज्वाइंट वेंचर में स्थापित बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड बीसीसीएल द्वाराऐश पॉन्ड के पानी को कॉलिंग पाउंड में बहाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कूलिंग पाउंड तथाऐश पॉन्ड का निरीक्षण किया तथा इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्राकृतिक एवं आम लोगों की जीवन के साथ बोकारो स्टील प्रबंधन तथा बीपीसीएल खिलवाड़ कर रहा है प्लांट के अवशेष तथा छाई को कूलिंग पॉन्ड में बहाया जा रहा है कॉलिंग पौंड के पानी का उपयोग आसपास के लोग नहाने एवं घरेलू उपयोग में करते हैं जिसके कारण उन्हें विभिन्न तरह के बीमारी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन प्रबंधन समस्या का समाधान करने के बजाय टाल मटोल की नीति अपना रहा है उन्होंने कहा कि बीपीसीएल के अधिकारियों ने उन्हें जो जानकारी दी है वह गलत जानकारी दी गई है अधिकारी मामले को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं अधिकारियों द्वारा कहा गया कि विस्थापित आंदोलन के कारण जुलाई माह से यश पौंड के पानी को बाहर जा रहा है जबकि सच्चाई यह है कि लंबे अरसे से इस काम को किया जा रहा है क्योंकि ऐश पॉन्ड पूरी तरह से भर चुका है एवं उसकी सफाई की व्यवस्था नहीं की गई है जबकि भारत सरकार द्वारा गठित कमेटी ने इसके लिए समय-समय पर गाइडलाइन जारी किया है जिसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वह इस मामले को आने वाले बजट सत्र में उठाएंगे तथा समाधान नहीं होने पर इस मामले को एनजीटी के सामने भी ले जाएंगे क्योंकि बोकारो स्टील प्रबंधन भारत सरकार के गाइडलाइन तथा एनजीटी के गाइडलाइन का उल्लंघन कर रहा है उन्होंने कहा कि शासन तथा प्रशासन भी इस मामले में चुप है बीपीसीएल के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि इस मामले को लेकर एसडीओ तथा बोकारो डीसी को पत्र दिया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है श्री राय ने कहा कि उन्होंने इसकी जानकारी लेने के लिए दोनों अधिकारियों से फोन पर बातचीत करने की कोशिश की लेकिन दोनों ने मोबाइल ऑन करने की आवश्यकता महसूस नहीं की उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके ऊपर भी अधिकारी है उनसे इस बात पर बातचीत करेंगे एक प्रश्न के उत्तर में श्री राय ने कहा कि झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पूरी तरह से ठप है तथा जिला पर्यावरण समिति का भी गठन नहीं किया गया है जो दुखद है बोकारो में सरकारी तथा वन विभाग का जमीन कब्जा करने के साथ-साथ नदी नाला पर कब्जा करने के संबंध में पूछे जाने पर उन्हो झारखंड में जमीन कब्जा करना आसान है सरकारी जमीन के साथ-साथ निजी संस्थाओं का भी जमीन कब्जा किया जा रहा है क्योंकि इस पर कार्रवाई करने वाला कोई नहीं है।

पत्रकार सम्मेलन से पूर्व उन्होंने बीपीसीएल के अधिकारियों से बातचीत की उन्हें जानकारी देने पहुंचे बीपीसीएल के अधिकारियों ने कहा कि जुलाई माह से पॉन्ड की सफाई नहीं हुआ है जिसके कारण पानी को कॉलिंग पौंड में बहाया जा रहा है आसपास के लोग सफाई नहीं होने दे रहे हैं तथा नियोजन की मांग कर रहे हैं इस बात की जानकारी स्थानीय प्रशासन को तथा बोकारो स्टील प्रबंधन को भी दे दी गई है।

### पाउंड की स्थिति को देखकर खफा हुए विधायक

बोकारो स्टील प्लांट केकूलिंग पाउंड की स्थिति को देखकर विधायक सरयू राय काफी नाराज हुए उन्होंने कहा कि पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है इसका उपयोग करने लायक नहीं है लेकिन मजबूरी में आसपास के लोग उपयोग कर बीमारी को आमंत्रित कर रहे हैं बोकारो स्टील प्रबंधन के साथ-साथ जिला प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए था लेकिन दोनों इस मामले में दर्शन की भूमिका में है जो दुखद है। इस अवसर पर दामोदर बचाओ आंदोलन के जिला संयोजक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ललित सिंह अभय कुमार मुन्ना आदि उपस्थित थे।

## श्री श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो स्टील सिटी के जनवृत 9 बी स्ट्रीट 14 एवं 15 स्थित कॉलोनी में श्री श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम के प्रथम दिन भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। इस कलश शोभा यात्रा में मोहल्ले के 251 महिलाओं व कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। इसके पूर्व महिलाओं व बालिकाओं ने पीला वस्त्र धारण कर आम पल्लव युक्त कलश लेकर गाजेबाजे के साथ हर हर महादेव, जय शिव शंभू का जयकारा लगाते हुए सेक्टर 9 बी कॉलोनी बी रोड होते हुए नवनाथ मंदिर पहुंची। जहां विधिवत रूप से देवी देवताओं का आह्वान कर आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय व पांच पुरोहितों द्वारा संकल्प पाठ, पूजन व गंगा आरती के साथ संपन्न कराया। उसके बाद नवनाथ मंदिर से कलश में जल भरकर कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर जल भरा कलश रखकर गाजे बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किया। वहीं कलश शोभा यात्रा में आसपास के इलाके से सैकड़ों लोग शामिल हुए। यह कलश शोभा यात्रा सेक्टर 9 डी कॉलोनी अवस्थित शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होकर 9ए रोड ,फूल दुकान मोड़, बी रोड मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मंदिर परिसर स्ट्रीट 14/15 पहुंची। इसके साथ ही शिव मंदिर में कलश स्थापना के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हुआ। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के जयकारो से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि बुधवार को मंडप पूजन व नगर भ्रमण कर शिव मंदिर में महादेव के शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा व हवन की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए नर्मदेश्वर महादेव की शिवलिंग काशी वाराणसी से मंगाई गई है। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य सुनील कुमार पाण्डेय एवं पुरोहितों द्वारा वैदिक उच्चारण के साथ कराया जाएगा ।शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा पर सेक्टर 9 बी स्ट्रीट 14/15 कॉलोनी हनुमान मंदिर मे बुधवार से पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्तों द्वारा हर हर महादेव, भगवान भोले शंकर, हरे रामा हरे कृष्णा के धून से पूरा वातावरण गूंजायमान हो रहा है। शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। धार्मिक अनुष्ठान को लेकर आसपास का इलाका सहित चारों ओर भक्ति की धारा बह रही है।पूजा समिति के सदस्यों में रवि शंकर अध्यक्ष श्री बजरंग सेवा परिषद व यजमान आशीष कुमार व सुमन देवी,योगेंद्र कुमार ,एन के सिंह,बी पी सिंह, एस एन सिंह, एच के सिंह , डी पी चौधरी,गौरांग,विक्की सिंह,राम कुमार,संजय,मिथलेश, सुनील महतो,सत्यम,कुलदीप कुमार महतो,राम नरेश प्रसाद,जयंत दत्ता,विजय, हरिराम कुमार,शिव कुमार,विकाश राजहंस,समेत सैकड़ों की संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## स्नेह की डोर से मजबूत होता समरसता का बंधन : डॉ0 साध्वी झा

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** संकल्प सृजन अनेक आयाम व प्रकल्प रूपी स्तंभ के साथ समाज में सेतु स्वरूप सेवारत है। एक ऐसा सेतु जो दो विमुख किनारों को जोडता है। अभिवंचित एवं संभ्रांत के बीच की गहराई या दूरी को पाट कर एक के सहयोग से दूजे के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रमुख आयाम शिशु सृजन वाटिका के माध्यम से अभिवंचित समाज के बच्चें, सभ्रांत वर्ग के स्नेह से सींचे जाते हैं, जहाँ उन्हें सींचकर, तराशकर कल के समाज के लिए एक कुशल नागरिक व सेवित से सेवक की ओर उन्मुख करना ही लक्ष्य है। स्नेह मिलन के जरिए स्नेह की डोर से समरसता का बंधन मजबूत होता है। उक्त बातें संकल्प सृजन की संस्थापिका सह महासचिव डॉ० साध्वी झा ने बी एस एल झोपडी कलोनी स्थित शिशु सृजन वाटिका के स्नेह मिलन कार्यक्रम में कहे। शिशु सृजन वाटिका प्रकोष्ठ की सह सचिव सुभद्रा देवी ने बताया कि केंद्र संरक्षकों द्वारा विभिन्न अवसरों पर स्नेह- मिलन आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में डॉ० बी.बी.पी कश्यप (सेवानिवृत्त बी जी एच) संरक्षक संकल्प सृजन ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर अपने गोद लिए केंद्र पर स्नेह मिलन के तहत उपस्थित हुए। पुष्पार्चन से श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बच्चों द्वारा सुभाषितानि, गीताश्लोक, चौपाई, दोहा के साथ ही प्रश्नोत्तर वाचन एवं प्रेरक देश गीत गाए गए।

डॉ० कश्यप ने बच्चों के बीच फल, मिठाई, बिस्किट, समोसा एवं पठन पाठन सामग्री भेंट किए। इस अवसर पर वरीय संयोजिका सत्यभामा देवी, निर्मला, ललिता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संचालिका नीतू व धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव, शिशु सृजन वाटिका प्रकोष्ठ सुभद्रा देवी ने किया।

## स्व उमेश कुमार महतो की पुण्यतिथि पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, 400 बालक-बालिकाओं ने लिया भाग

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** चास प्रखंड के बिजुलिया पंचायत अंतर्गत सिंहडीह में समाज सेवी सह शिक्षक स्व उमेश कुमार महतो का प्रथम पुन्यतिथि तिथि व खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने समाजसेवी सह युवा मोटीवेशन स्पीकर उमेश कुमार महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया । उनहोंने कहा कि स्व महतो शिक्षा के साथ खेल प्रेमी एंव समाजिक कार्यक्रम मे अग्रणी भुमिका निभाने वाले में एक थे। आज उनके की हमेशा कमी महशुस होगी।ये युवा के प्रेरणा स्त्रोत थे। भले ही आज हम सबो के बीच नहीं है, लेकिन स्व उमेश एक एक दिल में बसे है। ।आयोजक समिति अध्यक्ष शंकर प्रसाद महतो ने स्व महतो का जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दिया।? कहा ये उच्च विद्यालय दुंदीगाडा. रांची शिक्षक पद कार्यरत थे। 38 बर्ष मे ही हमसबो छोड़कर चले गयें।18 फरवरी 24 को गांव सिंहडीह आये थे।हर बर्ष की भांति खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराने के बाद 19 फरवरी को विधालय रांची जाने के लिए बोकारो रेलवे स्टेशन सुबह पहुंचे तथा सिढी चढकर रांची गाड़ी पकड़ने वाले ही थे कि सीढ़ी मे ही हार्टअटैक हुआ ओर सीढ़ी पर गिर पढ़े।ओर निधन हो गया। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट में राज्य भर के खिलाडियों ने भाग लिया ।पुरूष वर्ग 1600 मीटर दौड़ में जीवन कुमार प्रथम , प्रदीप कुमार द्वितीय और अर्जुन टुडू तृतीय स्थान पर रहे । इसी प्रकार महिला वर्ग में हीरासांगा प्रथम, पुष्पा कुमारी द्वितीय और डोली कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं । इसी तरह महिला वर्ग 400 मीटर खदौड़ में आशा कुमारी, पूर्णिमा और डोली कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं । प्रथम ,दसरी व तिसरा को नकद राशि देकर पुरस्कार दिया गया।इसके अलावा ऊंची कूद, लम्बी कूद समेत कई प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । सफल सभी प्रतिभागियों पुरस्कार से सम्मानित किया गया । प्रतियोगिता में बोकारो धनबाद, पुरुलिया,बलियापुर, चंदनकियारी,नवाडीह,भोजुडीहके 400 बालक बालिका ओ ने भाग लिया है।।मौके पर समाजसेवी सह चंदनकियारी विधानसभा पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार,,भाजपा बिजुलिया मंडल अध्यक्ष बबलु चौबै,श्यामा पैतंडी, मुकेश बाउरी, झामुमो नेता अशौक दशौंधी, ।बादल पाल,महानंद महतो,बहादुर महतो, पार्वती महतो, अनिता कुमारी महतो,शंकर महतो, डा कान्हाई महतो, डा० अजय महतो,मानु देवी,वनअरूण कुमार महतो, सृष्टिधर महतो,बिजय मोहली, अभय महतो,सुरेश महतो, अरुण महतो,निमाई महतो, अजय कुमार, निर्मल महतो,गोतम महतो, जेपी महतो, गोरा चांद महतो, समेत अन्य मौजूद थे ।

## पैसा नही लोटाने पर गेट पास रोकने के खिलाफ 22 को कोक ओवेन से आन्दोलन की शुरूआत : बीके चौधरी

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** आये दिन कोक ओवेन सहित अन्य बिभागों मे ठेकेदार मजदूरों द्वारा अपने खून पसीना से उत्पादन मे कीर्तिमान स्थापित करने बाले मजदूर अपने बेतन मे से पैसा लौटाना बन्द कर रहा है तो ठेकेदार इन्जीनियर इन्चार्य गठजोड मिलकर उनका गेट पास रोक देने का शिलशिला आये दिन बढ़ते जा रहा है तथा अन्य समस्याओं को लेकर आज जय झारखंड मजदूर समाज कार्यालय सेक्टर-9 मे कार्यकारिणी की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के अध्यक्षता मे हूई। बैठक मे उपस्थित सभी नेता और कार्कताओं ने इस्पातकर्मी और ठेकाकमीर्यों के आर्थिक और मानसिक शोषण के लिये एन जे सी एस नेताओं को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि एन जे सी एस युनियन दिल्ली मे मजदूर बिरोधी समझोता करता है और बोकारो मे घड़ियालू आंसू बहाते हुए कहता कुछ और है जिसे मजदूरों को समझने की जरूरत है क्योंकि सीधे सादे मजदूर उनके कूटनिति को नही समझ पा रहा था जिसे अब समझने लगा है जो मजदूरों के लिए अच्छा संकेत है ।महामंत्री बि के चौधरी ने सभी के सुझाव पर अपने सम्बोधन मे कहा कि सेल चेयरमैन अमरेंन्दु प्रकाश और बोकारो के डायरेक्टर इन्चार्य जिस तरह पहले ठेकाकमीर्यों के मर्म और बेदना को समझते और मामले को संज्ञान मे लिया करते थे उसमे काफी गिरावट आई है जिसके कारण एक आध मुख्य महाप्रबंधक को छोड़कर सभी ठेकेदार इन्जीनियर इन्चार्य गठजोड के भक्त होते जा रहा है । महामंत्री ने कहा कि अगर 39 महिना का एरियर, युनियन चूनाव, इन्सेंटिव रिवार्ड स्कीम मे सुधार, ग्रेच्युटी से सिलिंग हटाने ,एस-6 से से बिना किसी बाध्यता का अधिशासी ,उम्र सीमा घटाते हुए अप्रेंन्टीस कर चूके बिस्थापित और मृत कर्मचारी के आश्रित को नियोजन, पैसा नही लोटाने पर और मेडिकल जांच के नम पर काम से निकालने ,ठेकेदार बदले लेकिन नया मजदूर के नाम पर गेटपास फोर्वाडिंग नही,ए डब्लू ए राशि पर भी पी एफ काटने ,इस्पाकमीर्यों के तरह ठेकाकमीर्यों को प्लांट मे तबीयत खराब के कारण हुऐ मृत्युउपरान्त उनके आश्रित को नियोजन इत्यादि 22 सूत्री मांगो पर पहल नही किया गया तो आर पार का आन्दोलन किया जायगा । उसके पहले22 फरबरी को कोक ओवेन बैटीं नम्बर-3 के सामने दोपहर 1,00 बजे चेताबनी प्रदर्शन किया जायगा ।बैठक मे संयुक्त महामंत्री शंकर कुमार, एस के सिंह, सी के एस मण्डा,आर बी चौधरी,रौशन कुमार, रमा रवानी,आर आर सोरेन, आशिक अन्सारी,बादल कोयरी,शशिभूषण, सुरेश प्रसाद, राजू लहरी,हरेंद्र पासवान, सुभाष चंद्र दलई, एस के प्रसाद इत्यादि ने अपने अपने बिचार दिये ।

## ह्यूमन ट्रैफिकिंग के खिलाफ सुरक्षित प्रवासन को बढ़ावा को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

बिभा संवाददाता




**बोकारो :** ट्रैफिकिंग के खिलाफ तत्काल एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता पर जोर देते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन ऋभु ने नई दिल्ली में आयोजित संगोष्ठी में कहा, मानव दुव्यार्पार भारी मुनाफे वाला एक संगठित अपराध है, जो विशेष रूप से बच्चों और मजबूर युवाओं के शोषण के सहारे फल-फूल रहा है। इससे निपटने के लिए हमें बहु-आयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है जिसमें ट्रैफिकिंग के आर्थिक ढांचे को नेस्तनाबूद करना, संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई से उनकी कमर तोड़ना और ट्रैफिकिंग गिरोहों के बारे में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए वैश्विक रजिस्टर रखना और इसके माध्यम से स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुफिया समन्वय को मजबूत करने जैसे कदमों की जरूरत है।

हाल ही में बेड़ियों में डाल कर भारत भेजे गए और इसी हालात में फंसे अन्य लोगों में पसरे डर पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि यह भयावह वास्तविकता इस संगठित अपराध के खिलाफ वैश्विक प्रतिक्रिया की तात्कालिक आवश्यकता को दशार्ती है। उन्होंने कहा, मैं भारत, अमेरिका और अन्य सरकारों से अपील करता हूं कि वे इन ट्रैफिकिंग गिरोहों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर कठोर कार्रवाई शुरू करें। ट्रैफिकिंग के इस नेटवर्क को खत्म करने के लिए भारत, अमेरिका और उन सभी देशों के बीच जहां से ये गिरोह पीड़ितों को लेकर जाते हैं, के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक है। हमें पीड़ितों से मिली जानकारी का विश्लेषण करना होगा, वित्तीय लेन-देन का पता लगाना होगा और इस अपराध को बढ़ावा देने वाले गिरोहों को ध्वस्त करना होगा, ताकि शोषण के इस दुष्चक्र को तोड़ा जा सके। ऋभु ने इस सत्य को रेखांकित किया कि प्रवासन मानव स्वभाव की बुनियादी प्रवृत्ति है जो विकास, अवसरों और प्रगति की तलाश से जुड़ी है। हालांकि, जब इसमें शोषण, जबरन नियंत्रण और धोखाधड़ी जुड़ जाती है, तो प्रवासन मानव दुव्यार्पार में बदल जाता है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के पूर्व अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा, जागरूकता एक महत्वपूर्ण पहलू है, जिस पर ध्यान देना जरूरी है। सबसे पहले पीड़ितों को यह समझना होगा कि उनका शोषण हो रहा है और उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना होगा। अक्सर वे अपने साथ हो रही नाइंसाफियों से अनजान रहते हैं। जागरूकता को देश के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना होगा, ताकि सबसे कमजोर तबकों की आवाज सुनी जा सके, उन्हें सुरक्षा मिले और उनका सशक्तीकरण हो सके।

सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि ट्रैफिकिंग इन पर्सन 2024 रिपोर्ट के अनुसार बंधुआ मजदूरी कराने के मकसद से ह्यूमन ट्रैफिकिंग में इजाफा हो रहा है लेकिन इन मामलों में दोषसिद्धि नगण्य है। दक्षिण एशिया क्षेत्र में सुरक्षित प्रवासन सुनिश्चित करने के लिए संगोष्ठी में कुछ सिफारिशें भी पेश की गईं। इनमें सरकारों, नागरिक समाज संगठनों और प्रवासन-संबंधी अंतरराष्ट्रीय निकायों के बीच मजबूत समन्वय और साझेदारी को बढ़ावा, शिक्षा और जागरूकता के उपायों जैसे कि सामुदायिक निगरानी प्रणाली, इन मुद्दों को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करना, और जोखिम में रह रहे प्रवासियों के क्षमता निर्माण के अलावा प्रौद्योगिकी का उपयोग, जिसमें डिजिटल उपकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल पहचान प्रणाली शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### इटखोरी जाने के क्रम मे मंत्री का स्वागत



**हजारीबाग(बिभा):** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास- तकनीकी शिक्षा पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद और युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का सड़क मार्ग से इटखोरी जाने के क्रम में हजारीबाग परिसदन भवन में झामुमो नेताओं व कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू इटखोरी महोत्सव के उदघाटन समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रांची से इटखोरी जाने के दौरान हजारीबाग में रूके। हजारीबाग पहुंचते ही सर्वप्रथम शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिजनों से जुलू पार्क स्थित आवास पर जाकर मिले और शोक संवेदना व्यक्त किया और शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। हजारीबाग परिसदन में कार्यकताओं से रूबरू हुए और झामुमो संगठन को लेकर गहन विचार विमर्श किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों से मिलकर नगर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी ली।

### नगर विकास मंत्री का हुआ जोरदार स्वागत



**हजारीबाग(बिभा):** झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार आज को कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी के जुलु पार्क हजारीबाग स्थित आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मुलाकात कर शहीद के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की ! झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है और सरकारी प्रवधान के तहत उनके परिजनों को सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएगी ! उन्होंने कहा कि हजारीबाग के पगोडा चौक का नामकरण कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी से किया जायेगा ! माननीय मंत्री ने सम्बन्धित पदाधिकारी को निर्देश दिया की पगोडा चौक का नाम कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी होगा और वहाँ शहीद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी ! प्रतिमा का स्वरुप टोपी और राइफल लिए हुए सैनिक का होगा ! उन्होंने कहा कि शहीद के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने के तहत कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी की बहन को नौकरी देने की बात को झारखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी के पास ले जायेंगे ! शहीद के परिवार के साथ झारखण्ड सरकार हमेशा खड़ी है ! शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बख्शी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में मुख्य रूप झामुमो के कमल नयन सिंह, विकास राणा, प्रणव कुमार वर्मा, दिलीप वर्मा, आनन्द सिंह, अजय कुमार, आफताब आलम, विवेक कुमार राणा, गुड्डू आदि शामिल थे !

### मंत्री ने शहीद कैप्टन के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की



**हजारीबाग(बिभा):** सुदिव्य कुमार मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आई.ई.डी. ब्लास्ट में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी के हजारीबाग के जुलू पार्क स्थिति आवास पर आगमन हुआ। वहाँ उन्होने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिजनो से मुलाकात की।हजारीबाग के वीर शहीद सपूत को सम्मान देते हुए मेन रोड स्थित पैगोडा चौक का नाम बदलकर शहीद करमजीत चौक के नाम से रखने का प्रस्ताव दिया गया जिस पर नियमसंगत करवाई क्रेन का आश्वासन दिया गया ।साथ ही हॉली क्रॉस रोड मार्ग का नाम भी बदलकर शहीद करमजीत मार्ग रखने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त शहीद के आश्रित को नगर निगम के एक दुकान उपलब्ध कराने हेतु नगर आयुक्त की निदेशित किया गया। मंत्री द्वारा शहीद के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली सभी लाभ एवं सुविधाओं को यथाशीघ्र प्रदान करने का भी आश्वासन दिया गया। स्थल पर नगर आयुक्त योगेन्द्र प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त अनिल पाण्डेय, बिपिन कुमार, नगर प्रबंधक एवं अन्य प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित थे।

### मिलावटी, एक्सपायरी अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री बेचने पर होगी कार्रवाई

**अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने खाद्य कारोबारियों के लिए जारी की एडवाइजरी**

**हजारीबाग(बिभा):** अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने सूचना जारी कर बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारी यथा मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट/ढ़ाबा/होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/मुर्गा/मछली विक्रेता एवं फास्ट फूड विक्रेता आदि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए अवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। सभी दुकानदार अपने-अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में अधिकृत प्रमाण-पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दशार्ना सुनिश्चित करेंगे। तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे-समोसे, पकौडे, जलेबी, कचरी, बरा, ढुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्त मना है। सभी होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालको द्वारा उनके यहाँ कार्यरत कर्मियों का नियमानुकुल वार्षिक स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र रखना आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्त्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर, जप्त एवं नष्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। सभी स्ट्रीट फूड वेंडर (मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई स्ट्रीट वेंडर सहित) बिक्री किए जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढ़क कर रखेंगे एवं फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेकर ही कारोबार करेंगे ।सड़क/नाला किनारे एवं खुले में मुर्गा, माँस एवं मछली दुकानों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

# सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास लाया रंग, चुटुपालू घाटी हुआ रौशन

## कई ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क का हो रहा है विस्तार, कई कार्य हैं प्रस्तावित, जल्द बदलेगा सड़क का स्वरूप

बिभा संवाददाता



**हजारीबागः** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट जो खून की प्यासी बनकर मौत का घाटी के रूप में लोगों के जेहन में बसने लगा और इन स्पॉट पर कमोवेश हर दिन सड़क दुर्घटना होने की वजह से कई लोगों ने अपनी जान गंवाई तो कई परिवार बर्बाद हो गए। इस गंभीर मामले को तत्परता से जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं अन्य उच्चस्तरीय अधिकारियों से मिलकर उनके समक्ष विस्तारपूर्वक रखा और लिखित आवेदन सौंपते हुए उनसे इन सभी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुधार करते हुए कार्य करने का आग्रह किया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचोबीच अधिष्ठापित सैकड़ों स्ट्रीट लाइट्स खराब होने के कारण यह क्षेत्र के अंधेरे में डूबा रहता था इस मामले को भी सांसद मनीष जायसवाल ने गंभीरता से रामगढ़ जिले के दिशा की बैठक में उठाए और संबंधित दोषी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। सांसद मनीष जायसवाल की सक्रियता और तत्परता का जी नतीजा है कि कल तक अंधेरे में डूबा रहने वाला चुटुपालू घाटी एक बार फिर दूधिया रौशनी से पट गया है। सभी करीब 350 खराब स्ट्रीट लाइट्स को सुदृढ़ कर सुचारु कर दिया गया है। चुटुपालू घाटी के मुख्य एक्सीडेंटल जॉन में ट्रांसवर्स बार मार्किंग, रोड़ मार्किंग, सोलर स्टड्स लगाने का का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां करीब 160 साइन बोर्ड, 02 पीटीजेड कैमरे, मेटल बीम क्रैश बैरियर, बम्बू क्रैश बैरियर लगाने की भी योजना है साथ ही अन्य प्रकार के कई सेफ्टी अरेंजमेंट्स किए जा रहें हैं। ऐसे ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही स्थित यूपी मोड़ पर भी सड़क विस्तारीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है ।सांसद मनीष जायसवाल के पहला और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्च अधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। निश्चित रूप से इस कार्य से इन ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यहां से गुजरने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर हो रहें कार्य के बाबत बताया कि विभाग और सरकार ने जनहित के इस गंभीर मामले को बेहद ही गंभीरता से लिया और तत्काल पहल शुरू किया जो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से संबंधित हर छोटी- बड़ी समस्याओं के निदान हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा ।

### छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

# कम संसाधनों के बावजूद विद्यालय का संचालन सराहनीय : प्रदीप प्रसाद

बिभा संवाददाता




**हजारीबागः** दारू प्रखंड के बड़वार में छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और आदर्श नेतृत्वकर्ता भी थे। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ बढ़ना चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद जी ने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा की कम संसाधनों के बावजूद विद्यालय का संचालन जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है, वह सराहनीय है। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और प्रबंधन समिति बधाई के पात्र हैं, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य,गीत और नाटक की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बच्चों की यह ऊर्जा, आत्मविश्वास और समर्पण ही उन्हें आगे चलकर जीवन में सफल बनाएगा। उनकी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन होगा।

विद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने आश्वासन दिया कि विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और देश की प्रगति की नींव है। संसाधनों की कोई कमी विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा नहीं बनने दी जाएगी। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति ने विधायक प्रदीप प्रसाद का विद्यालय में आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, भाजपा नेता सुरेश प्रसाद, महामंत्री संजय कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बंसत राणा, विक्की कुमार, संतोष राणा, मनोज प्रसाद ,अनिल कुशवाहा, छकौडी महतो, नवल किशोर, भरत प्रसाद अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### योजनाओं की समीक्षा को लेकर उप विकास आयुक्त ने किया टाटीझरिया एवं दारू प्रखंड का भ्रमण

बिभा संवाददाता



**हजारीबागः** हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों में चल रही विकासात्मक कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से आज उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद ने आज 19 फरवरी को टाटीझरिया व दारू प्रखंड का भ्रमण किया। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सभी विभागो के प्रखण्ड कर्मी के साथ प्रखण्ड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे मुख्यतः निम्न मुद्दों पर उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया। उन्होंने पंचायत भवन को सुदृढ़ करने हेतु पंचायत में कर्मियो का रोस्टर तैयार कर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। पंचायत भवन में प्रज्ञा केन्द्र संचालक सहित सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों का नाम, मोबाइल नंबर लिखने को कहा।जिन पंचायतों में मिनी आंगनबाड़ी का प्रस्ताव है वहाँ ग्राम सभा के माध्यम से सेविका का चयन कर, जिला को प्रतिवेदित करने की बात कही। डीडीसी ने कुडा कचरा प्रबंधन हेतु जिला से कुछ पंचायतों को कूड़ा पृथिकरण शेड,ट्राई साइकल प्राप्त है,उन्हे जेएसएलपीएस के महिला ग्रुप द्वारा संचालित करने का निदेश दिया गया। पंचायतों को प्रति पंचायत कम से कम 10 सोख्ता गढ्ढा,एक भस्मक 15वें वित आयोग से निर्माण करने का निदेश दिया। उन्होंने अपूर्ण आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा अबुआ अवास मे ग्रामीणों द्वारा खुद से रजिस्ट्रेशन करने हेतु जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को एनएमएमएस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने, ए.बी.पी.एस 100% करना,आम बागवानी एंव दीदी बाड़ी योजना हेतु जेएसएलपीएस से आवाश्यक सहयोग लेने हेतु निदेशित किया।

प्रखंड में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लाइफ सेविंग ड्रग की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु तथा बिजली एवं फ्रीज की व्यवस्था हेतु उचित कारवाई हेतु निदेशित किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डाहरबंदा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तर्ज पर विकसित करने का निर्देश दिया साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस संबंध सभी आवश्यकताओं का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अन्य सभी विभागों को भी ससमय कार्यों को निष्पादित करने हेतु निदेशित किया गया।

### पुलिस ने 12 एकड़ भूमि पर लगे पोस्ता की फसल को किया नष्ट



बिभा संवाददाता

**हजारीबागः** हजारीबाग जिला के चौपारण थाना अंतर्गत थाना प्रभारी चौपारण एवं चौपारण थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं वन विभाग की टीम के साथ मिलकर ग्राम डोडिया के जंगलों में करीब 12 एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध रूप से अफीम पोस्ट की खेती को नष्ट किया गया। पुलिस की लगातार कर नशे के विरुद्ध रोकथाम के प्रयास किए जा रहे है ।पुलिस प्रशासन ने बताया कि इस कार्यों में लिप्त लोगों को चिन्हित कर प्राथमिक की दर्ज की जा रही ।

### रक्तदान के साथ एनएसएस का विशेष सात दिवसीय शिविर संपन्न

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग :** मंगलवार को अन्नदा महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मसरातु पंचायत स्थित कृष्णानगर गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन वि भा वि एन एस एस समन्वयक डॉ जॉनी रूफीना तिर्की , कॉलेज के प्राचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन एवं पंचायत मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया शिविर का शुभारंभ फहीम अहमद और रितिक कुमार द्वारा रक्तदान करके कियागया तत्पश्चात विश्वजीत मिश्रा, श्वेता कुमारी, सूरज कुमार यादव ,शुभम कुमार, प्रिया ठाकुर ,अंकित कुमार विश्वकर्मा, आर्यन कुमार सिंह, कृष कश्यप ,सूरज कुमार ,अंशु कुमार ,मोहम्मद नसरुलहादी आदि 14 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया रक्तदान के पश्चात डॉ जॉनी रूफीना तिर्की ,डॉ नीलमणि मुखर्जी ने स्वयंसेवको संबोधन किया ।वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने स्वयंसेवको को रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी , ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उपाय बताएं,रक्तदाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को को सर्टिफिकेट सम्मानित किया कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार यादव द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया स्वयंसेवक श्वेता कुमारी द्वारा 7 दिनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई शिविर को सफल बनाने में प्रत्युष अंकित अमित प्रियांशु हिमांशु तान्या साक्षी लक्ष्मी श्रेया शुभम राहुल एकता पल्लवी खुशी मिलन दिव्या श्वेता आलोक मुस्कान निशा प्रिया निधि आयुष नेहा रक्षा प्रीति विश्वजीत रितिक फाइन अंगद लोकेश कृष नेहा लक्ष्मी निवेदिता तनिष्का आबूलेश अंशु आर्यन आदि स्वयंसेवक तथा मेडिकल कॉलेज के अजीत गोपाल का विशेष सहयोग रहा।

# प्लास्टिक सर्जरी से जटिल ऑपरेशन सफल, आरोग्यम अस्पताल में कम खर्च में मरीज को मिली नई जिंदगी

बिभा संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले के सिरका निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार यादव का एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पैर क्षतिग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के बाद उनकी हालत नाजुक हो गई थी, और डॉक्टरों ने ऑपरेशन को अत्यंत जटिल करार दिया था। परिवार के सामने एक बड़ी चुनौती थी बेहतर इलाज कहां और कैसे कराया जाए। ऐसे में परिजनों ने उन्हें आरोग्यम अस्पताल,डिस्टिक मोड़ चौक में भर्ती कराया, जहां झारखंड के जाने-माने प्लास्टिक सर्जन डॉ. विक्रांत ने उनकी स्थिति को समझते हुए तत्काल सर्जरी का निर्णय लिया। इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिससे मरीज का पैर बच गया और वे अब स्वस्थ हो रहे हैं।

#### कम खर्च में उच्च गुणवत्ता का इलाज

आमतौर पर इस प्रकार के प्लास्टिक सर्जरी ऑपरेशन में अत्यधिक खर्च आता है, लेकिन आरोग्यम अस्पताल में यह इलाज बेहद किफायती दरों पर किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएं, जिससे किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को सही इलाज से वंचित न रहना पड़े।

#### परिवार ने जताया आभार

सफल ऑपरेशन के बाद मुकेश कुमार यादव के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर विक्रांत का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं हैं, बल्कि यहां मरीजों को विशेष देखभाल और सहयोग भी मिलता है, जिससे वे मानसिक रूप से भी मजबूत रहते हैं।

#### आरोग्यम अस्पताल भरोसे का केंद्र

आरोग्यम अस्पताल, में नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है, जो मरीजों को बेहतरीन उपचार देने के लिए तत्पर रहती है। यह अस्पताल जटिल से जटिल मामलों में भी सफलता प्राप्त कर चुका है और कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जाना जाता है।आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हमारा लक्ष्य हमेशा यह रहा है कि मरीजों को आधुनिक और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएं। मुकेश कुमार यादव के इलाज में हमारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम किया। हमें खुशी है कि उनका ऑपरेशन सफल रहा और वे अब स्वस्थ हो रहे हैं।आरोग्यम अस्पताल भविष्य में भी इसी तरह मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता रहेगा।

### श्रम अधीक्षक ने बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जांच अभियान चलाया



बिभा संवाददाता

**हजारीबागः** श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन के नेतृत्व में आज 19 फरवरी को बाल श्रम उन्मूलन को लेकर हजारीबाग शहर के दर्जनों होटल रेस्तराँ एवम् विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुफ़्फासिल थाना क्षेत्र के लालपुर चौक के सुरेन्द्र होटल से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। इस बाल श्रमिक की उम्र 10 वर्ष है।

श्रम अधीक्षक ने बताया कि अल्पव्यस्क बाल श्रमिक(प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से काम लेना कानूनी अपराध हैं। अगर कोई नियोजक 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से काम लेते हैं तो उनको 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या 20000 रुपए से लेकर 50000 रुपया तक जुमार्ना या दोनो हो सकता है। बाल श्रम से विमुक्त कराए गए के बालक के नियोजक के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही हैं साथ ही बालक के विद्यालय में नामांकन एवं उनके परिवार के पुनर्वास की कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान में श्रम अधीक्षक के साथ ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद ,चाईल्ड हेल्पलाइन से सागर कुमार राणा उपस्थित थे।

# प्रगति यात्रा के सहारे चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

उमेश चतुर्वेदी

**जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है।**

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस लिया है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है।



जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। एनडीए अगर बिहार की सत्ता से अतीत में कभी दूर हुआ भी है तो उसकी वजह खुद नीतीश का उसका साथ छोड़ना रहा है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है।

एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान नीतीश ने राज्य के तमाम जिलों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सुनवाई की जगह पर ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवर ब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए।

प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20, 000 करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 121 योजनाओं को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल चुकी है और उन्हें जमीनी हकीकत बनाने को लेकर तेजी से काम शुरू हो चुका है। इनमें से कई योजनाएं ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने, उनका पुनर्निर्माण करने और उनकी हालत पहले की तुलना में और बेहतर बनाने को लेकर हैं। इस दौरान समस्तीपुर और मधेपुरा जिलों में महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। साथ ही, सीवान, छपरा, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर जिलों में सड़क चौड़ीकरण, बाईपास और पुल निर्माण कार्यों के लिए भी भारी धनराशि स्वीकृत की गई है। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। बहुत सारी सड़कें तैयार भी हो चुकी हैं। जिनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है।

नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा। वैसे प्रशांत किशोर जैसे उनके पुराने साथी विपक्षी खेमे की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनावों की घोषणा होने तक नीतीश और बीजेपी इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर प्रचारित और विस्तारित करते रहेंगे। यह सच है कि जातिवाद से ग्रस्त बिहार की राजनीति पर विकास की राजनीति भारी पड़ती रही है। शायद यही वजह है कि नीतीश सरकार विकास पर जोर दे रही है और इसे ही अपना सियासी हथियार बनाने की तैयारी में है।

## संपादकीय

### बेवजह के विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 की वैधता से संबंधित मामले में नयी याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा नये अंतरिम आवेदन को केवल तभी अनुमति दी जा सकती है, जब कोई नया बिन्दु या नया कानूनी मुद्दा हो, जो लंबित याचिकाओं में न उठाया गया हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लोग नई याचिकाएं दायर करते रहते हैं और दावा करते हैं, उन्होंने नये आधार उठाए हैं। पीठ ने स्पष्ट कहा कि पहले तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनी गई लंबित याचिकाओं पर दो न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने दिसम्बर 2024 के अपने आदेश में विभिन्न हिन्दू पक्षों द्वारा दायर लगभग अट्ठारह मुकदमों में कार्यवाही को प्रभावी तौर पर रोक दिया था, जिसमें वाराणसी की ज्ञानवापी, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद व संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दस मस्जिदों के मूल धार्मिक चरित्र का पता लगाने को सर्वेक्षण की माग की गई थी। 1991 में अयोध्या में विवादित बाबरी विध्वंस के बाद देश में पूजास्थल कानून लागू किया गया था, जिसके तहत आजादी से पूर्व मौजूद किसी भी धर्म के पूजास्थल को दूसरे धर्म के पूजास्थल में नहीं बदला जा सकता। जिन लोगों ने 1991 के इस अधिनियम की वैधानिकता को चुनौती दी, उनका आरोप है यह अधिनियम हिन्दुओं के साथ ही जैनियों, बौद्धों, सिखों को अपने पूजास्थलों को पुनः प्राप्त के लिए अदालतों में जाने से रोकता है। जिन पर कट्टरपंथी बर्बर आक्रमणकारियों द्वारा आक्रमण या अतिक्रमण किया गया था। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक जनहित याचिकाओं का अंबार है। इस पर जबरन विवाद उछालने, चर्चा में आने या राजनीतिक दलों द्वारा बहुसंख्यकों को प्रभावित करने के उद्देश्य से लगातार इन विवादास्पद धार्मिक स्थलों के खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं। इन पर आक्रामक बयानबाजियां की जाती हैं और उन्मादी धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास होता रहता है। जनहित याचिकाओं की आड़ में न्यायालय का वक्त जाया करने और भारी धनराशि का अपव्यय करने वाली मानसिकता पर सख्ती जरूरी है। सांप्रदायिक सौहार्द व सद्भावना बनाये रखने के लिहाज से अदालतें संतुलित निर्णय लेने को स्वतंत्र हैं। अदालतों द्वारा ही धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने व विवादों को बिला-वजह तूल देने की प्रवृत्ति को थामा जा सकता है। ताकि देश में शांति रहे व विश्व पटल पर छवि धवल बनी रह सके।

## चिंतन-मनन

### इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुन? धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है। त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हैं तब पाप बढ़ता दिखता है। द्वापर युग में देवर अपनी भाभी को बीच सभा में नग्न करने की कोशिश करता है जिसका उदाहरण द्रौपदी चीर हरण की घटना है। राजा अपनी शक्ति के मद में अबला स्त्री को हवस का शिकार बनाना चाहता है। इसका उदाहरण जयद्रथ द्वारा द्रौपदी हरण और दुर्योधन द्वारा भीलों की कन्या का हरण करने की घटना है। भाई अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पूरे परिवार को युद्ध की आग में झोंक देता है इसका उदाहरण महाभारत युद्ध है। लेकिन कलियुग में आये दिन भाई-भाई, बाप-बेटे में स्वार्थ की पूर्ति के लिए लड़ाई होती है। लोगों की काम-वासना इतनी बढ़ गयी है कि आये दिन स्त्रियों का हरण होता है और उन्हें अपमानित किया जाता है। पाप आचरण से भरा हुआ कलियुग अगर अधिक दिनों का होगा तो सृष्टि में हाहाकार मच जाएगा। यही कारण है कि भगवान ने कलियुग को सबसे कम उम्र दिया।

# सामाजिक ताना-बाना बिखेर रहे नंगापन और रील्स के परिवेश


डॉ. सत्यवान सौरभ



पूरा देश नग्नता के लिए फिल्मों को दोष देता है परंतु आज सोशल मीडिया (सामाजिक पटल) पर इतनी भयंकर नग्नता है कि हमारी जो भारतीय फिल्में को भी शर्म आ जाए। आज कोई भी सोशल प्लेटफार्म अछूता नहीं है फूहड़पन और नग्नता से। सोशल मीडिया के अंधे दौर में कुछ लाइक और व्यू पाने के लिए हमारे समाज की नारियों को कैसे लक्षित किया जा रहा है और उन्हें नग्नता परोसना पड़ रहा है और वह लाइक और व्यू के आसमान में उड़ने के लिए नग्नता परोस स्वयं के मान सम्मान स्वाभिमान का सौदा आसानी से कर रही है। कुछ चप्पल छाप यूट्यूबर्स लोग केवल व्यू पाने के लिए हमारी आस्था पर इस तरह के अश्लीलता वाले थम्बनेल लगाते हैं। किससे क्या कहें? जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियाँ लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहित करती दिखाई देती है, मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो। इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया और कहा, मैं पीछे कैसे? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है। पर ये बहुत ही गम्भीरता से सोचने का विषय है-हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। माता-पिता क्यों जानबूझ कर अनदेखा कर रहें हैं? क्यों नहीं अपने बच्चों को टाईम और संस्कार देना चाहते हैं? क्यों अपने हाथो अपने बच्चो को दलदल में धकेल रहें हैं। आजकल के माता-पिता बहुत ज्यादा मार्डन है और उन्हें नंगापन, बॉयफ्रेंड और मार्डन परिवेश बेहद आकर्षित करती है। ये आने वाली पीढ़ी और समाज के लिए घातक सिद्ध होगा। टीनएजर लड़कियों की मनःस्थिति को अपने खास मकसद के मुताबिक ढाला जा रहा है। अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस आभासी नग्नता के अड्डे बने हुए हैं। वल्गर रील्स और वीडियोस तो अब हर घर के टीनेजरस बना ही रहे हैं। अब तो ऐसा महसूस होने लगा है कि वैश्यावृति के अड्डे भी नये विकल्पों के साथ हवस परस्त मर्दो के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं? मेरे हिसाब से तो वह ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता? आज सामाजिक विकार अपने सफर के सफलतम पड़ाव में है। रोकथाम की कोई गुंजाइश नहीं है। अब तो प्रलय ही इसकी गति को रोक सकती है। सोशल मीडिया में रील्स पर नग्न और अश्लील नृत्य की नौटंकी करने वाली बेटियों से निवेदन है कि चंद कागज के टुकड़ों के लिए अपने परिवार और धर्म की इज्जत तार-तार ना करो। पैसे आपको आज नृत्य के लिए नहीं अपितु नग्नता परोसने के लिए दिए जा रहे है ताकि पूरे समाज को एक दिन रसातल में धकेल कर नीचा दिखाया जा सके।

हमारी संस्कृति ही नहीं बचेगी तो-तो हमारे राष्ट्र का और आने वाली पीढ़ियों का दुगुर्णों से विनाश होने से कोई बचा नहीं सकता है। अभी समझे कि संस्कृति क्या है और इसे बचाना क्यों जरूरी है। यह हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है। हमें चाहिए अश्लीलता और नग्नता मुक्त समाज अपनी नष्ट हो रहे सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करें। बॉलीवुड की अश्लीलता, नग्नता और गाली गलौज से भरी फिल्मों और वेब सीरीज का बहिष्कार करें। अश्लील गाना एवं अश्लील फिल्मों का बहिष्कार करें। सोशल मीडिया में ट्वीटर, फेसबुक आदि ऐसे प्लेटफार्म हैं जिसके माध्यम से लोग अपने विचार, अभिव्यक्ति के साथ किसी महत्त्वपूर्ण जानकारी का प्रेषण करते हैं। किन्तु वर्तमान में इन प्लेटफार्मो में अश्लील, आपत्तिजनक व नग्नता पूर्ण मैसेज व विज्ञापन की भरभार होने के साथ जुए जैसे खेलों को खेलने के लिए प्रोत्साहित कर सामाजिक प्रदूषण फैलाया जा रहा है। हमारे नौनिहाल, बहन बेटी भी इन प्लेटफार्मो का बहुतायत उपयोग करते है। इस प्रदूषण पर अंकुश लगवाने के लिए सभी को सोचना होगा और खुद पहल करनी होगी। आज चेतना चाहिए नहीं तो कल रास्तों में होगा नंगा नाच। आप देश का भविष्य हो, कठपुतली मत बनो। स्वच्छंदता के नाम पर फूहड़ता सोशल मीडिया के इस दौर में अपने चरम पर है। हमारी संस्कृति में स्त्री को धन की संज्ञा से नवाजा गया वह भी बहुमूल्य न कि टके बराबर। इसलिए राजदरबारो में होने वाले मुजरे भी चारदीवारो के अंदर ही होते थे। सत्य यह है कि अश्लीलता को किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता। ये कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों की तरफ ले जाने वाली एक नशे की दुकान है और इसका उत्पादन आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्त्री समुदाय के साथ मिलकर कर रहा है। मस्तिष्क विज्ञान के अनुसार 4 तरह के नशों में एक नशा अश्लीलता से भी है।

आचार्य कौटिल्य ने चाणक्य सूत्र में वासना' को सबसे बड़ा नशा और बीमारी बताया है। यदि यह नग्नता आधुनिकता का प्रतीक है तो फिर पूरा नग्न होकर स्त्रियाँ पूर्ण आधुनिकता का परिचय क्यों नहीं देती? गली-गली और हर मोहल्ले में जिस तरह शराब की दुकान खोल देने पर बच्चों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है उसी तरह अश्लीलता समाज में यौन अपराधों को जन्म देती है। इसको किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता है। विचार करिए और चर्चा करिए या फिर मौन धारण कर लीजिए।

# आस्था : गंगा घाट पर गोदावरी का संगम


नितिन प्रधान



देश दुनिया में अभी प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ को लेकर भारतीय संस्कृति की चर्चा हो रही है। तीन नदियों के संगम में करोड़ों सनातनी आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह क्रम जारी है।

26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन तक यह सिलसिला देखने को मिलेगा। इसी बीच काशी में गंगा तट पर काशी तमिल संगमम 3.0 चल रहा है। अपने तीसरे संस्करण में यह 24 फरवरी तक सनातनियों के लिए आत्मीय संबंध को नया आयाम देगा। काशी के पवित्र घाटों पर आयोजित काशी तमिल संगमम 3.0 वास्तव में गंगा और गोदावरी के मिलन जैसा अनुभव कराता है। गंगा घाटों पर जब तमिलनाडु और दक्षिण भारत के श्रद्धालु पहुंचते हैं तो यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम का उत्सव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 इस भावनात्मक और सांस्कृतिक एकता का सजीव उदाहरण है, जहां दक्षिण और उत्तर भारत की परंपराएं एक-दूसरे में समाहित होती नजर आती हैं।

भारत की दो प्राचीन और समृद्ध सभ्यताओं का आत्मीय संगम है। गंगा के किनारे लोग एक-दूसरे को ह्यवणक्कम काशीह्न कहकर संबोधित करते हैं, तो यह अनूठा और भावनात्मक अनुभव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 न केवल उत्तर और दक्षिण भारत के बीच संस्कृति सेतु का कार्य कर रहा है बल्कि यह ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न की अवधारणा को भी साकार कर रहा है। यह संगमम 3.0 भारतीय परंपराओं, संस्कृतियों और जीवन मूल्यों का उत्सव है, जो विविधताओं के बीच राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल करता है। यह उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। जब तमिलनाडु से यात्री वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं, तो उनका स्वागत ह्यहर हर महादेवह्न के जयघोष से किया जाता है।

ढोल-नगाड़ों की थाप, स्वस्तिवाचन और पुष्पवष्रा से हर यात्री स्वयं को विशिष्ट अनुभव करता है। कांचीपुरम, जिसे संक्षेप में कांची कहा जाता है, तमिलनाडु का महत्त्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है। यह क्षेत्र हिन्दू धर्म के प्राचीन तीर्थ स्थलों में से है, यहां कई ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं। कांची पलार नदी के किनारे बसी है, न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है बल्कि अपनी रेशमी साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा ने यहां देवी के दर्शन हेतु तपस्या की थी। कांची को मोक्षदायिनी सप्त पुरियों में स्थान प्राप्त है, जिनमें अयोध्या, मथुरा, द्वारका, हरिद्वार, काशी, उज्जैन और कांची शामिल हैं। यह नगरी हरिहरात्मक पुरी के रूप में प्रसिद्ध है, जहां शिवकांची और विष्णुकांची नामक दो भागों में विभिन्न मंदिर स्थित हैं। तमिलनाडु के लोग के लिए काशी केवल तीर्थ नहीं, बल्कि आध्यात्मिक आकषर्ण का केंद्र है। भगवान विनाथ, मां गंगा और देवी विशालाक्षी सदियों से तमिल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती रही हैं। आदि शंकराचार्य के काशी आगमन और उनके द्वारा अद्वैत वेदांत के प्रचार के बाद, तमिल संतों का काशी से लगाव और गहरा हो गया।

काशी केवल शहर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। बाबा विनाथ, काल भैरव, मां अन्नपूर्णा, देवी विशालाक्षी, आंध्र के मल्लिकार्जुन और तेलंगाना के भगवान राजराजेर जैसे तीर्थस्थल भारत की सांस्कृतिक पहचान को परिपूर्ण बनाते हैं। इस पवित्र नगरी ने अनेक संतों और महात्माओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की है, जिसका प्रभाव आज भी तमिल समाज में देखा जा सकता है। काशी का तेलुगु संस्कृति से भी गहरा नाता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी आते हैं। तेलुगु संतों और आचार्यों ने भी इस नगरी को विशेष रूप से गौरवान्वित किया है। तेलुगु संत तेलंगस्वामी, जिनका जन्म विजयनगरम में हुआ था, को स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस ने काशी का ह्यजीवंत शिवह्न कहा था। इसके अलावा, जिद्दू कृष्णमूर्ति और अन्य महान संतों को आज भी श्रद्धा के साथ याद किया जाता है।

काशी और तेलुगु संस्कृति का संबंध साहित्य और आध्यात्मिक परंपराओं में भी स्पष्ट रूप से झलकता है। आंध्र प्रदेश के वेमुलावाड़ा तीर्थ को ह्यदक्षिण का काशीह्न कहा जाता है, यहां की मंदिर परंपराओं में ह्यकाशी दारमह्न (विशेष काला सूत्र) का प्रचलन आज भी है। इसी प्रकार, तेलुगु साहित्य में ह्यकाशीखंडमह्न जैसे ग्रंथ काशी की महिमा का बखान करते हैं। समय के साथ काशी में भी व्यापक बदलाव हुए हैं। बाबा विनाथ धाम का पुनरु द्धार, गंगा घाटों का नवीनीकरण और बेहतर परिवहन सुविधाओं ने काशी यात्रा को और सुगम बना दिया है। पहले जहां दशामेध घाट तक पहुंचने में घंटों लगते थे, वहीं अब हाईवे और नई परिवहन व्यवस्थाओं से यह समय काफी कम हो गया है। गंगा में सीएनजी चालित नावें चलाई जा रही हैं। बनारसी खानपान लस्सी, ठंडाई, चाट, लिट्टी-चोखा और बनारसी पान जैसे पारंपरिक स्वाद काशी यात्रा को और यादगार बना देते हैं। वाराणसी के लकड़ी के खिलौने आंध्र प्रदेश के एटिकोपाका खिलौनों की तरह ही प्रसिद्ध हैं, जो भारतीय हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा को दशार्ते हैं।

# बाइक राइडिंग का रखते हैं शौंक तो बेस्ट हैं ये जगहें!



अगर आप भी काम करते-करते थक गए हैं और बाइंकिग का भी शौंक रखते हैं तो और किसी छोटे वेकेशन की प्लानिंग कर रहे हैं तो निकल जाएं इन शानदार सड़कों के सफर पर। जहां ऊंचे पहाड़, गहरे झरने खूबसूरत हरे-भरे जंगल आपका इंतजार कर रहे हैं। ऐसी जगह खास तौर पर उन लोगों के लिए अच्छी है जो कि बाइक राइडिंग के शौकीन हैं। यहां पर आप कुदरती नजारों, पहाड़ों, झरनों का भी मजा ले सकते हैं। आइए जानते है उन जगहों के बारे में....



### 1. लेह, लद्दाख

चारो तरफ पहाड़ों से घिरे इस रूट पर ड्राइविंग का अपना एक अलग ही मजा आता है। ऊंचे पहाड़ों के बीच से निकलता खारदूंगला रोड, जो दुनिया भर में अपनी ऊंचाई के लिए जाना जाता है पर घूमने का अलग ही मजा है। इसके अलावा यहां का मैग्नेरटिक रोड खासतौर से मशहूर है। यहां पर टूरिस्ट अप्रैल से अगस्त तक बाइक राइडिंग करने के लिए आते हैं।

### 2.स्पीति वैली, हिमाचल

लद्दाख से थोड़ी ही दूर हिमाचल की स्पीति वैली हैं। बाइक से स्पीती वैली तक पहुंचने के लिए काजा, टैबो, स्पीती और पीन वैली जैसी कई खूबसूरत जगहें देखने को मिलती हैं। यहां पर सड़कों के किनारे सेब, खूबानी के पेड़ और सतलुज नदी की खूबसूरती के साथ प्राचीन मंदिरों को भी देख सकते है।

### 3.वालपराई और वाझाचल फॉरेस्ट

बाइक राइडिंग के लिए यह सबसे बेस्ट रूट है। यहां राइडिंग के दौरान घने, हरे-भरे जंगल और कई सारे छोटे-छोटे वाटर फॉल्स का नजारा देखने को मिलता है।।

### 4.गोवा, मुंबई

इंडिया के बिजनेस कैपिटल मुंबई से गोवा तक बाइक से सफर करना भी काफी मजेदार है। अमेरिका के 101 हाइवे से काफी मिलती-जुलती इस सड़क को इंडिया में बेस्ट कोस्टल राइडिंग के लिए जाना जाता है।

### 5.वेस्टर्न, अरुणाचल प्रदेश

हिमालय की ऊंची चोटियों को राइडिंग के वक्त देखना बहुत ही अच्छा एक्सपीरिएंस होता है। हालांकि यहां सड़कों की कमी है जिसके चलते ऊंचे-नीचे पहाड़ी रास्तों से गुजरना होता है। सफर के दौरान बर्फ से ढ़की सड़कें, ट्राइबल कल्चर और उनकी अलग सी लाइफस्टाइल को कैमरे में आसानी से कैद किया जा सकता है।

### 6. जैसलमेर, जयपुर

दोनों तरफ रेगिस्तारन और बीच में हाईवे का सफर में आपको राजस्थाानी कल्चर देखने के कई मौके मिलते हैं। इसके साथ ही बीच-बीच में जोधपुर, ओसियां, पोकरन जैसे स्टॉकपेज आते हैं जो आपकी सैर को और भी मजेदार बनाएंगे।





**एलीफेंट बीच अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है। छुट्टियों में परिवार के साथ यदि आप भीड़भाड़ से अलग शांति और सूकुन वाली जगह की तलाश में है तो अंडमान-निकोबर बेस्ट जगह है। खूबसूरत कुदरती नज़ारों और साफ समुद्री तटों वाले अंडमान की शांति और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है।**

# खूबसूरत कुदरती नज़ारों और बीचों की सैर करनी है तो जाएं अंडमान-निकोबार









### साफ-सुंदर बीच

पानी से अटखेलियां करना पसंद है तो अंडमान के बीच आपको बुला रहे हैं। यहां के साफ पानी में आप स्कूबा डाइविंग, स्विमिंग, स्कीइंग, पैरास्लाइडिंग, बनान बोट राइड, अंडर वॉटर वॉकिंग आदि एडवेंचर गेम्स का मजा ले सकते हैं। स्कूब डाइविंग के दौरान समुद्र के नीचे रंग-बिरंगी मछलियों से मिलने का अनुभव यादगार बन जाएगा। यहां के बीच अपनी खूबसूरती और स्वच्छता के लिए मशहूर हैं। बीचों की सफेद और चमकीली रेत पर लेटकर जूस और कोल्ड ड्रिंक का मजा लें। क्योंकि अंडमान अपने बीचों के लिए ही मशहूर है तो कुछ खास बीचों की सैर करना न भूलें।

### एलीफेंट बीच

यह अंडमान के मशहूर बीचों में से एक है। हैवेलॉक द्वीप पर स्थित इस बीच तक आप नाव से या फिर जंगल ट्रेक करके पहुंच सकते हैं। नीले पानी और चमकदार रेत वाले इस बीच पर आकर आपको बहुद सुकून मिलेगा। यह बीच शानदार कोरल रीफ और स्नॉर्कलिंग के लिए भी जाना जाता है।

### राधानगर बीच

हैवलॉक द्वीप पर स्थित यह बीच भी बहुत मनोरम हैं यहां के दृश्य बेहद सुंदर हैं। अंग्रेजी मैगज़ीन टाइम द्वारा इसे भारत के सबसे अच्छे बीचों में से एर माना गया और पूरी दुनिया का यह सांतवा बेस्ट बीच है। फोटोशूट के लिए यह बीच एकदम परफेक्ट हैं तो यदि आप अंडमान जाएं तो इस बीच पर फोटो खिंचवाना न भूलें।

### विजयनगर बीच

यह बीच भी अंडमान के बेस्ट बीचों में से एक है जो सैलानियों के बीच बहुत पॉप्युलर है। यहां का पानी बहुत साफ है और वातावरण स्वच्छ और सुंदर। यहां आप स्वीमिंगस बोटिंग, सर्फिंग और फोटोग्राफी का मज़ा ले सकते हैं। अंडमान के बीच फिलहाल अन्य जगहों के बीचों से साफ और सुंदर है, तो आप यदि कुदरत की गोद में सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं तो अगली छुट्टी अंडमान में बिताएं।

### काला पत्थर बीच

यह बीच भी बहुत सुंदर और शांत है। परिवार के साथ सुकून भरे तो पल बिताने वालों के लिए यह परफेक्ट जगह है। यहां की रेत चांदी की तरह चमकती है। इस बीच पर आप सनबाथ का मज़ा ले सकते हैं।

### बेस्ट टाइम

572 छोटे-बड़े द्वीपों से मिलकर बना है अंडमान। यह देश के सबसे आकर्षक टूरिस्ट प्लेसेज में से एक है। सिंतबर से लेकर मार्च तक का समय यहां जाने के लिए सबसे अच्छा है, क्योंकि तब आप यहां की कुदरती खूबसूरती के साथ ही सुहावने मौसम का पूरा मजा ले सकेंगे।

# मलेशिया है बेहद ही खूबसूरत, बिताए गर्मियों की छुट्टियां

**मलेशिया की राजधानी क्वालालम्पुर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कदम रखते ही मुझे लगा कि मैं यूरोप, आस्ट्रेलिया या अमेरिका जैसे किसी विकसित देश की धरती पर खड़ी हूं। क्रोम और शीशे से बना यह हवाई अड्डा विश्व के सबसे आधुनिक हवाई अड्डों में एक है। चमकते हुए ग्रेनाइट के फर्श, नवीनतम तकनीक से लैस सभी सुविधाएं तथा ड्यूटीफ्री सामानों से भरी चमचमाती हुई दुकानें यहां आने वाले हर पर्यटक को सहज ही प्रभावित कर लेती हैं। मुझे लगा कि जब इतने ही दिनों में मलेशिया इतनी तरक्की कर सकता है तो हम क्यों नहीं? पर इस प्रश्न का जवाब सोचने से पहले ही मुझे पता लगा कि क्वालालम्पुर से पिनांग जाना है और वहां पहुंचने के लिए लगभग 40 मिनट की उड़ान फिर भरनी है। अभी भारतीय समय के अनुसार सुबह के पांच बजे थे, पर हवाई अड्डे की घड़ी सुबह साढ़े सात का समय दिखा रही थी यानी मलेशिया व भारत के समय में ढाई घंटे का अंतर था। मैंने स्थानीय समय के अनुसार अपनी घड़ी मिलाई और पिनांग जाने वाले विमान में बैठ गई।**





### सुपारी के पेड़ों वाला द्वीप

मलेशिया पर्यटन विभाग की ओर से गए हम आठ लोग थे जिनका स्वागत बहुत ही गर्मजोशी से पिनांग हवाई अड्डे पर टूर गाइड लेना व एडी ने किया। हवाई अड्डे से अपने होटल मुतियारा बीच रिसोर्ट तक जाते हुए लेना व एडी ने हमें पिनांग के बारे में तमाम जानकारियां दीं। पिनांग की खूबसूरती की एक झलक हमें रास्ते में ही मिल गई। हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा पिनांग एक द्वीप है जिसका आकार एक तैरते हुए कछुए की तरह है। पिनांग की खूबसूरती से प्रभावित होकर ही ब्रिटिश रचनाकार सॉमरसेट मॉम ने लिखा था, यदि किसी ने पिनांग नहीं देखा, तो उसने संसार नहीं देखा। मुझे भी यहां आकर लगा कि मॉम ने कुछ गलत नहीं लिखा है। पूर्वी देशों के सबसे सुंदर शहरों में गिना जाता है पिनांग, जिसका नाम इस द्वीप पर बहुतायत से पाए जाने वाले सुपारी के पेड़ों के कारण पड़ा। मलय भाषा में पिनांग पान की सुपारी को कहते हैं। पूरब का मोती कहा जाने वाला यह द्वीप 1786 में सुदूर पूर्वी देशों में ब्रिटिश राज्य का पहला व्यापारिक केंद्र बना, पर आज यह पूरब और पश्चिम के मिलन का एक आकर्षक बिंदु है। चूंकि विश्व के लगभग सभी देशों से पर्यटक यहां वर्ष भर आते रहते हैं, अतः यहां की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख स्त्रोत पर्यटन है। पर्यटन संबंधी सुविधाएं यहां बहुत विकसित हैं और कई अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों का विकास भी काफी अच्छा है।

### असर चीनी संस्कृति का

कई वर्षो तक ब्रिटिश शासन के अधीन रहने के कारण यहां की पुरानी इमारतों में ब्रिटिश स्थापत्य की झलक दिखती है। साथ ही चीनी संस्कृति का प्रभाव आज भी यहां के लोगों पर देखा जाता है। लेना व एडी ने चीनियों द्वारा बनाए गए कुआन यिन तेंग, वाट चैया मांगकालाराम तथा अन्य बौद्ध मंदिरों को दिखाते हुए बताया कि पिनांग की राजधानी जॉज टाउन में चीनियों द्वारा बनाए गए ऐसे कई बौद्ध मंदिर हैं, जहां एक विशेष जाति के चीनी लोग विभिन्न त्योहार मनाने के लिए आज भी इकट्ठे होते हैं। इन मंदिरों पर बनी अत्यंत महीन चीनी पेंटिंग व लकड़ी की नक्काशी से सजे पैनल इस देश के कलाकारों की प्रतिभा का परिचय देते हैं। थाईलैंड की स्थापत्य कला से प्रभावित वाट चैया मांगकालाराम मंदिर में भगवान बुद्ध की लेटने की मुद्रा में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी प्रतिमा है।

### एक अनुभव अनोखा सा


मीलों तक फैले रेतीले मैदान व नारियल के पेड़ों की कतारों से सजे पिनांग के समुद्र तट विदेशी पर्यटकों को वर्षो से आकर्षित करते आ रहे हैं। दो दिन की पिनांग यात्रा के दौरान लेना व एडी हमें यहां के लगभग सभी दर्शनीय स्थलों पर ले गए, हमने स्थानीय भोजन का स्वाद लिया और बटरवर्थ तथा पिनांग के द्वीप के बीच चलने वाली फेरी में बैठकर द्वीप के चारों ओर फैले नीले पानी की सैर की। इस फेरी में लगभग 100 से अधिक गाड़ियां लोड की जा सकती हैं और 20-25 मिनट में समुद्र के जरिये अपनी गाड़ी में बैठे-बैठे आप पिनांग द्वीप तक आ-जा सकते हैं। यह मेरे लिए एक अनोखा अनुभव था। चीन, ब्रिटेन, थाईलैंड, बर्मा आदि देशों से प्रभावित पिनांग के इतिहास की जानकारी लेते और यहां के शौकीन व बहुत ही मिलनसार लोगों की यादें दिल में लेकर हम पिनांग ब्रिज से होते हुए क्वालालम्पुर की ओर चल दिए। यह ब्रिज पिनांग द्वीप व मलेशिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाला विश्व का तीसरा सबसे लंबा ब्रिज है। यहां इस ब्रिज से जाते हुए पिनांग द्वीप की आखिरी झलक हमें मिल रही थी।

### ऐतिहासिक इमारतों के शहर में

क्वालालम्पुर जाते हुए हम मलेशिया के एक और राज्य पेराक से गुजरे जिसका मलय भाषा में अर्थ है चांदी। इस राज्य का यह नाम यहां पाई जाने वाली टिन की खानों के कारण पड़ा जिसका पेराक के इतिहास और अर्थव्यवस्था पर काफी गहरा प्रभाव रहा। पेराक की राजधानी ईपोह भी साफ सुथरे पार्क, चैड़ी सड़कों व आकर्षक ऐतिहासिक इमारतों के कारण दर्शनीय है। क्वाला कांगसार पेराक का शाही शहर है और यहां की प्राचीन खूबसूरत इमारतों में उबूदिहाह मसजिद व इस्कंदारियाह महल खास हैं। उबूदियाह मसजिद का निर्माण पेराक के 28वें सुलतान इदरीस मुर्शिदुल अदजाम शाह प्रथम के जमाने में शुरू हुआ पर इसके पूरा होने में काफी अड़चनें आई। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान हाथियों द्वारा यहां के इटैलियन मार्बल के फर्शो को तोड़ दिया गया और इसका उद्घाटन 1917 में हो सका। लगभग 100 वर्ष से भी अधिक पुराना रबर का पेड़ भी क्वाला कांगसार में दर्शनीय है। इसके अलावा पेराक की लाइमस्टोन गुफाएं और उनमें बौद्ध चित्रकला व बुद्ध की विशाल प्रतिमाएं भी देखने लायक हैं। लेटे हुए भगवान बुद्ध की 24 मीटर लंबी प्रतिमा के दर्शन करने हों, जो मलेशिया में सबसे लंबी प्रतिभा है, तो थाई बौद्ध मंदिर मेकप्रसित जाएं। यह ईपोह से तीन किलोमीटर उत्तर की ओर है। परिवार सहित आने वाले पर्यटकों के लिए आधुनिक राइड व झूलों से लैस बुकिट मेराह थीम पार्क भी यहां है, जो 600 हेक्टेयर में फैले लेक टाउन रिसोर्ट का एक हिस्सा है। पेराक टांग, सैम पोह टांग, शाही मसजिद, जैपनीज गार्डन, दारुल रिदजुआन संग्रहालय, ताम्बुन, सुंगकाई हिरण फार्म, क्वाला वोह जंगल पार्क, लता इस्कंदर वाटर फॉल आदि भी परोक के मुख्य दर्शनीय स्थलों में से हैं।

### रोशनी के बाग में

क्वालालम्पुर देखने की उत्सुकता ने हमें चैथे दिन मलेशिया की राजधानी पहुंचा दिया। गार्डन सिटी ऑफ लाइट्स कहे जाने वाले अपने शहर को यहां के लोग प्यार से केएल कहते हैं। 88 मंजिलों वाले विश्व के सबसे ऊंचे फ्री स्टैंडिंग टॉवर्स पेट्रोनाज ट्विन टॉवर्स क्वालालम्पुर में प्रवेश करते ही दिखने लगते हैं। इस्लाम के पांच स्तंभों से प्रेरित यह इमारत मलेशिया की पहचान है। रात को ये टॉवर्स इतने खूबसूरत दिखते हैं कि इनकी ओर से आंखें हटाने की इच्छा नहीं होती। क्वालालम्पुर सिटी सेंटर के बीचोंबीच निर्मित पेट्रोनाज टॉवर्स मलय व आधुनिक आर्किटेक्चर का बेमिसाल नमूना है। इसके भीतर पेट्रोनाज फिलहारमोनिक हॉल है तथा पेट्रोनाज परफॉर्मिंग आट्र्स ग्रुप भी। क्वालालम्पुर में हमने विश्व की चैथी सबसे लंबी (421 मीटर) तथा एशिया की सबसे ऊंची मीनार क्वालालम्पुर भी देखी, जिसके भीतर जाकर ऑब्जर्वेटरी डेक से आप पूरे क्वालालम्पुर तथा क्लैंग वैली का नजारा देख सकते हैं। यहां के रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट में कई तरह के स्वादिष्ट भोजन का मजा लेते हुए आप क्वालालम्पुर की एक-एक इमारत, पार्क, संग्रहालय व घर आदि दूरबीन से देख सकते हैं। क्वालालम्पुर टॉवर दूरसंचार नेटवर्क, रेडियो व टीवी स्टेशन की ट्रांसमिशन टॉवर भी है।




## अमरेली में नदी से पानी लेने गए 7 साल के बच्चे को शेर खा गया

अमरेली। गुजरात के अमरेली से एक चौंकाने वाला मामला आया है। जहां शेर ने एक बच्चे पर हमला कर बच्चे को खा लिया। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश का एक परिवार अमरेली के पनिया गांव में बबूल के पेड़ काटने का काम कर रहा था, तभी उनके तीन बच्चे पानी भरने पास की नदी पर गए थे। वहां उन्हें अचानक शेर की दहाड़ सुनाई दी। जिससे 2 बच्चे भागे लेकिन एक बच्चे को शेर ने दबोच लिया और इतना बुरा काटा की बच्चे के टुकडे-टुकडे हो गए। वहीं, परिजन जब बच्चे को बचाने पहुंचे घटनास्थल पर पहुंचे तब उन्हें सिर्फ सिर, पैर और कुछ हड्डियां ही मिली। बीते अक्टूबर महीने में भी अमरेली के जिकाद्री गांव में एक पांच साल के बच्चे पर शेरनी ने हमला कर मार डाला था। इसके बाद शेर के हमले की यह दूसरी घटना है। फिलहाल वन विभाग ने कहा कि हमें जानकारी मिली, उसके बाद हमारी टीम ने 2 घंटे के अंदर शेर का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद शेर को एनीमल केर सेंटर में भेजा गया है जहां पर उसकी जांच होगी। जिस बच्चे को शेर काटकर खा गया, उसका नाम राहुल बारीया था और वह 7 साल का था। बच्चे के पिता नारू बारिया और अन्य मजदूर यहां बबूल के पेड़ काटने का काम करने आए हैं। शेरों के इलाके में ये मजदूर झोपड़ी बनाकर खुले आसमान के नीचे रहते हैं। रात में इलाके में शेरों की दहाड़ के बावजूद वे सीमा से नहीं हटे। परिवार के मुताबिक सुबह राहुल दो अन्य लड़कियों के साथ एक बर्तन में पानी भरने के लिए पास की नदी पर गया था। तभी नदी के किनारे एक शेर उनका शिकार करने के लिए दौड़ा। दोनों लड़कियां भागने में सफल रहीं, लेकिन शेर राहुल को लेकर बबूल के पेड़ के पास गया और उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए।

## अखिलेश का आरोप, कुंभ में पूरा पैसा खर्च कर रही योगी सरकार, किसानों के लिए कुछ नहीं बचेगा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (एसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के आगामी बजट को लेकर निशाना साधा है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि योगी सरकार सारा पैसा कुंभ मेले पर खर्च कर रही है, इसके बाद प्रदेश के किसानों के लिए कुछ नहीं बचेगा। सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा, योगी सरकार को किसानों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। अगर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, तब कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाना होगा। लेकिन योगी सरकार अपनी प्राथमिकताओं को भूलकर केवल धार्मिक आयोजनों पर पानी की तरह पैसा बहा रही है।



दरअसल अखिलेश ने यह बयान तब दिया है जब यूपी सरकार अगले बजट की तैयारियों में जुटी हुई है। अखिलेश ने कहा, कुंभ का आयोजन महत्वपूर्ण है, लेकिन जब किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, गन्ना किसानों के बकाए का भुगतान अटका है और महंगाई बढ़ रही है, तब सारा ध्यान सिर्फ कुंभ पर देना उचित नहीं है। अखिलेश के इस बयान पर बीजेपी नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। योगी सरकार के प्रवक्ताओं ने कहा कि कुंभ भारतीय संस्कृति और आस्था का महापर्व है और इस पर सवाल उठाना उचित नहीं। उन्होंने दावा किया कि सरकार किसानों और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों पर बराबर ध्यान दे रही है।

## संगम में प्रदूषित पानी के मामले पर यूपी सरकार पर नाराज हुआ एनजीटी

नई दिल्ली। प्रयागराज के संगम में प्रदूषित पानी के मामले पर सुनवाई के वक्त नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) उत्तर प्रदेश सरकार की दलील पर नाराज हो गया। उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने कोर्ट में कहा कि सैंपल में जहां से पानी लिया गया, वहां का पानी दूषित था। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने एनजीटी के सामने रिपोर्ट पेश की थी, इस रिपोर्ट में कहा गया कि महाकुंभ में संगम का पानी नहाने योग्य नहीं है। पानी का फेकल कॉलीफॉर्म स्तर नहाने के लिए जरूरी प्राथमिक गुणवत्ता के स्तर के अनुरूप नहीं है। एनजीटी ने यूपी सरकार पर सवाल खड़े कर कहा कि आपने लंबा चौड़ा जवाब दाखिल किया लेकिन कहीं भी कोलीफॉर्म का जिक्र नहीं। एनजीटी ने कहा कि रिपोर्ट विस्तृत है, लेकिन उसमें गंगा यमुना की सफाई से जुड़े सारे मापदंडों का जिक्र नहीं। यूपीपीसीबी ने दावा किया कि जहां से सीपीसीबी ने गंगा यमुना में सैंपल लिया वहां पानी प्रदूषित था, लेकिन जहां से हमने लिए वहां पानी साफ था। यूपीपीसीबी की इस दलील पर एनजीटी नाराज हो गया। एजजीटी ने आदेश दिया कि यूपी सरकार ने एनजीटी को भरोसा दिलाया कि वे सीपीसीबी की रिपोर्ट पर एक्शन लेगा। इतना ही नहीं यूपीपीसीबी गंगा यमुना में पानी की गुणवत्ता को लेकर एक हफ्ते में लेटेस्ट रिपोर्ट दाखिल करेगा। अब मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।

## देश के कई राज्यों में हो सकती है बारिश, 40 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए पूर्वानुमान जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक पूर्वोत्तर असम में निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके चलते 19 से 24 फरवरी के बीच अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं अगले सात दिनों में असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा है कि 19 और 20 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बिजली के साथ बारिश हो सकती है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। आईएमडी ने कहा कि 19 और 20 फरवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर ऐसी स्थिति 23 फरवरी तक रह सकती है। 20 फरवरी को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में भी हल्की बारिश हो सकती है।

# दिल्ली जीत ली...अब बिहार, असम और तमिलनाडू फतह की तैयारी में जुटे पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में करीब तीन दशक बाद जीतने वाली भाजपा ने जश्न मना लिया है और अब फिर से दूसरे राज्यों की चुनावी तैयारी में जुट गई है। खासतौर पर पार्टी के शीर्ष नेता पीएम नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से आराम के मूड में नहीं हैं। अब वे बिहार, असम और तमिलनाडु जैसे राज्यों को लेकर रणनीति तैयार कर रहे हैं। बिहार में इसी साल अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके बाद असम और तमिलनाडु में अगले साल चुनाव होने है। इन राज्यों को लेकर पहले से ही भाजपा तैयारी में है और 24 फरवरी को भागलपुर से पीएम नरेंद्र मोदी चुनाव अभियान की शुरुआत करने वाले है। भागलपुर में रैली को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसके अलावा असम भी वे 24 फरवरी को ही जाएंगे।

असम और तमिलनाडु में चुनाव करीब एक साल दूर है, लेकिन पीएम मोदी अभी से तैयारियों में



जुट गए है। इसकारण वे असम जाएंगे और फिर 28 तारीख को तमिलनाडु के रामेश्वरम भी पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी यहां पर पंबन पुल का उद्घाटन करने वाले हैं, जो द्वीपीय शहर रामेश्वरम को तमिलनाडु के अन्य हिस्सों से जोड़ेगा। बिहार और असम के भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के दौरे की डिमांड की थी। दिल्ली में खुद पीएम मोदी ने चुनाव प्रचार का नेतृत्व किया था। इतना ही नहीं यमुना की सफाई को लेकर उन्होंने कहा था कि इस काम की निगरानी मैं व्यक्तिगत तौर पर करूंगा। इसके बाद माना जा रहा है कि पीएम मोदी ही आने वाले चुनावों में भी बीजेपी का चेहरा होने वाले है। बिहार में भाजपा का सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के साथ गठबंधन है। भागलपुर में पीएम मोदी के साथ ही मंच पर नीतीश कुमार भी मौजूद रहने वाले है। इसके बाद वहां नीतीश कुमार और पीएम मोदी की कुछ साझा रैलियां भी होंगी। असम में भाजपा बीते 10 सालों से सत्ता में है और उस पर तीसरी बार वापसी का दबाव होगा। भाजपा को भागलपुर सीट पर कमजोर माना जाता है। इसके बाद भागलपुर से पीएम मोदी का रैली करना अहम है। इसके अलावा संकेत है कि भाजपा बिहार में किसी भी इलाके में खुद को कमजोर नहीं दिखाना चाहती। भागलपुर में ही पीएम मोदी की ओर से किसान सम्मान निधि योजना की नई किस्त जारी की जाएगी। वह भागलपुर में एक नई सेंट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना के एक आयोजन में भी शामिल होने वाले है। यहीं से वह दो दिनों की असम यात्रा पर रवाना हो जाएंगे, जहां कारोबारी समिट का भी आयोजन होना है।

## उपमुख्यमंत्री शिंदे ने विरोधियों के मुंह किए बंद, मतभेद की खबरों को सिरे से खारिज किया

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ किसी भी तरह के मतभेद की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि महायुति गठबंधन (बीजेपी-एनसीपी-शिवसेना) में सब कुछ ठीक है और उनके बीच किसी भी तरह का कोई कोल्ड वॉर नहीं है। इसतरह की खबरें तब चर्चा में आई जब शिंदे ने मुख्यमंत्री रिलीफ फंड के जैसा मेडिकल सेल बना दिया। शिंदे के कदम को लेकर विपक्ष ने सवाल खड़े कर दिए थे। शिंदे ने कहा कि यह नया सेल किसी कॉम्पीटीशन व्यवस्था के रूप में नहीं बल्कि मुख्यमंत्री के वॉर रूम के साथ मिलकर काम करेगा ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं दी जा सके। उधर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, इस तरह के सेल का गठन कोई गलत बात नहीं है, क्योंकि इसका मकसद जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। जब मैं उपमुख्यमंत्री था, तब मैंने भी इसी तरह का सेल बनाया था। दरअसल शिंदे की यह सफाई विपक्षी दलों के आरोपों के बाद आई है, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने दावा किया था कि राज्य में 'समानांतर सरकार चलाई जा रही है'। राउत ने कहा, अगर सरकार इसी तरह चलती रही तब महाराष्ट्र में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ेगी।

## नाबालिग लड़कियों से बलात्कार और हत्या के मामले में बंगाल में छह दोषियों को मौत की सजा

**-बंगाल पुलिस ने पेश की मिसाल**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की विभिन्न अदालतों ने नाबालिग लड़कियों से बलात्कार और हत्या के मामले में बीते छह माह में छह दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। इसके अलावा, अपने परिवार के सदस्यों की हत्या करने के दोषी व्यक्ति को भी मृत्युदंड की सजा सुनाई गई, इससे राज्य में बीते छह महीने में मृत्युदंड की सजा पाने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।

इस सूची में आरजी कर अस्पताल बलात्कार और हत्या मामले के दोषी संजय रॉय का नाम शामिल नहीं है। किशोरी का क्षत-विक्षत शव सात फरवरी 2025 को कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में मिला था। पुलिस ने मामले में 22 वर्षीय ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। बात दें कि बंगाल में आखिरी न्यायिक फांसी दो दशक पहले हुई थी। दक्षिण कोलकाता के एक आवासीय इमारत के सुरक्षा गार्ड धनंजय चटर्जी को 16 वर्षीय छात्रा से बलात्कार और हत्या के मामले में वर्ष 2004 में 15 अगस्त से ठीक पहले फांसी दी गई थी। अपराध को मार्च 1990 में अंजाम दिया गया था।

जघन्य अपराध के इन मामलों में



सितंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच मौत की सजा सुनाई गई। सिलीगुड़ी की एक पॉक्सो अदालत ने सात सितंबर 2023 को मोहम्मद अब्बास को मौत की सजा सुनाई। आरोपी अब्बास को अगस्त 2023 में माटीगारा इलाके में स्कूल जा रही 16 वर्षीय लड़की से बलात्कार और हत्या का दोषी पाया गया था। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने फैसले का स्वागत कर लिखा, यह त्वरित सजा बंगाल पुलिस के प्रयासों का प्रमाण है बीते एक साल के भीतर न्याय सुनिश्चित किया। अपराजिता बलात्कार विरोधी विधेयक के लागू होने से इस तरह की कठोर सजाएं एक मिसाल बनेंगी, अपराधियों में डर पैदा करेंगी और इसतरह के जघन्य अपराधों को रोका जा सकेगा।

## शक में पकड़े गए आरोपी ही निकले पाकिस्तान के खुफिया एजेंट

**हनीट्रैप में फंसे पहुंचाई नेवी की सीक्रेट, एनआईए ने किया गिरफ्तार**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के कारवार में एनआईए ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर कारवार नौसेना अड्डे की गोपनीय जानकारी पाकिस्तान को देने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक ये मामला हनी-ट्रैपिंग का है। पाकिस्तानी एजेंटों ने इन लोगों को हनीट्रैप में फंसाया और सेना की गोपनीय जानकारी हासिल की। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम वेताना तंडेल और अक्षय नाइक हैं। वेताना तंडेल मुदुगा गांव का रहने वाला है, जबकि अक्षय नाइक हलवल्ली का।

एनआईए की टीम ने मंगलवार को दोनों को हिरासत में लिया था। जांचकर्ताओं को शक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने हनी-ट्रैपिंग के जरिए इन दोनों को फंसाया। एक महिला एजेंट ने 2023 में फेसबुक पर इनसे दोस्ती की। फिर धीरे-धीरे नौसेना क्षेत्र की गतिविधियों, युद्धपोतों के आने-जाने और सुरक्षा संबंधी जानकारी मांगने लगी। एनआईए ने अगस्त 2024 में तीन लोगों से पूछताछ की थी। ये तीन लोग थे तंडेल, नाइक और तोदुर के सुनी। ये सभी जासूसी के शक में थे। उस समय उन्हें छोड़ दिया था, लेकिन उनकी गतिविधियों पर नज़र रखी जा रही थी।

इन पर आरोप है कि इन लोगों ने कारवार बेस की तस्वीरें और नौसेना की गतिविधियों की जानकारी पैसे के बदले साझा की है। उन्हें आठ महीने तक हर महीने पांच हजार रुपए मिलते थे। ये जासूसी का जाल 2023 में हैदराबाद में दीपक और अन्य की गिरफ्तारी के बाद सामने आया है। अधिकारियों ने इन आरोपियों के बैंक खातों में पैसे जमा होने का पता लगाया है। तंडेल और नाइक कारवार के चंद्या इलाके में आयरन एंड मर्करी नाम की कंपनी में ठेकेदारी पर काम करते थे। सुनील जो पहले सी बर्ड नौसेना बेस कैंटीन में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करता था, अब ड्राइवर है।

एनआईए गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रही है और उनकी गतिविधियों के बारे में और जानकारी जुटा रही है। माना जा रहा है कि इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं, क्योंकि अधिकारियों को शक है कि इसमें एक बड़ा नेटवर्क शामिल हो सकता है। कर्नाटक में भारतीय नौसेना का एक महत्वपूर्ण अड्डा है। यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा नौसेना अड्डा है। भारत के दोनों विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत, कारवार में ही तैनात हैं। यह देश की पहली सीलिफ्ट सुविधा का घर है, जिसमें जहाजों और पनडुब्बियों को डॉक करने और बाहर निकालने के लिए एक शिपलिफ्ट और ट्रांसफर सिस्टम शामिल है। यह एक ऐसी तकनीक है जिससे जहाजों को पानी से उठाकर जमीन पर लाया जा सकता है।

## निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, हरियाणा में 50 नेता बीजेपी में शामिल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में 2 मार्च को निकाय चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले करनाल में कांग्रेस झटका लगा है। कांग्रेस के करीब 50 नेताओं ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इस दौरान हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद थे। बीजेपी से जुड़ने वाले नेताओं में हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरपर्सन त्रिलोचन सिंह, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक खुराना, करनाल नगर निगम के पूर्व चेयरपर्सन बलविंदर कालरा शामिल हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी नेता संजय बिंदल, कांग्रेस के ओबीसी सेल के जिलाध्यक्ष संजय चंदेल के अलावा कई पूर्व पार्षदों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेता निट्टू मान भी बीजेपी में शामिल हो गए हैं। करनाल सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है और कांग्रेस के कुछ और नेताओं के आने से पार्टी मजबूत होगी। यहां से बीजेपी ने रेनू बाला गुप्ता को महापौर का उम्मीदवार बनाया है। सीएम सैनी ने कहा कि वह नेताओं का स्वागत करते हैं। आप लोगों के समर्थन से हमारी ताकत बढ़ेगी और हम पूरे समर्पण के साथ जनता की सेवा कर सकेंगे। इन नेताओं के कांग्रेस छोड़ने के बाद से पार्टी में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वाधवा को मेयर प्रत्याशी बनाए जाने से लोगों में निराशा हैं। कांग्रेस छोड़ने की खबरों के बाद पार्टी नेताओं ने बागियों से मुलाकात भी की। कई नेताओं के यहां खुद महापौर उम्मीदवार मनोज वाधवा पहुंचे और मनाने की कोशिश की। उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने से खफा नेताओं ने बीजेपी जॉइन की और सदस्यता ले ली। त्रिलोचन सिंह ने कहा कांग्रेस अब जनहित के मुद्दों से भटक रही है। इसलिए पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को धन्यवाद दिया कि उन्हें दो बार चुनाव लड़ने का मौका दिया। इसके अलावा अल्पसंख्यक आयोग का चेयरमैन भी बनाया। वहीं कांग्रेस नेताओं ने कहा कि



बीजेपी ने नेताओं पर दबाव डाला है। इसके कारण त्रिलोचन सिंह समेत कई लोगों ने इस्तीफा दिया है। मनोज वाधवा ने तो तीखे लहजे में कहा कि त्रिलोचन सिंह ने मेरी पीठ पर छुरा मारा है। वह नामांकन पत्र दाखिल करने तक साथ थे। इसके बाद अगले ही दिन पाला बदल लिया।

# कम बर्फबारी से जम्मू-कश्मीर में सूखे जैसे हालात, किसान हुए चिंतित

**-कृषि विभाग ने दी पानी की कम खपत वाली फसलें उगाने की सलाह**

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर में इस बार सूखे की आहट सुनाई देने लगी है। बर्फ रहित सर्दी और लंबे समय तक सूखे के कारण कश्मीर घाटी में जलाशयों के भरने में देरी हो रही है। इसके मद्देनजर किसान चिंतित हैं। अगर ऐसा होता है तो किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसके चलते कृषि विभाग ने कश्मीर के किसानों को पानी की कम खपत वाली फसलें उगाने की सलाह दी है।

कृषि विभाग कश्मीर ने खासकर दक्षिण कश्मीर में प्रमुख जल निकायों के सूखने पर किसानों को चावल की खेती से दूर रहने और अन्य वैकल्पिक फसलें उगाने की सलाह दी। विभाग ने दावा किया कि है कि स्थिति से निपटने के लिए स्कॉस्ट-कश्मीर के साथ मिलकर आकस्मिक योजनाओं पर काम किया जा रहा है। स्कॉस्ट फसलों और अन्य किस्मों की वृद्धि के लिए उपयुक्त स्थानों के बारे में मार्गदर्शन करेगा। सूखे की स्थिति जारी रहने के साथ ही किसानों से कृषि एडवाइजरी के लिए



अपडेट रहने और पानी की कमी के प्रभाव को कम करने के लिए टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने को कहा गया है।

लम्बे समय बाद ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है। इस बार बर्फ रहित सर्दियों को जलस्तर में कमी का मुख्य कारण बताया जा रहा है। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के मुताबिक कम बर्फबारी के कारण कश्मीर की जीवन रेखा झेलम सहित ज्यादातर नदियां जीरो लैवल से नीचे बह रही हैं। पिछले 45 दिनों में बहुत कम बर्फ पिघलने और कम बारिश होने से नदी का जलस्तर घट रहा है। पुलवामा स्थित संगम पर झेलम का जल स्तर माइनस 1.01 फीट तक पहुंच गया है जबकि राम मुंशी बाग में यह 3.52 फीट था और अशाम में स्तर 0.75 फीट तक गिर गया है। लिद्दर, राम बिआरा, द्रंग और पोहरू, सीलू सहित छोटी नदियां और नाले भी न्यूनतम जल स्तर से नीचे बह रहे हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू और कश्मीर में अब तक बारिश में कुल 29 फीसदी की कमी आई है जबकि पिछले तीन महीनों में यह कमी 80 फीसदी के करीब है। अकेले जनवरी के महीने में कम बारिश और बर्फबारी दर्ज की गई है। वहीं 12 फरवरी तक पहले 2 महीनों में केंद्र शासित प्रदेश के सभी जिलों में बारिश में 70 से 80 फीसदी की भारी कमी दर्ज की गई थी। पूरे जम्मू-कश्मीर में 79 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है और 1 जनवरी से 12 फरवरी 2025 तक सिर्फ 29.8 मिली मीटर बारिश दर्ज की।

मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते में 2 वैस्टर्न डिस्टर्बैंस के चलते 19 से 22 फरवरी और 25 से 27 फरवरी के बीच बारिश और बर्फबारी का अनुमान लगाया है। इस सीजन की बर्फबारी हो सकती है। कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों जिनमें श्रीनगर भी शामिल है यहां 4 जनवरी को आखिरी बार बर्फबारी हुई थी। इसके चलते सूखा खत्म होने की आस बंधी है।

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी की राहुल गांधी को नसीहत, सेना को राजनीति में नहीं घसीटे

**चीन के साथ सीमा विवाद पर बातचीत का दौर जारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि सेना को कभी भी राजनीति में नहीं घसीटना नहीं चाहिए। ऐसा होने पर बहुत चिंता की बात होगी। सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना ने चीन के साथ बातचीत के रास्ते को आगे बढ़ाया है। यदि हम एक दूसरे से बात करते हैं तब बहुत से संदेह दूर हो पाएंगे। हमारी यह राय रही है कि किसी भी तरह से संदेह को खत्म किया जाए। इसके लिए हमारे द्वारा कोर कमांडर्स को ताकत दी है कि जहां भी संभव हो, वे फैसला ले लें। यदि बातचीत से कोई मसला हल होता है, तब कर लिया जाए। उन्हें यह पावर दी गई है कि यदि उनके लेवल से कोई मामला हल हो सकता है, तब क्यों ना ऐसा किया जाए। उसके लिए किसी भी तरह की मंजूरी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है।

दरअसल राहुल गांधी ने कहा था कि चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा था कि लद्दाख सेक्टर में घुसपैठ हुई थी। इस पर उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में नहीं



घसीटा जाना चाहिए। वहीं महिलाओं को देवी काली की तरह सेना में शामिल करने की अपनी टिप्पणी पर फिर से जनरल द्विवेदी ने अपनी बात की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि मेरा भाव यह था, जो हमारे इतिहास में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बारे में कहा गया था कि बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह झांसी वाली रानी थी। बता दें कि महिलाओं को सेना में शामिल करने के वह हिमायती रहे हैं। सेना प्रमुख ने इस दौरान हथियारों की बिक्री को लेकर भी बात की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारे यहां से विदेशों में हथियार भेजे जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि अब हथियार बनाने वाली कंपनियों को आसानी से लाइसेंस देने और छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से यह कहता रहा है कि हम संवाद चाहते हैं। लेकिन जब जरूरी होगा, तब हम जंग से भी पीछे नहीं हटने वाले है। इस दौरान जब पूछा गया कि यदि किसी सेना कोई शहीद होता है, तब आप लोग कैसे परिवार को बताते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बेहद दर्दनाक अनुभव होता है। लेकिन हम एक परिवार की तरह काम करते हैं। सेना में इंजीनियर, आर्टी, इन्फैंट्री सहित सभी लोग एक परिवार जैसे हैं।

# आपबीती : सांप और मगरमच्छों से सामना, डंकी रूट से अमेरिका जाने वालों की दास्तां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सैनिक मंदीप सिंह से वादा किया गया था कि उन्हें अमेरिका में कानूनी रूप से प्रवेश दिलाया जाएगा, लेकिन उनका जीवन खतरे में पड़ गया और उन्हें मगरमच्छों व सांपों से निपटना पड़ा, सिख होने के बावजूद दाढ़ी कटवानी पड़ी और कई दिनों तक बिना भोजन के रहना पड़ा। मगर अमृतसर में अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने का उनका सपना 27 जनवरी को उस समय टूट गया, जब मैक्सिको के तिजुआना के रास्ते अमेरिका में घुसने की कोशिश करते समय उन्हें अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद समूह को पनामा के जंगलों को पार कराया गया। उन्होंने कहा, यहां हमें साथी यात्रियों ने बताया कि अगर हम बहुत अधिक सवाल पूछेंगे तो हमें गोली मार दी जाएगी। 13 दिनों तक हम खतरनाक रास्ते से गुजरे जिसमें 12 नहरें शामिल थीं। मगरमच्छ, सांप - हमें सब कुछ सहना पड़ा। कुछ लोगों को खतरनाक सरीसृपों से निपटने के लिए लाठियां दी गईं। मनदीप ने कहा, हम अधपकी रोटियां और कभी-कभी नूडल्स खाते थे, क्योंकि उचित भोजन तो दूर की बात थी। हम दिन में 12 घंटे यात्रा करते थे।

मंदीप ने बताया कि पनामा पार करने के बाद समूह ने कोस्टा रिका में रुककर होंडुरास की यात्रा शुरू की, जहां, हमें अंततः चावल खाने को मिला। मनदीप ने बताया, लेकिन निकारागुआ से गुजरते समय हमें कुछ खाने को नहीं मिला। हालांकि ग्वाटेमाला में हमें किस्मत से दही चावल मिल गया। जब हम तिजुआना पहुंचे तो मेरी दाढ़ी जबरन काट दी गई। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी की सुबह उन्हें बॉर्डर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जब वे अमेरिका में घुसने के लिए सीमा पार कर रहे थे।

उन्होंने कहा, अधिकारियों ने हमें बताया कि हमें निर्वासित कर दिया जाएगा। वापस भेजे जाने से पहले हमें कुछ दिनों तक हिरासत केंद्र में रखा गया। गुरदासपुर जिले के रहने वाले लवप्रीत ने बताया कि वह एक साल पहले घर से चले गए थे। लवप्रीत ने कहा, मेरे ट्रैवल एजेंट ने मुझे डंकी रूट से जाने को कहा, जो सुरक्षित नहीं था। पनामा के जंगलों से गुजरना बहुत खतरनाक था। हम किसी तरह खुद को सांपों, मगरमच्छों और दूसरे जानवरों से बचाने में कामयाब रहे।

लवप्रीत ने कहा, हमें एक कंटेनर में मेक्सिको ले जाया गया। हमें शौच के लिए भी नहीं जाने दिया गया। अगर हम शौच के लिए कहते तो वे हमें पीटते थे। कपूरथला जिले के बीस वर्षीय निशान सिंह ने भी ऐसी ही आपबीती सुनाई। निशान के परिवार ने उन्हें



अमेरिका भेजने के लिए 40 लाख रुपए खर्च किए थे। निशान ने कहा, हमें पीटा गया, खाना नहीं दिया गया। हमने 16 दिन जंगल में बिताए, मुख्य रूप से पानी पर जीवित रहे। हमारे मोबाइल फोन और अन्य सामान छीन लिए गए।

# चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहेगी, एसबीआई की रिपोर्ट का अनुमान




**मुंबई ।**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी रिसर्च में चालू वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जाहिर किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 36 हाई फ्रीक्वेंसी संकेतकों का लाभ उठाते हुए चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए अनुमानित जीडीपी वृद्धि 6.2 प्रतिशत से 6.3 प्रतिशत के बीच रहनी चाहिए। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार, 2024-25 के लिए 'रियल' और'नॉमिनल' जीडीपी वृद्धि दर क्रमशः 6.4 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

इस रिपोर्ट में कहा गया, स्वस्थ ग्रामीण अर्थव्यवस्था स्थिरता को मजबूत कर रही है और अन्य क्षेत्रों में गति बनाए रख रही है। मौजूदा घरेलू मुद्रास्फीति में मंदी उच्च विवेकाधीन खर्च को प्रोत्साहित और मांग-आधारित वृद्धि को बढ़ावा देती है। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में पूंजीगत व्यय में सुधार नजर आ रहा है। भू-राजनीतिक घटनाक्रम और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के कारण कैलेंडर वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में मंदी का असर न केवल भारत बल्कि अन्य देशों पर भी पड़ा है।

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, इसके बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के हालिया वैश्विक वृद्धि पूर्वानुमान में अनुमान लगाया गया है कि भारत की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 और आगामी वित्त वर्ष 2025-26 दोनों में 6.5 प्रतिशत रहेगी।

# अपनी इस बंपर बिक्री वाली कार का 7-सीटर वर्जन पेश करेगी मारुति




**मुंबई ।**

भारतीय कार बाजार में मारुति एक और धमाका करने को तैयार है। सुजुकी अपनी बंपर बिक्री वाली ग्रैंड विटारा का 7-सीटर वर्जन पेश करने वाली है। कार को टेस्टिंग के दौरान स्पॉट किया गया है। हाल ही में हरियाणा के खरखौदा में मारुति के नए विनिर्माण संयंत्र के बाहर कथित 7-सीट ग्रैंड विटारा के कई टेस्ट म्यूल दिखाई दिए। कुछ साल पहले पहली बार यह बात सामने आई थी कि मारुति सुजुकी सात सीटों वाली यूटिलिटी व्हीकल पर काम कर रही है, जिसका कोडनेम वॉय 17 है। हाल ही में, यह साफ हुआ कि मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा के 7 सीटर मॉडल पर काम कर रही है। जानकारी के अनुसार, मारुति मौजूदा 5 सीटर ग्रैंड विटारा से आने वाली 7-सीटर मिड-साइज एसयूवी के बीच स्पष्ट अंतर प्रदान करने के लिए अलग स्टाइलिंग पेश करेगी। इंटीरियर में एक बड़े वर्टिकल फ्री-स्टैंडिंग टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ नए डैशबोर्ड लेआउट और क्रोम-एम्बेलिश्ड एयर-कॉन वेंट्स मिलने की उम्मीद है। दिलचस्प बात यह है कि मारुति ने पिछले कुछ महीनों में दो नए ट्रेडमार्क दाखिल किए हैं एस्कुडो और टॉर्कनाडो। हमें उम्मीद है कि मारुति सात-सीट एसयूवी के लिए इनमें से एक नाम का चयन करेगी। यह सुजुकी के उसी ग्लोबल सी प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी जिस पर वर्तमान में ग्रैंड विटारा और ब्रेजा बेस्ड है। 7-सीटर ग्रैंड विटारा में वर्टिकल टचस्क्रीन और एडवांस्ड ड्राइवर-असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) की सुविधा मिलने उम्मीद है।

# भारतीय ग्राहकों को यूरोप जैसी लग्जरी सुविधा देने को तैयार ओयो




**मुंबई ।**

अभी तक सस्ते होटल का पर्याय बन चुके ओयो ने अब लग्जरी की तरफ कदम बढ़ाया है। कंपनी ने बताया है कि अब भारतीय ग्राहकों को भी यूरोप जैसी लग्जरी सुविधा दी जाएगी। इसके लिए कंपनी ने कुछ शहरों में लग्जरी सेवाएं शुरू की हैं। इसके पहले कंपनी इस तरह की सुविधा यूरोपीय देशों में ही उपलब्ध कराती थी। अब यह सुविधा भारत के भी कुछ शहरों में मिलनी शुरू हो गई है।

कंपनी ने भारतीय बाजार में अपने यूरोपीय हॉलिडे होम्स ब्रांड, डैनसेंटर के लांच की घोषणा की है। ओयो ने बताया कि हॉलिडे होम ब्रांड भारत में अपनी शुरुआत नॉर्थ गोवा में प्रीमियम विला और अपार्टमेंट्स के साथ कर रहा है। ओयो ने बताया कि डैनसेंटर रियल एस्टेट प्रमुख प्रोविडेंट ग्रुप के साथ प्रीमियम सर्विस्ड अपार्टमेंट्स को गोवा में लांच करने जा रहा है। डैनसेंटर जो 1957 में डेनमार्क में स्थापित एक पुरानी डेनिश ब्रांड है, उसने डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे और जर्मनी में 12,000 संपत्तियों के विविध पोर्टफोलियो का हिस्सा है।

आयो होटल्स ने पिछले दिनों बताया था कि उस वित्तवर्ष 2024 में घाटा कम करने में मदद मिली है, लेकिन कमाई में गिरावट आई। इस दौरान कुल राजस्व 15 फीसदी गिरकर 1,113 करोड़ रुपये रह गई जो इससे पहले के वित्तवर्ष में 1,312 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी का घाटा गिरकर महज 11.5 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्तवर्ष 2023 में 27 करोड़ के आसपास था। आयो को अभी तक सबसे ज्यादा इस्तेमाल युवाओं द्वारा ही किया जाता रहा है और इसे देखकर कंपनी ने अपनी पॉलिसी में कुछ बदलाव भी किए हैं। ओयो ने पिछले महीने बताया था कि वह यूपी में अपनी पॉलिसी में बदलाव कर रही है। इसके तहत अब अविवाहित युवक-युवतियों को ओयो होटलेस में रूम नहीं मिलेगा। इसके लिए उन्हें अपना मैरेज सर्टिफिकेट पेश करना पड़ेगा।

# हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज आईपीओ के शेयर कमजोर रिटर्न के साथ हुए लिस्ट




**नई दिल्ली।**

हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज आईपीओ के शेयर बुधवार को शेयर बाजार में कमजोर रिटर्न के साथ लिस्ट हुए। कंपनी सितंबर 2020 में एक्सचेंजों से डीलिस्टिंग के बाद डी-स्ट्रीट पर फिर से लिस्ट हुई है। यह किसी भारतीय आईटी सर्विस कंपनी का सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू है। हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 745.50 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए हैं। यह आईपीओ के इश्यू प्राइस 708 रुपए से 37.50 रुपए या 5.30 फीसदी ज्यादा है। वही, बीएसई पर हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के शेयर थोड़े कम प्रीमियम के साथ 23 रुपए या 3.25 फीसदी चढ़कर 731 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुए।

ग्रे मार्केट से ठंडे रिस्पांस के बावजूद लिस्टिंग का प्रदर्शन ग्रे मार्केट की उम्मीदों से बेहतर रहा। अनौपचारिक बाजार गतिविधि पर नजर रखने वाले सूत्रों के मुताबिक लिस्टिंग से पहले हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के नॉन-लिस्टेड शेयर ग्रे मार्केट में करीब 708 रुपए पर कारोबार कर रहे थे। हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 12.36 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री के पेशकश पर आधारित है। कंपनी की तरफ से दायर रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के मुताबिक सीए मैग्नम होल्डिंग्स के पास 577,604,202 इक्विटी शेयर हैं, जो कंपनी का 95.03 फीसदी प्रतिनिधित्व करता है। सीए मैग्नम होल्डिंग्स पब्लिक इश्यू के जरिये अपनी आंशिक हिस्सेदारी बेच रही है।

हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 674-708 रुपए प्रति शेयर तय किया है। इसका लॉट साइज 21 शेयरों का है। निवेशक के मिनिमम 21 शेयर या इसके मल्टिपल में बोली लगानी होगी। प्राइस बैंड के अपर एंड पर हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज आईपीओ के एक लॉट के लिए बोली लगाने के लिए खुदरा निवेशक को 14,868 रुपए चाहिए। इसमें 21 शेयर शामिल है। रिटेल निवेशक मैक्सिमम 1,93,284 रुपए की निवेश राशि के साथ 13 लॉट या 273 शेयरों के लिए बोली लगा सकता है।

# पीएम मोदी से मिलने के बाद एलन मस्क भारत में टेस्ला को लाने की तैयारी में

## कंपनी महाराष्ट्र में प्लांट लगाने के लिए जमीन देख रही

**नई दिल्ली ।**

लंबे इंतजार के बाद इलेक्ट्रिक गाड़ी बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला की भारत में आने को तैयार है। बता दें कि टेस्ला अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी है। हाल ही में अमेरिकी दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मस्क ने मुलाकात की थी। उसके बाद मस्क की कंपनी ने भारत में नियुक्तियों के लिए विज्ञापन भी निकाले। अब इलेक्ट्रिक गाड़ी निर्माण के लिए कंपनी जमीन की तलाश में है। ईवी निर्माता टेस्ला भारत में अपना विनिर्माण कार्य शुरू करने के लिए भूमि की तलाश कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला की नजर में महाराष्ट्र पहली पसंद है।

रिपोर्ट के अनुसार, मस्क की अगुआई वाली कंपनी टेस्ला ने महाराष्ट्र पर ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि टेस्ला का पहले से ही पुणे में एक कार्यालय है और राज्य में उसके कई आपूर्तिकर्ता हैं। इसके लिए महाराष्ट्र सरकार ने चाकन और चिखली के पास साइटों की पेशकश की है,जो दोनों पुणे के करीब हैं। चाकन भारत के सबसे बड़े ऑटो मैन्युफैक्चरिंग हब में से एक है, जहां मर्सिडीज बेंज, टाटा मोटर्स वोक्सवैगन और अन्य सहित कई बड़ी कंपनियां स्थित हैं।

टेस्ला और भारत कई वर्षों से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, लेकिन कार निर्माता उच्च आयात शुल्क की चिंताओं के कारण दक्षिण एशियाई देश से दूर रहा है। भारत ने अब 40,000 डॉलर से अधिक कीमत वाली हाई-एंड कारों पर मूल सीमा शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया है। जबकि भारत का ईवी बाजार चीन की तुलना में अभी भी नया है। पिछले साल भारत की इलेक्ट्रिक कार की बिक्री 100,000 यूनिट के करीब थी, जबकि चीन की 11 मिलियन यूनिट थी।

# सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों में किए बदलाव, असेट मैनेजमेंट कंपनियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सेबी ने म्यूचुअल फंड के नियमों में बदलाव करते हुए असेट मैनेजमेंट कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे नए फंड ऑफर से जुटाए गए पैसे को समय सीमा में ही निवेश करें। साथ ही रेगुलेटर ने निवेशकों को ज्यादा पारदर्शिता देने के लिए म्यूचुअल फंड स्कीम्स के स्ट्रेस टेस्टिंग की जानकारी देने को भी कहा है। ये बदलाव 1 अप्रैल, 2025 से लागू होंगे। इसका मकसद म्यूचुअल फंड्स के लिए कामकाज में लचीलापन लाना और निवेशकों के बीच जवाबदेही और भरोसा तय करना है। सेबी ने 14 फरवरी को जारी एक अधिसूचना में कहा था कि एनएफओ में मिली राशि का इस्तेमाल तय समयसीमा में किया जाएगा। इस बारे में बोर्ड समय-समय पर निर्देश जारी कर सकता है। यह बदलाव सेबी बोर्ड द्वारा दिसंबर में एक प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद आया है। इसमें फंड मैनेजरों को एनएफओ के दौरान इकट्ठा की गई रकम को स्कीम के तय असेट एलोकेशन के मुताबिक 30 दिनों में निवेश करने को कहा था। रेगुलेटर ने कहा था कि अगर तय समय सीमा में पैसा निवेश नहीं किया जाता है, तो निवेशकों को बिना एग्जिट लोड चुकाए स्कीम से बाहर निकलने का विकल्प होगा।




# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबल बुधवार को भारतीय रुपया आठ पैसे की बढ़त के साथ ही 86.88 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया 29 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.57 रुपये पर खुला। वहीं गत दिवस मंगलवार को रुपया 86.96 रुपये पर बंद हुआ था। गत दिवस अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे नीचे आकर 86.96 पर आ गया। यह गिरावट विदेशी कोषों की लगातार निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के चलते आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि डॉलर/रुपये की जोड़ी के लिए नकारात्मक रुझान है, क्योंकि विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली जारी रखे हुए हैं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का समर्थन धीरे-धीरे कम हो रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 86.94 पर खुला और फिर गिरकर 86.96 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दिखाता है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे कमजोर होकर 86.88 पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि केंद्रीय बैंक के उपायों और संभावित अमेरिकी शुल्क की अनुपस्थिति ने व्यापार संबंधी चिंताओं को कम कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद घरेलू वृहद आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां बनी हुई हैं। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 फीसदी की बढ़त के साथ 106.90 पर पहुंच गया।

# ओला इलेक्ट्रिक ने रजिस्ट्रेशन एजेंसियों के साथ फिर बातचीत करने की घोषणा की

**मुंबई ।**

इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी व्हीकल रजिस्ट्रेशन एजेंसियों के साथ समझौते की शर्तों पर फिर से बातचीत करने की योजना की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि बातचीत के दौरान वास्तविक बिक्री प्रभावित नहीं होगी, लेकिन सरकार के 'वाहन' मंच पर जारी उसके रजिस्ट्रेशन के आंकड़ों में अस्थाई रूप से गिरावट आ सकती है। कंपनी के बयान के अनुसार, इससे फरवरी में 'वाहन' मंच पर प्रदर्शित पंजीकरण आंकड़े '' अस्थायी रूप से प्रभावित'' हो सकते है। इसमें कहा गया, हम लागत कम करने और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस की एफिशियंसी बढ़ाने के लिए अपनी एजेंसियोंज़.रोसमेर्टा डिजिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और शिमनीत इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौते की शर्तों पर फिर से बातचीत कर रहे हैं। कंपनी की ओर से कहा गया कि जारी बातचीत और पंजीकरण प्रक्रिया के अनुकूलन के कारण फरवरी 2025 (वाहन मंच पर) के लिए पंजीकरण संबंधी हमारे आंकड़े अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकते है। फरवरी 2025 तक हमारी बिक्री मजबूत बनी रहेगी और पंजीकरण में गिरावट अगले कुछ हफ्तों से नजर आ सकती है।''




# शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद




**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर सके मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के वाहन और दवा आयात पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा से भी बाजार पर दबाव आया है। इस घोषणा के बाद से ही दवा और आईटी शेयर टूटने लगे। इससे वित्तीय शेयरों में आई तेजी भी बाजार को संभाल नहीं पायी। ट्रंप ने सेमीकंडक्टर चिप पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 28.21 अंक करीब 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ ही 75,939.18 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 12.40 अंक तकरीबन 0.05 फीसदी गिरकर 22,932 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान आईटी स्टॉक्स पर दबाव रहा। टीसीएस का शेयर सबसे ज्यादा 2.28 फीसदी गिरकर बंद हुआ। इसके अलावा इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सनफार्मा, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से गिरावट में रहे।

ब्रोडर इंडेक्स स्मॉलकैप और मिडकैप में आज 2.4 फीसदी और 1.6 फीसदी की तेजी रही । हालांकि, इंडेक्स सितंबर और दिसंबर में अपने शीर्ष स्तर से अभी भी 21.25 फीसदी और 17.1फीसदी नीचे कारोबार कर रहे थे।

**वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।**

इससे पहले आज सुबह बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुला है। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों से बाजार नीचे आया। खुलने के समय पर बीएसई सेंसेक्स 296 अंक करीब 0.39 फीसदी की गिरावट के साथ ही 75,670.80 पर था। वहीं निफ्टी भी 98 अंक तकरीबन 0.43 प्रतिशत नीचे आकर 22,847.25 पर था।

वहीं आज दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ऑटो, फार्मास्यूटिकल्स और सेमीकंडक्टर आयात पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद बाद से ही एमएससीआई एशिया एक्स-जापान 0.3 फीसदी नीचे आ गया। भारतीय इक्विटी में लगातार बिकवाली के सिलसिले को तोड़ते हुए, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले कारोबारी सत्र के दौरान शुद्ध रूप से 4,786.56 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 3,072.19 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

# ओला इलेक्ट्रिक के तेजी से गिर रहे शेयर, निवेशकों के 40 हजार करोड़ डूबे




**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। यह कंपनी पिछले साल शेयर मार्केट में लिस्ट हुई थी। कंपनी ने अब तक निवेशकों का खूब पैसा डुबाया है। सोशल मीडिया पर कॉमेडियन कुणाल कामरा से हुई नोक-झोंक के बाद भाविश अग्रवाल की इस लिस्टेड कंपनी के शेयर तेजी से गिरे हैं। उस बहस में ओला के इलेक्ट्रिक स्कूटरों में कई तरह की खामियों और फिर सर्विस को लेकर जद्दोजहद उजागर हुई थी। नतीजा कंपनी के शेयर नीचे गिर गए। भाविश अग्रवाल की कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में गिरावट जारी रहने से निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। कंपनी के शेयर के उच्चतम मूल्यांकन के बाद से अब तक करीब 40 हजार करोड़ रुपए डूब चुके हैं। लिस्टिंग के बाद शुरुआती उछाल से 66 हजार करोड़ रुपए के मूल्यांकन वाली कंपनी का बाजार पूंजीकरण अब घटकर 26,187.81 करोड़ रुपए रह गया है। पिछले साल अगस्त में 76 रुपए प्रति शेयर पर अपनी शुरुआत करने वाले इस शेयर पर लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। यह मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3 फीसदी से ज्यादा गिरकर 58.84 रुपए के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। बढ़ते घाटे और घटते राजस्व, मौजूदा सेवा-संबंधी मुद्दों और भारतीय शेयर बाजार में व्यापक सुधार की चिंताओं ने शेयर में गिरावट में योगदान दिया है। पिछले सप्ताह इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर फर्म ने अपने कंसोलिडेटेड शुद्ध घाटे में 50 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की थी जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 376 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 564 करोड़ रुपए हो गया था। इस अवधि में फर्म का परिचालन राजस्व भी 19 फीसदी से घटकर 1,296 करोड़ रुपए से 1,045 करोड़ रुपए रह गया। अपने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने तिमाही के दौरान बढ़े हुए घाटे के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल और सेवा चुनौतियों को जिम्मेदार ठहराया है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी एग्रीगेटर ने दावा किया है कि सेवा संबंधी मुद्दों को ठीक कर लिया गया है और इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर ध्यान रखे है। पिछले साल दिसंबर में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेक्टर में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 20 फीसदी से नीचे आ गई, जबकि जून 2024 में यह 49 फीसदी थी।

# एलआईसी का स्मार्ट पेंशन प्लान लॉन्च, एक बार इन्वेस्ट पूरी जिंदगी करो ऐश




**नई दिल्ली।**

एलआईसी का स्मार्ट पेंशन प्लान वित्त मंत्रालय के सचिव एम. नागराजू और एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने लॉन्च किया। यह एक सिंगल प्रीमियम, इमीडिएट पेंशन प्लान है, जिसमें गारंटीड पेंशन मिलती रहेगी।

एलआईसी का स्मार्ट पेंशन प्लान आपके भविष्य को सुरक्षित करने का बेहतरीन प्लान है। इस प्लान में आप एक बार निवेश करें और जिंदगीभर पेंशन पाएं। इसमें सिंगल लाइफ और जॉइंट लाइफ एन्युइटी ऑप्शन उपलब्ध हैं, जिसे 18 से 100 साल की उम्र तक कोई भी खरीद सकता है।

खास बात यह है कि एलआइसी के मौजूदा ग्राहकों और नॉमिनी को ज्यादा रिटर्न का फायदा मिलेगा। आप 1,00,000 से निवेश शुरू कर सकते हैं और ज्यादा रकम लगाने पर ज्यादा फायदा मिलेगा। पेंशन का भुगतान मासिक, तिमाही, छमाही या सालाना लिया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर आप आंशिक या पूरी राशि निकाल सकते हैं। एनपीएस सब्सक्राइबर्स के लिए यह प्लान खास रूप से फायदेमंद है और दिव्यांगजन के लिए भी इसमें विशेष प्रावधान हैं। इस प्लान में 3 महीने बाद लोन लेने की सुविधा भी है, जिससे यह एक परफेक्ट रिटायरमेंट प्लान बन जाता है। अगर पॉलिसीधारक की मृत्यु हो जाती है, तो उसके चुने गए विकल्प के मुताबिक पैसा दिया जाएगा। परिवार चाहे तो एकमुश्त पूरी रकम ले सकता है या फिर मासिक पेंशन जारी रख सकता है। इसके अलावा किस्तों में पैसा मिलने का विकल्प भी है, जिससे समय-समय पर रकम मिलती रहे। एक और विकल्प एडवांस एन्युइटी का है, जिससे परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है।

# आरवीएनएल को 554.46 करोड़ का मिला ऑर्डर, शेयरों में आया जोरदार उछाल

**नई दिल्ली।**

रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के निवेशकों के लिए बुधवार का दिन अच्छा रहा। कंपनी को 554.46 करोड़ रुपए का बड़ा ऑर्डर मिला, जिसकी वजह से उसके शेयरों में उछाल आया। सुबह के कारोबार में आरवीएनएल का शेयर 7.55 फीसदी तक चढ़ा। आरवीएनएल के शेयर ने बुधवार को बीएसई पर 332.35 करोड़ से शुरुआत की, जो पिछले दिन के 333.10 रुपए के मुकाबले थोड़ा कम था, लेकिन इसके बाद ऑर्डर का असर देखने को मिला, शेयर 358.25 तक पहुंच गया। कुछ ही घंटों में 7 फीसदी का मुनाफा कमा लिया। आरवीएनएल को बेंगलुरु सबअर्बन रेल प्रोजेक्ट (बीएसआरपी) के तहत 9 नए रेलवे स्टेशनों के निर्माण का काम मिला है। इनमें एक एलिवेटेड स्टेशन और आठ अन्य स्टेशन होंगे। इन स्टेशनों के नाम भी सामने आए हैं। हीलालगे, सिंगेना अग्रहरा, हुस्कुर, अंबेडकर नगर, कार्मेलाराम, बेलंदूर, माराठाहल्ली, डोड्डानकुंडी और कग्गदासपुरा। आरवीएनएल सिर्फ स्टेशन नहीं बनाएगा, बल्कि सिविल वर्क, स्ट्रक्चरल डिजाइन, एंट्री एग्जिट गेट, स्टील फुटओवर ब्रिज (एफओबी), रूफ स्ट्रक्चर, आर्किटेक्चरल फिनिशिंग और इलेक्ट्रिकल-मैकेनिकल काम भी करेगा यानी ये स्टेशन मॉडर्न सुविधाओं से लैस होंगे।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

**कराची (एजेंसी)।** दुबई (ईएमएस)। भारतीय टीम गुरुवार को यहां के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगी। हाल में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम के हौंसले बुलंद हैं। वह इस मैच को जीतकर यहां के मैदान के अनुरुप ढ़लते हुए पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच के लिए भी लय हासिल करना चाहेगी। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला टीम इंडिया के लिए इसलिए अहम है, क्योंकि कई सवाल मौजूदा टीम पर हैं। भारतीय टीम के लिए इस मैच में जसप्रीत बुमराह के विकल्प के तौर पर किसी गेंदबाज को रखती है। ये देखना होगा। बुमराह फिट नहीं होने के कारण इस टूर्नामेंट से बाहार हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है हालांकि इसके लिए उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की जीत कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की बल्लेबाजी पर भी निर्भर करेगी। इस मैच में उपकप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर पर भी भारतीय प्रशंसकों की नजर रहेंगी। कप्तान रोहित ने कुछ दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक और कोहली ने अर्धशतक बनाया था। इसके अलावा शुभमन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में एक शतक और दो अर्धशतक लगाये। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सामने चुनौती घरेलू सीरीज से काफी अलग है। ग्रुप ए में भारत को इस मैच के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से खेलना है। वहीं एक हार भी उसे बाहर कर सकती है। भारतीय टीम ने पिछले कुछ समय में एकदिवसीय ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है पर बांग्लादेश के खिलाफ उसे सही संयोजन रखना होगा।




इस मैच में देखना होगा कि विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल अपने पसंदीदा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे या फिर अक्षर पटेल उनसे ऊपर आएंगे और वह छठे नंबर पर उतरेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी पर अंतिम एकदिवसीय मै में वह पांचवें नंबर पर उतरे। दो मैचों में वे विफल रहे थे, लेकिन तीसरे मैच में उन्होंने रन बनाए थे। ऐसे में पूरी संभावना है कि टीम प्रबंधन मैच की स्थिति के अनुसार ही कोई फैसला करेगा।

दूसरी ओर गेंदबाजी में सही संतुलन हासिल करना आसान नहीं है। मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नई गेंद से साझेदार के रूप में अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा में से एक को चुना जाएगा ये देखना होगा। शमी को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। राणा ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और वह सपाट पिचों पर भी अपनी गति और उछाल के साथ बल्लेबाजों को परेशान करने की क्षमता रखते पर अर्शदीप बाएं हाथ के कोण और अपनी गेंदबाजी में मौजूद विविधता के कारण नई गेंद की जिम्मेदारी उठाने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

इसके अलावा भारतीय टीम तीन स्पिनरों को शामिल कर सकती है। हार्दिक पांड्या तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होंगे, लेकिन यहां भी भारत को इस बात पर विचार करना होगा कि रविंद्र जडेजा और अक्षर के अलावा तीसरा स्पिनर कौन होगा। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती में से किसी एक को शामिल करने के फैसला आसान नहीं होगा। अगर हाल के प्रदर्शन को ध्यान रखें तो वरुण को अवसर मिलेगा, वहीं अनुभव को देखें तो कुलदीप रहेंगे। को मौका मिलना चाहिए, लेकिन कुलदीप ने मंगलवार को यहां नेट पर कुछ प्रतिष्ठित बल्लेबाजों को चकमा देकर अपनी क्षमता दिखाई।


वहीं बांग्लादेश टीम में भी इस बार अनुभवी शाकिब अल हसन और लिटन दास जैसे खिलाड़ी नहीं हैं। बांग्लादेश ने पूर्व में आईसीसी प्रतियोगिताओं में कई टीम को परेशान किया है। ऐसे में भारतीय टीम इस मैच में अपनी ओर से पूरी ताकत लगा देगी। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन ने हाल में कहा था कि इस बार भारतीय टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नहीं है जिससे उसके पास जीत का अवसर है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जड़ेजा और वरुण चक्रवर्ती।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, मशफिकुर रहीम, एमडी महमूदुल्लाह, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नासुम अहमद, तंजीम हसन साकिब और नाहिद राणा।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में विराट तोड़ सकते हैं कई रिकार्ड



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में कई अहम रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर फार्म हासिल कर लिया है। ऐसे में प्रशंसकों को उम्मीद है कि विराट चैंपियंस ट्रॉफी में मैच विजेता पारियां खेलेंगे।

विराट इस दौरान कई बड़े रिकॉर्ड बना सकते हैं। 297 एकदिवयीस मैचों में 13,963 रन बनाने वाले विराट के पास सबसे तेज 14,000 रन पूरे करने का अवसर है। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी में 37 रन बना लेते है तो वह एकदिवसीय में 14,000 रन बनाने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन जाएंगे। भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने ही एकदिवसीय में 14,000 से अधिक रन बनाए हैं। तेंदुलकर ने अपनी 350वें पारी में 14,000 रन का आंकड़ा पार किया था, जबकि संगकारा ने अपने 378 वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं कोहली ने अब तक सिर्फ 285 पारियां खेली है।

विराट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के भी बेहद करीब हैं। कोहली ने सभी फॉर्मेट में 545 मैच खेले हैं और 27,381 रन बनाए हैं। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी 103 रन बना लेते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे। पोंटिंग ने 560 मैच खेले और 27,483 रन बनाए हैं विराट ने 2009 में भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में डेब्यू किया था. और अब तक खेले गए 13 मैचों में 529 रन बनाए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे बल्लेबाजों में विराट सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं.। 263 रन बनाने के साथ ही वो वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्रिस गेल के 791 रनों का रिकॉर्ड तोड़कर टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

विराट कोहली के निशाने पर चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा पाचास रन बनाने का रिकॉर्ड भी होगा। अब तक खेले गए 13 चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबलों में उन्होंने पांच अर्धशतक बनाए हैं। अगर इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में दो अर्धशतक बना लिए तो वह राहुल द्रविड़ के सबसे ज्यादा अर्धशतकों 6 का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# बांग्लादेश के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में अर्शदीप को शामिल करे भारत : पोंटिंग

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच गुरुवार को बांग्लादेश से खेलेगी। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को इसमें हर्षित राणा की जगह पर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल करना चाहिये। पोंटिंग के अनुसार इस टूर्नामेंट में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में अर्शदीप अहम भूमिका निभा सकते हैं। राणा ने हाल में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर अंतिम ग्यारह के लिए अपनी दावेदारी पक्की की थी।



पोंटिंग ने कहा कि मैं पहले मैच के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को रखना चाहूंगा। इसलिए मैं राणा की जगह अर्शदीप को टीम में रखना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि अर्शदीप कितना अच्छा गेंदबाज है और अगर कौशल की बात करें तो शायद उसके पास भी बुमराह जैसा कौशल है। वह नई गेंद से डेथ ओवरों में प्रभावी प्रदर्शन करने में सक्षम है। पोंटिंग ने कहा कि हर्षित भी एक अच्छा गेंदबाज है। मुझे लगता है कि वह काफी प्रतिभाशाली हैं और हम सभी जानते हैं कि नई गेंद से वह क्या कमाल कर सकता है पर मुझे नहीं लगता कि डेथ ओवरों में वह अर्शदीप जैसी भूमिका निभा सकता है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अंतिम एकादश में बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होना अंतर पैदा करता है। इससे आक्रमण को विविधता मिलती है। टीम में नई गेंद संभालने और मूव करने में सक्षम गेंदबाज की हमेशा ही जरुरत होती है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बाबर आजम के लिए बुरी खबर, शुभमन गिल फिर बने आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर 1



**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती दिन जारी आईसीसी रैंकिंग अपडेट में शुभमन गिल और महेश थीक्षाना क्रमशः नए नंबर 1 पुरुष वनडे बल्लेबाज और गेंदबाज बन गए हैं। गिल अपनी सूची में बाबर आजम से आगे निकल गए हैं, जबकि थीक्शाना ने राशिद खान को पछाड़ा है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में 87, 60 और 112 के स्कोर बनाया था जिससे टीम इंडिया 3-0 से सीरीज जीती। वह 269 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। उनके बाद श्रेयस अय्यर (181 रन) का नाम था।

**आईसीसी वनडे रैंकिंग**

1. शुभमन गिल, भारत (796 रेटिंग)
2. बाबर आजम, पाकिस्तान (773 रेटिंग)
3. रोहित शर्मा, भारत (761 रेटिंग)
4. हेनरिक क्लासेन, दक्षिण अफ्रीका (756 रेटिंग)
5. डेरिल मिचेल, न्यूजीलैंड (740 रेटिंग)
6. विराट कोहली, भारत (727 रेटिंग)
9. श्रेयस अय्यर, भारत (679 रेटिंग)

यह दूसरी बार है जब गिल एकदिवसीय क्रिकेट में शीर्ष पर पहुंचे हैं - पिछला अवसर 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान था। गिल की बढ़त ने बाबर को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। गिल के 796 रेटिंग अंक हैं, जबकि बाबर के 773 हैं। उनके बाद शीर्ष 5 में रोहित शर्मा, हेनरिक क्लासेन और डेरिल मिशेल हैं, जो पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला के बाद 2 स्थान ऊपर चढ़ गए हैं, जहां उन्होंने 81, 10 और 57 रन बनाए थे। इंग्लैंड के खिलाफ दो वनडे मैचों की सीरीज के बाद श्रीलंका के कप्तान चैरिथ असलांका आठ स्थान ऊपर चढ़कर 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

श्रीलंका चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं है क्योंकि वह क्वालीफिकेशन से चूक गई थी। राशिद जिन्होंने पिछले दिसंबर से कोई वनडे नहीं खेला है, दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन थीक्षाना बहुत पीछे नहीं हैं। उनके पास 669 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजों की तालिका में थीक्षाना और राशिद के पीछे नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ट्ज़ हैं, उनके बाद शीर्ष पांच में भारत के कुलदीप यादव और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी बड़ा कदम उठाया है, पाकिस्तान त्रिकोणीय श्रृंखला में 3 एकदिवसीय मैचों में उनके 5 विकेट ने उन्हें पांच स्थान का फायदा दिया है और उन्हें नंबर 7 पर डाल दिया है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए बाकि देशों के साथ ही भारतीय झंडा भी पाक बोर्ड ने लगाया

कराची । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अब कराची में भारतीय झंडा भी लगा दिया है। इससे पहले पीसीबी ने चैम्पियंस ट्रॉफी के शुरुआती कार्यक्रम में भारत का झंडा नहीं लगाया था पर इस मामले पर हुई आलोचना के बाद उसने भारतीय झंडा भी लगा दिया है। इससे पहले सोशल मीडिया पर कराची के नेशनल स्टेडियम की कुछ तस्वीरें और वीडियोज वायरल हुई थीं। इनमें भारतीय झंडा नहीं था। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा ले रहे बाकी सभी देशों का झंडा था। वहीं अब नई तस्वीरों में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के झंडे को अन्य भाग लेने वाले देशों के साथ रखा गया है। यहां तक कि भारतीय टीम की जर्सी पर भी दुबई में खेलने के बाद भी मेजबान देश पाकिस्तान का नाम लिखा है पर , अभी भी स्टेडियम के ऊपर भारत का झंडा नहीं लहरा रहा है, इसके बारे में कहा गया है कि भारतीय टीम अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। इसलिए यहां झंडा नहीं लगाया गया है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, भारतीय टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान अपने मैच खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आ रही है; कराची के नेशनल स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में उन देशों के झंडे फहराए गए हैं, जो इन स्थलों पर खेलने जा रहे हैं। वहीं बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी इस विवाद को लेकर कहा कि पीसीबी को पहले यह पुष्टि करनी चाहिए कि वहां पहले भारतीय झंडा था या नहीं।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पांच स्पिनर रखे जाने को सही नहीं मानते कार्तिक

दुबई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पांच स्पिनरों को रखे जाने को सही नहीं माना है। इस टूर्नामेंट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खेल नहीं रहे हैं और उनके विकल्प के तौर पर युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किया गया है। इसमें ओपनर यशस्वी जायसवाल को बाहर करने के बाद स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी अवसर दिया गया है। वरुण भारतीय दल में पांचवें स्पिनर हैं। वहीं कार्तिक को लगता है कि बुमराह के सबसे बेहतर विकल्प तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज होते। उन्होंने कहा, देखिए, अगर आपको अनुभव के आधार पर जाना था तो सिराज अच्छे विकल्प हो सकते थे। हालांकि, हर्षित ने इंग्लैंड के खिलाफ बहुत अच्छी गेंदबाजी की जिससे मुझे लगता है कि भारतीय प्रबंधन अभी हर्षित से बहुत प्रभावित है।। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सभी मैच दुबई में खेलने हैं। इसें स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का अंतिम ग्यारह में शामिल होना लगभग तय है। दुबई के हालातों में कुलदीप यादव भारत के लिए गेंद से अंतर पैदा कर सकते हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल बल्ले की भी अनदेखी नहीं हो सकती। कार्तिक ने कहा कि दल में पांच स्पिनरों का होना यह दिखाता है कि टीम मैनेजमेंट आदर्श संयोजन को लेकर संशय में है। कार्तिक ने कहा, 'मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि पांच स्पिनर बहुत ज्यादा हैं। मुझे लगता है कि वे चार से भी काम चला सकते थे। और यहीं पर मुझे लगता है कि यह थोड़ा सा संशय भी दिखाता है। इसके अलावा यशस्वी जैसे बल्लेबाज की जगह विकल्प के तोर पर स्पिनर को रखना हैरानी की बात है।'



# एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी ने भारत को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी ने मंगलवार को पुरुष एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में भारत को 4-1 से हरा दिया। आज यहां भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में जर्मनी के लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग ने (7वें) मिनट, थिएस प्रिंज ने (14वें) मिनट, मिशेल स्ट्रुथॉफ ने (48वें) मिनट और राफेल हाटकॉफ ने (55वें) मिनट में गोल किए।

वहीं, भारत की ओर से एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने (13वें )मिनट में किया। पहले क्वार्टर में जर्मनी की ओर से फ्लोरियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके कुछ देर बाद ही भारत के गुरजंत सिंह ने 13वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

जर्मनी के थिएस प्रिंज ने 14वें मिनट में एक और गोल करके अपनी टीम की बढ़त को 2-1 कर दिया। भारत ने दूसरे और तीसरे क्वार्टर में आक्रामक प्रदर्शन किया। लेकिन भारतीय खिलाड़ी गोल करने में विफल रहे। 48वें मिनट में जर्मनी ने मिशेल स्ट्रुथॉफ के जरिए गोलकर बढ़त को 3-1 कर दिया। इसके दो मिनट बार राफेल हाटकॉफ ने जर्मनी के चौथा गोल कर अपनी टीम जीत सुनिश्चित कर दी।



# मैक्सवेल विफल हुए तो ऑस्ट्रेलिया होगी बाहर : वॉन



लंदन । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि अगर ऑलरांउडर ग्लेन मैक्सवेल इस बार असफल रहे तो ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाएगी। वॉन के अनुसार मिशेल स्टार्क, नियमित कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही कमजोर है। ऐसे में नये गेंदबाजों के लिए पाकिस्तान और दुबई में बल्लेबाजों को रोकना कठिन होगा। कमिंस और हेजलवुड चोटों के कारण बाहर हो गए, जबकि स्टार्क ने निजी कारणों से टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया। वॉन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को अपने तीन मुख्य तेज गेंदबाजों की कमी खलेगी। मिचेल स्टार्क टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कमिंस और जोश हेजलवुड भी नहीं हैं। उनका मुख्य तेज गेंदबाजी आक्रमण पाकिस्तान और दुबई में नहीं होगा। ऐसा लगता है कि यह ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत बड़ा झटका है। वॉन ने स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाना सही फैसला है। साथ ही कहा कि सभी कप्तानों में से स्मिथ रणनीतिक तौर पर देखा जाये तो किसी भी अन्य कप्तान की तरह ही अच्छे हैं। हालांकि, तीन मुख्य तेज गेंदबाजों के गायब होने के कारण स्मिथ को चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को सफलता दिलाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उनके अनुसार मार्कस स्टोइनिस और मिचेल मार्श के टीम में नहीं होने से भी मैक्सवेल पर दबाव रहेगा। स्टोइनिस ने कुछ हफ्ते पहले ही एकदिवसीय से संन्यास की घोषणा की जबकि मार्श घायल हो गए थे। वॉन के अनुसार, मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई टीम के ऐसे खिलाड़ी होंगे जिन पर सबकी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्लेन मैक्सवेल और स्पिनर एडम जम्पा ऑस्ट्रेलिया के मुख्य खिलाड़ी होंगे, लेकिन मुझे लगता है कि बहुत कुछ मैक्सवेल के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं बांग्लादेश के नाहिद



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम को गुरुवार को बांग्लादेश से खेलना है। इस मैच में भारतीय टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है पर उसे बांग्लादेश के एक खिलाड़ी से सावधान रहना होगा। ये खिलाड़ी तेज गेंदबाज नाहिद राणा है।

6 फुट 5 इंच लंबे राणा बांग्लादेश टीम के ट्रंपकार्ड है और उनकी गेंदबाजी में दिग्गज तेज गेंदबाजों की झलक मिलती है। ऐसे में दुबई की पिच पर राणा अपनी स्पीड से भारतीय बल्लेबाजो को परेशान कर सकते है क्योंकि रफ्तार के साथ साथ उनके लंबे कद की वजह से गेंद को जो उछाल मिलती है वो उनकी गेंदबाजी को बेहद खतनाक बनाता है। पिछले साल टेस्ट सीरीज के दौरान नाहिद ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को भी परेशान किया था। एक साल से कम समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी जगह बनाने वाले नाहिद तेज गेंदबाजी के साथ ही अच्छी लाइन लेंथ भी रखते हैं। जिससे उन्हें खेलना कठिन होता है. राणा के साथ साथ तस्किन अहमद और मुस्तिफिजुर रहमान भी भारतीय बल्लेबाजी के लिए मुश्किलें खड़ी करेंगे।

आंकड़ों को देखें तो भारतीय टीम बांग्लादेश पर भारी है। आईसीसी टूर्नामेंट के आंकड़ों के साथ ही ओवरऑल एकदिवसीय रिकॉर्ड भी उसके पक्ष में हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेलने के लिए चुनी गई भारतीय टीम के पास जहां 1389 मैचों का अनुभव है। वहीं बांग्लादेश की टीम के पास 1024 एकदिवसीय का ही अनुभव है।

# डीविलियर्स के नाम हैं कई रिकार्ड

जोहांबर्ग । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज एबी डीविलियर्स अपने आक्रामक क्रिकेट के कारण जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी तेज पारियों से कई बड़ें रिकार्ड कायम किये हैं जिन्हें तोड़ना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। इसए बल्लेबाज ने एक से बड़कर एक ऐसे शॉट लगाये जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। डीविलियर्स के नाम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का विश्व रिकॉर्ड है। यह रिकॉर्ड उन्होंने एक दशक पहले बनाया था जो आज तक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। उन्होंने 16 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया था। डीविलियर्स ने साल 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ केवल 16 बॉल पर ये रिकार्ड बनाया था। उन्होंने तब श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा था। जयसूर्या ने साल 1996 में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 17 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। डीविलियर्स एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने सबसे कम गेंदों पर शतक लगाया है जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया। यह विश्व कीर्तिमान उन्होंने साल 2015 में वेस्टइंडज के खिलाफ बनाया था। तब उन्होंने शतक पूरा करने के लिए 31 गेंदें खेलीं थी। डीविलियर्स ने उस समय न्यूजीलैंड के कोरी एंडरसन का रिकॉर्ड तोड़ा था जिन्होंने 2014 में विंडीज के खिलाफ 36 गेंदों पर शतक लगाया था।



# चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार खेलेंगे दस भारतीय खिलाड़ी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में इस बार भारतीय टीम में पिछली बार के केवल 5 ही खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसे में इस बार करीब एक दस खिलाड़ियों को भारतीय टीम की ओर से डेब्यू का अवसर मिल सकता है। इस बार कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के अलावा सारे ही नए खिलाड़ी हैं। यशस्वी जायसवाल और जसप्रीत बुमराह के संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर होने के कारण वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा को अवसर मिला है.

साल 2017 में आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी को खेला गया था। अब 8 साल बाद इस आईसीसी टूर्नामेंट की वापसी होने जा रही है। पिछली बार पाकिस्तान ने भारत को हराकर इस ट्रॉफी को अपने नाम किया था। तब से अब तक आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन नहीं किया है। अब एक बार फिर से इस मेगा इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इतने लंबे अंतराल में कई भारतीय खिलाड़ियों ने संन्यास ले लिया है तो कुछ टीम में जगह नहीं बना पाए। भारतीय दल में शामिल 15 में से 5 खिलाड़ियों ने ही चैंपियंस ट्रॉफी खेला है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम में 10 खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे। इसमें शुभमन गिल (उपकप्तान), श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं। उप कप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, कुलदीप यादव और हर्षित राणा का खेलना तो पक्का माना जा रहा है। वहीं ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती को अंतिम ग्यारह में अवसर मिलना थोड़ा मुश्किल है।

**टीम** – रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रविंद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती



## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन में ब्रिटिश सेना भेजने से पहले अमेरिका की सहायता जरूरी: पीएम स्टारमर

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा है कि यूक्रेन में उनके देश की सेना भेजने से पहले अमेरिकी सुरक्षा गारंटी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रूस के आक्रमण के बीच यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पेरिस में एक आपातकालीन शिखर सम्मेलन के समापन पर, यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने स्थायी शांति समझौते पर पहुंचने पर अन्य देशों के साथ ब्रिटिश सेना को जमीन पर उतारने की इच्छा व्यक्त की।

### खैबर पख्तूनख्वा-अफगान वार्ता के लिए शर्तें तय होंगी: पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की संघीय सरकार ने उग्रवाद प्रभावित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के प्रशासन और तालिबान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान सरकार के बीच वार्ता को लेकर बड़ा बयान दिया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर आगामी वार्ता की रूपरेखा देश की सरकार ही निर्धारित करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा, विदेशी मामले संघीय सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के नेतृत्व वाली खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांतीय सरकार काबुल में दो प्रतिनिधिमंडल भेजेगी। बता दें कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद और क्षेत्रीय व्यापार गतिशीलता पर बढ़ती चिंताओं से जूझ रहा है।

### कमला हैरिस को मिलेगा एनएएसीपी चेयरमैन पुरस्कार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को नागरिक अधिकार संगठन के इमेज पुरस्कार समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। भारतवंशी नेता को एनएएसीपी का चेयरमैन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। एनएएसीपी के राष्ट्रीय निदेशक मंडल के अध्यक्ष लियोन डब्ल्यू रसेल ने कहा, कमला हैरिस एक नेता से कहीं बढ़कर हैं – वे बदलाव की ताकत का प्रतीक हैं। अधिक न्यायसंगत भविष्य के लिए उनके भीतर एक अटूट जुनून है। न्याय, समानता और समाज की बेहतरी के लिए अथक समर्पण के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और दिवंगत अभिनेता रूबी डी जैसी हस्तियों को भी इस पुरस्कार से नवाजा जा चुका है।

### ट्रंप ने सामाजिक सुरक्षा प्रमुख ने इस्तीफा दिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में सामाजिक सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाहक आयुक्त ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग की सामाजिक सुरक्षा पाने वाले लोगों के डाटा तक पहुंच के बाद सामने आया है। कार्यवाहक आयुक्त मिशेल किंग ने बीते दिनों दक्षता विभाग को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के संवेदनशील डाटा तक पहुंच देने से इनकार कर दिया था। अब व्हाइट हाउस ने किंग की जगह लेलैंड डुडेक को सामाजिक सुरक्षा विभाग का कार्यवाहक आयुक्त नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि दक्षता विभाग अमेरिकी सरकार के अहम विभागों और संवेदनशील डाटा तक पहुंच पाने की कोशिश कर रहा है और इसके विरोध में कई अधिकारी या तो पद छोड़ चुके हैं या फिर उन्हें हटा दिया गया है।

### लीबिया में सूडानी शरणार्थियों के लिए 106.6 मिलियन अमरीकी डॉलर की आवश्यकता : यूएन

**त्रिपोली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने कहा है कि लीबिया में सूडान से आए शरणार्थियों की मदद के लिए 106.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तत्काल जरूरत है। यह फंड 3,75,000 सूडानी शरणार्थियों, 70,000 स्थानीय लोगों और 1,000 अन्य देशों के नागरिकों की सहायता के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यूएनएचसीआर के अनुसार, इस धनराशि का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को आपातकालीन राहत से लेकर दीर्घकालिक समाधान तक हर जरूरी सहायता प्रदान करना है। लीबिया के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप विशेष प्रतिनिधि और मानवीय समन्वयक एनीस चुमा ने कहा कि यह योजना शरणार्थियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सम्मानजनक जीवन जीने की मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अप्रैल 2023 के मध्य में सूडान में हिंसक संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक 2,40,000 से अधिक सूडानी शरणार्थी लीबिया पहुंच चुके हैं। हालांकि, इतने बड़े पैमाने पर शरणार्थियों के आने से लीबिया में मानवीय संकट गहरा गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राहत प्रयासों के बावजूद, ये शरणार्थी गंभीर सुरक्षा खतरों और बुनियादी जरूरतों की कमी से जूझ रहे हैं। इनमें रहने के लिए आश्रय, साफ पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं और भोजन जैसी आवश्यक चीजें शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र ने सूडान के भीतर और पड़ोसी देशों में इस संघर्ष से प्रभावित लगभग 26 मिलियन लोगों की मदद के लिए 6 बिलियन डॉलर की मानवीय सहायता अपील भी शुरू की है। यह राशि उन लोगों को राहत पहुंचाने के लिए इस्तेमाल की जाएगी, जो हिंसा और अस्थिरता की वजह से अपने घरों से बेघर हो गए हैं। अप्रैल 2023 से सूडानी सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच लगातार संघर्ष जारी है।

# डेल्टा एयरलाइंस का विमान क्रैश

**कनाडा के टोरंटो एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान रनवे पर पलटा, 18 घायल, तकनीकी खराबी बनी वजह**

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के टोरंटो के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डेल्टा एयरलाइंस का एक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें 18 लोग घायल हो गए, जिनमें 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्लेन में 76 पैसेंजर और 4 क्रू मेंबर्स थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विमान अमेरिका के मीनियापोलिस से टोरंटो आ रहा था। फ्लैप एक्चुएटर फेलियर (एफएएफ) की वजह से विमान अचानक पलट गया। यानी लैंडिंग के दौरान विमान के पंखों पर लगे फ्लैप सही से काम नहीं कर पाए।

वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि हादसे के समय टोरंटो में तेज बर्फीला तूफान चल रहा था। कनाडा के मौसम विभाग के अनुसार, 65 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसी वजह से प्लेन पलट गया। हालांकि, हादसे का सही कारण पता नहीं चल सका है। कनाडा का परिवहन सुरक्षा बोर्ड (टीएसबी) हादसे की जांच कर रहा है। इसमें अमेरिका की राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) भी मदद कर रहा है।

पायलट ने बताया- विमान उल्टा पड़ा था और जल रहा था हादसे के तुरंत बाद हेलिकॉप्टर पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से बातचीत की थी। इसमें उसने बताया था कि विमान उलटा पड़ा है और जल रहा है। हादसे के बाद टोरंटो एयरपोर्ट ने 200 से ज्यादा उड़ानों पर अस्थायी रूप से रोक दी गई थी, लेकिन कुछ ही घंटों के बाद उड़ानों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया था।

**76 यात्री और चार चालक दल के सदस्य सवार थे :** हवाई अड्डे ने एक्स पर पुष्टि की कि मिनियापोलिस से डेल्टा की उड़ान के साथ एक घटना हुई है। इसमें 76 यात्री और चार चालक दल के सदस्य सवार थे। दुर्घटना दोपहर करीब 2:15 बजे हुई। इस वजह से हवाई अड्डे पर उड़ानें लगभग ढाई घंटे तक रुकी रहीं। जांच पूरी होने तक दो रनवे बंद रहेंगे।



**कोई जान नहीं गई और यात्रियों को मामूली चोटें ही आईं :** ग्रेटर टोरंटो एयरपोर्ट अथॉरिटी की सीईओ डेबोरा फ्लिंट ने संवाददाताओं से कहा कि हम भगवान के शुक्रगुजार हैं कि कोई जान नहीं गई और यात्रियों को मामूली चोटें ही आईं। घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में मित्सुबिशी सीआरजे 900 एलआर को बर्फीले टरमैक पर उल्टा पड़ा हुआ दिखाया गया, जबकि आपातकालीन कर्मचारी इस पानी डालकर आग की आशंकाओं से निपटने का प्रयास कर रहे थे।

**विमान के पलटने का क्या कारण था? :** फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि विमान के पलटने का क्या कारण था, लेकिन मौसम को इस हादसे की बड़ी वजह कहा जा सकता है। कनाडा के मौसम विभाग के अनुसार, हवाई अड्डे पर बर्फबारी हो रही थी। इस दौरान 51 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थीं, जो बढ़कर 65 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो गई। तापमान लगभग माइनस 8.6 डिग्री सेल्सियस था। हवाई अड्डे के टावर की ऑडियो रिकॉर्डिंग से पता चलता है कि स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 2:10 बजे विमान को उतरने की अनुमति दी गई। टावर से लैंडिंग के वक्त पायलटों को रनवे पर हवा के दबाव समेत कई अहम अलर्ट दिए जाते हैं।

**उठ रहे कई सवाल :** जिन सवालों के जवाब दिए जाने की जरूरत है, उनमें से एक यह है कि विमान का दाहिना पंख क्यों गायब था? इसके अलावा एक सवाल यह भी उठता है कि फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर का क्या हुआ? वे आज नहीं तो कल मिल ही जाएंगे और कनाडा का परिवहन सुरक्षा बोर्ड उन्हें जांचेगा। तब यह पता चल पाएगा कि वास्तव में यहां क्या हुआ था।

दुर्घटना के वीडियो में नजर आया कि चालक दल के सदस्य यात्रियों को बर्फ से ढके हवाई क्षेत्र में विमान से बाहर निकाल रहे थे, जबकि अग्निशमन कर्मी विमान और उसके आसपास के क्षेत्र को आग लगने से बचाने के लिए फोम से ढकने का प्रयास कर रहे थे। यह विमान कनाडा में निर्मित एम्ब्रेयर सीआरजे-900 था, जिसका संचालन डेल्टा एयरलाइंस की सहायक कंपनी एंडेवर एयर कर रही थी। यह घटना असामान्य थी, क्योंकि बड़े यात्री विमानों का इस तरह पलटना दुर्लभ माना जाता है। कनाडाई परिवहन सुरक्षा बोर्ड इस दुर्घटना की गहन जांच करेगा, जिसमें अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड की भी सहायता ली जाएगी।

डेल्टा एयरलाइंस के सीईओ एड बास्टियन ने एक बयान जारी कर कहा कि वे घटना के सभी विवरणों की पुष्टि करने का प्रयास कर रहे हैं और नवीनतम जानकारी उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर साझा की जाएगी। कनाडा की मौसम सेवा के अनुसार, हादसे के वक्त हवा की रफ्तार 61 किलोमीटर प्रति घंटे थी, जिससे लैंडिंग में कठिनाई आ रही थी। विमान में सवार यात्री जॉन नेल्सन ने फेसबुक पर हादसे का वीडियो पोस्ट किया और बताया कि उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, लेकिन अधिकतर यात्री सुरक्षित हैं।

यह दुर्घटना हाल ही में उत्तरी अमेरिका में हुई कई विमान दुर्घटनाओं जैसी ही है। इससे पहले, 29 जनवरी को वाशिंगटन में एक सैन्य हेलीकॉप्टर ने अमेरिकन एयरलाइंस के जेट को टक्कर मार दी थी, जिससे दोनों विमान पोटोमैक नदी में गिर गए और 67 लोगों की मौत हो गई थी। 1 फरवरी को फिलाडेल्फिया में एक एयर एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें छह लोगों की जान चली गई थी।

# एक बंदर ने कर दी श्रीलंका की बत्ती गुल! 6 घंटे तक लोग रहे परेशान

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में रविवार को अचानक बिजली गुल हो गयी. छुट्टी का दिन होने के कारण लोग आराम की मुद्रा में थे. लोग टीवी पर अपने मनपसंद कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे. बच्चे भी मस्ती कर रहे थे. इस बीच उनकी मुश्किलें बढ़ गईं. अचानक पावर कट होने से पूरे देश में अफरा-तफरी मच गई. लेकिन जब वजह सामने आई, तो लोग सिर पकड़कर हंस पड़े. दरअसल यह गड़बड़ी किसी तकनीकी खराबी से नहीं, बल्कि एक बंदर के कारण हुई थी.

**क्या कहा बिजली बोर्ड ने :** सीलोन विद्युत बोर्ड ने एक बयान में कहा कि रविवार को अचानक बिजली गुल होने के कारण लकविजय पावर स्टेशन का परिचालन बंद करना पड़ा. इस दौरान लगभग 6 घंटे तक पूरे द्वीप में बिजली आपूर्ति बाधित रही. बयान में बताया गया कि कोलंबो उपनगरीय ग्रिड स्टेशन में लगे मेन ट्रांसफॉर्मर के संपर्क में बंदर आ गया. बंदर ट्रांसफॉर्मर पर कूद गया था जिसके बाद तेज आवाज के साथ बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी.

**बिजली कटौती की सूचना :** श्रीलंका में एक कोयला विद्युत संयंत्र में खराबी आने के कारण सोमवार और मंगलवार को 90 मिनट तक बिजली कटौती रहेगी. राज्य विद्युत इकाई, सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में 900 मेगावाट के नोरोचचोलाई कोयला विद्युत संयंत्र में खराबी के कारण आपूर्ति में कमी को देखते हुए यह निर्णय लिया. सीलोन विद्युत बोर्ड ने एक बयान में कहा कि 90 मिनट की राशनिंग दोनों दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों में अपराह्न 3 बजे से रात्रि 9.30 बजे के बीच दो स्लॉट में कटौती होगी.

**पहले भी हुई थी कटौती :** अगस्त 2022 के बाद पहली बिजली राशनिंग होगी. तब देश आर्थिक संकट में फंस गया था. ईंधन और बिजली सहित आवश्यक वस्तुओं की कमी हो गई थी. विदेशी मुद्रा की कमी के कारण 12 घंटे तक बिजली कटौती हुई तथा ईंधन और आवश्यक वस्तुओं के लिए लम्बी कतारें लगी रहीं. अप्रैल और जुलाई 2022 के बीच सड़कों पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जिससे तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा और बाद में इस्तीफा देना पड़ा.

# गाजा में इस्राइल-हमास संघर्ष के 500 दिन, सड़कों पर दिखा आक्रोश

**गाजा, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बीते 15 महीने से जारी हिंसा सीजफायर के कारण थोड़े समय के लिए थमी है। इसी बीच हमास और इस्राइल के हिंसक संघर्ष के 500 दिन पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर इस्राइल में रहने वाले लोगों ने बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई के लिए प्रदर्शन किया। यरूशलम में जमा हुए प्रदर्शनकारियों में एक ने कहा, बंधकों के पास अधिक समय नहीं है, उन्हें जल्द रिहा किया जाना चाहिए। रिहा किए गए तीन बंधकों में से एक ने तेल अवीव में आयोजित रैली को वीडियो के माध्यम से संबोधित किया। हमास के कब्जे से रिहाई का अनुभव बताते हुए इयर हॉर्न ने कहा, 'मैं हमास की सुरंगों में था। 498 दिनों के बाद मुझे रिहा किया गया।' यरूशलम में एक अन्य प्रदर्शनकारी एलेनोर सैटलो ने कहा, कई बंधक अभी भी हमास के कब्जे में हैं। बंधकों की रिहाई के लिए जल्द कदम उठाए जाने की जरूरत है। इसी बीच लेबनान ने ईरान से उड़ानों पर लगी रोक बढ़ाने का भी फैसला लिया है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासेम के मुताबिक अगर कोई ईरानी विमान बेरूत हवाई अड्डे पर उतरा तो इजरायल ने हमला करने की धमकी दी है।

# मुश्किल में फंसे अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, क्रिप्टोकरेंसी के प्रचार का आरोप, होगी जांच

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपो की जांच एक न्यायाधीश को सौंपी गई है। राष्ट्रपति पर आरोप है कि उन्होंने एक क्रिप्टोकरेंसी का प्रचार किया था। उनके प्रचार के बाद क्रिप्टोकरेंसी का मूल्य गिर गया और निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ा। हालांकि राष्ट्रपति माइली ने धोखाधड़ी से इनकार किया और कहा कि मैंने सद्भावना से काम किया।

राष्ट्रपति कार्यालय ने लिब्रा क्रिप्टोकरेंसी के साथ संलिप्तता से इनकार किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को इस परियोजना पर ध्यान आकर्षित किया था। यह एक ऐसी परियोजना थी, जिससे अर्जेंटीना को लाभ हो सकता था, लेकिन बाद में उन्हें इसके बारे में अधिक जानकारी मिली और फिर उन्होंने अपना समर्थन वापस ले लिया।

अर्जेंटीना के वकीलों ने रविवार को राष्ट्रपति के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत



दर्ज कराई थी। इसके बाद मामले को ब्यूनस आयर्स में संघीय न्यायालय संख्या एक की प्रमुख न्यायाधीश मारिया सर्विनी को सौंपा गया। वे आरोपों की जांच करेंगीं। एक ट्वीट में राष्ट्रपति माइली ने कहा था कि क्रिप्टोरकेंसी का उद्देश्य छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप को वित्त पोषित करके आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना था। बाजार में इसकी कीमत में थोड़ी वृद्धि हुई और यह 4 बिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच गया। हालांकि आलोचकों की टिप्पणियों के बीच इसकी कीमत में गिरावट शुरू हो गई। माइली ने कुछ घंटे बाद क्रिप्टोकरेंसी का मूल्य गिरने पर पोस्ट हटा दी। इससे इसके कई नए निवेशकों को लाखों डॉलर का नुकसान हुआ।

केआईपी प्रोटोकॉल और हेडन डेविस के इस क्रिप्टो को एक लिंक पर पहुंचकर प्राप्त किया जा सकता है। जो प्रसिद्ध वाक्यांश वीवा ला लिबर्टाड! का संदर्भ देता है। इसका उपयोग राष्ट्रपति माइली अपने सोशल मीडिया पर भाषणों और संदेशों को समाप्त करने के लिए करते हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के विकास में राष्ट्रपति माइली शामिल नहीं थे। परियोजना शुरू पर जनता की प्रतिक्रिया के बाद अटकलों से बचने और आगे के जोखिम को सीमित करने के लिए उन्होंने अपना पोस्ट हटाने का फैसला किया।

राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने व्यक्तिगत अकाउंट पर केआईपी प्रोटोकॉल परियोजना के शुभारंभ की घोषणा करते हुए एक पोस्ट साझा की। माइली ने एक्स पर कहा कि उन्हें क्रिप्टोकरेंसी के विवरण के बारे में जानकारी नहीं थी और उन्होंने राजनीतिक विरोधियों पर प्रकरण का फायदा उठाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

राष्ट्रपति माइली ने कहा कि मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। मुझे आगे आकर अपना चेहरा दिखाने में कोई समस्या नहीं है। जो लोग स्वेच्छा से क्रिप्टो में आते हैं, वे जानते हैं कि वे क्या कर रहे हैं। इसमें शामिल जोखिमों को समझते हैं। राष्ट्रपति कार्यायल ने कहा कि देश का भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय मामले की जांच करेगा। वकील जोनाथन बाल्डिविएज़ो ने कहा कि माइली की गतिविधि इस प्रकरण में अनिश्चित संख्या में धोखाधड़ी करने के लिए एक अवैध भागीदारी का हिस्सा थीं। राष्ट्रपति ने अवैध संगठन के अंतर्गत धोखाधड़ी की, जिसमें राष्ट्रपति की कार्रवाई की जरूरत थी।

# यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए : जर्मन चांसलर स्कोल्ज

**पेरिस, एजेंसी।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने कहा कि यूरोप को यूक्रेन का समर्थन जारी रखना चाहिए साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन पर कोई तानाशाही शांति नहीं थोपी जा सकती। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को यह भरोसा होना चाहिए कि यूरोप उसके साथ खड़ा है और उसकी मदद करता रहेगा। स्कोल्ज़ ने यह बयान एक आपातकालीन बैठक के बाद दिया, जिसे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने बुलाया था। यह बैठक रूस और अमेरिका के बीच होने वाली वार्ता से पहले हुई, जिसमें यूरोपीय देशों ने अपनी रणनीति पर चर्चा की। स्कोल्ज़ ने कहा कि यूक्रेन किसी भी ऐसी शांति को स्वीकार नहीं कर सकता जो जबरदस्ती थोपी जाए।

जर्मन चांसलर ने यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका से सामूहिक सुरक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का आग्रह किया और कहा कि नाटो की ताकत इसी में है कि सभी देश मिलकर काम करें और जोखिम साझा करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस एकता पर कोई सवाल नहीं उठना चाहिए।



जब उनसे पूछा गया कि क्या यूरोपीय देश शांति मिशन के तहत यूक्रेन में जमीनी सेना भेज सकते हैं, तो स्कोल्ज ने इसे समय से पहले बताया और कहा कि इस पर अभी चर्चा करना सही नहीं होगा। हालांकि, उन्होंने यह जरूर कहा कि यूरोपीय देश अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम दो प्रतिशत रक्षा बजट पर खर्च करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, जर्मनी इस बात का समर्थन करता है कि अगर यूरोपीय देश अपनी रक्षा पर ज्यादा खर्च करते हैं, तो इस खर्च को उनके बजट घाटे की गणना में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। इस बैठक में नाटो और यूरोपीय कमीशन के नेताओं के साथ-साथ फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, स्पेन, इटली, डेनमार्क और नीदरलैंड सहित कई यूरोपीय देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसका मुख्य उद्देश्य रूस और अमेरिका की वार्ता से पहले एक साझा यूरोपीय प्रतिक्रिया तैयार करना था। हालांकि, इस वार्ता में न तो ब्रुसेल्स को और न ही कीव को आमंत्रित किया गया है।

# गाजा में मानवीय जरूरतें बहुत अधिक: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** मानवतावादियों का कहना है कि गाजा में मानवीय जरूरतें बहुत ज्यादा हैं। यह भी कहा कि वेस्ट बैंक में जारी इजरायली अभियान से अभी भी हताहतों की संख्या बढ़ रही है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र और उसके मानवीय साझेदार गाजा पट्टी में जीवन रक्षक सहायता पहुंचाना जारी रखे हुए हैं, लेकिन जरूरतें बहुत अधिक हैं, जिसके लिए तत्काल और निरंतर सहायता की आवश्यकता है।



ओसीएचए ने कहा कि फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिपोर्ट किया है कि गाजा शहर के अल शिफा और अल रंतिसी समेत पूरे गाजा के अस्पतालों में इमरजेंसी, सर्जिकल और गहन देखभाल सेवाओं को चालू रखने के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की बहुत जरूरत है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य साझेदार स्थानीय स्तर पर ऑक्सीजन उत्पादन के लिए आवश्यक जनरेटर, स्पेयर पार्ट्स और उपकरण लाने के लिए अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं।

कार्यालय के अनुसार, आश्रय भागीदारों ने वीकेंड में उत्तरी गाजा में 11 हजार से ज्यादा परिवारों को तिरपाल वितरित किए। खान यूनिस में, अल मवासी में विस्थापन स्थल पर लगभग 450 परिवारों को सीलिंग-ऑफ किट, रसोई सेट और स्वच्छता किट प्रदान किए गए। ओसीएचए ने कहा कि शिक्षा गतिविधियों का विस्तार हो रहा है, इसके भागीदारों ने बताया कि फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत एजेंसी द्वारा निर्मित दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम में 250,000 से अधिक लोग नामांकित हैं। मानवीय भागीदारों ने बताया कि संघर्ष के दौरान 95 प्रतिशत स्कूल भवनों को नुकसान पहुंचा, जिससे कई छात्रों को सर्दी के मौसम में अस्थायी टेंट और खुले स्थानों में पढ़ाई करनी पड़ी।

वेस्ट बैंक में, ओसीएचए ने कहा कि 21 जनवरी को इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से, जो पिछले दो दशकों में सबसे व्यापक है, 36 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से 25 जेनिन में और लगभग एक दर्जन तुलकरम में मारे गए हैं। इस अभियान के कारण बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं, खास तौर पर शरणार्थी शिविरों में। महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे मानवीय जरूरतें और भी बढ़ गई हैं।

# दुनिया के पहले घोषित समलैंगिक इमाम की हत्या : कार के अंदर मारी गोली

### जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष अरशद मदनी ने दो साल पहले बताया था कि इस्लाम में पराई औरत को देखना भी गुनाह है, तो फिर समलैंगिक संबंध तो बहुत बड़ी बात है

**केप टाउन, एजेंसी।** दुनिया के पहले घोषित समलैंगिक इमाम मुहसिन हेंड्रिक्स की शनिवार को दक्षिण अफ्रीका में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अन्य व्यक्ति के साथ कार से जा रहे थे, उसी वक्त उन पर हमला किया गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इमाम की हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिस वक्त हेन्ड्रिक्स पर हमला किया गया वो एक समलैंगिक विवाह समारोह से लौट रहे थे।

मुहसिन हेंड्रिक्स कौन थे? 57 साल के मुहसिन हेंड्रिक्स का जन्म दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में हुआ था। उन्होंने 1996 में गुरबाह मस्जिद की स्थापना की थी। इसी साल उन्होंने खुद के समलैंगिक होने का भी खुलासा किया था। उन्होंने समलैंगिक मुसलमानों का सपोर्ट करने के लिए द इनर सर्कल की स्थापना की थी। 2022 में रिलीज डॉक्यूमेंट्री %द रेडिकल% में बताया गया था कि हेंड्रिक्स को कई बार जान से मारने की धमकी गई है। वो समलैंगिक और हाशिए पर पड़े मुसलमानों



मदद के लिए जाने जाते थे।

समलैंगिक समुदाय को हेट क्राइम का शक इंटरनेशनल लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांस और इंटरसेक्स एसोसिएशन ने हत्या की निंदा की है। एसोसिएशन की डायरेक्टर जूलिया एहर्ट ने कहा पूरा आईएलजीए वर्ल्ड परिवार मुहसिन हेंड्रिक्स की हत्या के खबर से गहरे सदमे में है। हम अधिकारियों से इस मामले की गहराई से जांच करने की अपील करते हैं, हमें डर है कि यह एक हेट क्राइम हो सकता है। नाइजीरिया में रहने वाले समलैंगिक मुस्लिम सादिक लॉवल ने बीबीसी को बताया कि हेंड्रिक्स ने अपने समलैंगिक रुझान को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार करके असंभव काम को संभव कर दिया था। वह अफ्रीका महाद्वीप में, खास तौर पर नाइजीरिया में कई समलैंगिक मुसलमानों के गुरु हैं। उनकी मौत से मैं अभी भी सदमे में हूं।

अरशद मदनी के मुताबिक इस्लाम में समलैंगिकता की इजाजत नहीं समलैंगिकता को लेकर मुस्लिम धर्म में कई तरह की मान्यताएं हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष अरशद मदनी ने दो साल पहले बताया था कि इस्लाम में पराई औरत को देखना भी गुनाह है, तो फिर समलैंगिक संबंध तो बहुत बड़ी बात है।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति को ताउम्र अपनी पत्नी से ही प्रेम करना चाहिए और उसी से संबंध रखने चाहिए। खुदा ने महिला-पुरुष को इस प्रकार बनाया है कि वह औलाद का सुख पा सकें, लेकिन समलैंगिक संबंध के मामले में ये बात कहीं भी फिट नहीं होती है।

# संक्षिप्त खबरें

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना-डीडीयू एवं डीडीयू-गया रेलखंड का किया निरीक्षण



**हाजीपुर(बिभा):** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना–डीडीयू एवं डीडीयू–गया–किऊल रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने इन रेल मार्गों में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत चौधरी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजेश गुप्ता अपने–अपने क्षेत्राधिकार में उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा बक्सर स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, साफ–सफाई, पैदल उपरिगामी पुल, सकुर्लेटिंग एरिया सहित समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा डीडीयू यार्ड का भी निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने परंपरागत आईआर लाइन के डीएफसीसी लाइन से जुड़ाव के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। इसके उपरांत महाप्रबंधक महोदय द्वारा न्यू गंजख्वाजा से न्यू चिरैला पौथू स्टेशन तक डीएफसीसी लाइन पर विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत सासाराम–डेहरी ऑन सोन–गया रेलखंड का भी महाप्रबंधक महोदय द्वारा विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया गया।

## दानापुर-सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस 20 से 28 फरवरी तक रद्द

**हाजीपुर(बिभा):** दानापुर और सिकंदराबाद के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 12792/12791 दानापुर–सिकंदराबाद–दानापुर एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 20.02.2025 से 28.02.2025 तक रद्द किया जा रहा है। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

## धनबाद से चलने वाली 8 सुपरफास्ट ट्रेनें रद्द



**धनबाद(बिभा)** : कुंभ मेले के कारण ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने प्रयागराज होकर चलने वाली 17 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। इनमें धनबाद और गोमो होकर चलने वाली कई ट्रेनें शामिल हैं। ट्रेनों के अचानक रद होने से हजारों यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी। धनबाद की प्रमुख ट्रेनें जो कैंसिल हुई हैं उनमें कालका–हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस इंदौर– हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस समेत 8 ट्रेनें शामिल हैं।

कुंभ को लेकर ट्रेनों में उमड़ रही भीड़ के बीच रेलवे ने प्रयागराज होकर चलने वाली 17 ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। इनमें धनबाद व गोमो होकर चलने वाली कालका– हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस, इंदौर– हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस, नई दिल्ली–पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें शामिल हैं। ट्रेनों के अचानक रद होने से हजारों यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी। रेलवे ने तकनीकी कारणों से ट्रेन रद होने की सूचना जारी की है।

12802 नई दिल्ली–पुरी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 18 व 19 को, 22308 बीकानेर–हावड़ा एक्सप्रेस 19 को, 12312 कालका–हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस 18 व 19 को, 18310 जम्मूतवी–संबलपुर एक्सप्रेस 18 को, 18102 जम्मूतवी–टाटा एक्सप्रेस 19 को, 12176 ग्वालियर–हावड़ा चंबल एक्सप्रेस 18 को, 22911 इंदौर–हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस 18 को रद्द रहेगा।

22466 आनंदविहार–मधुपुर एक्सप्रेस 19 को, धनबाद–कोयंबटूर स्पेशल 22 घंटे 53 मिनट लेट, कोयंबटूर से आज देर रात चलेगी।

धनबाद से गया होकर चलने वाली 03679 धनबाद– कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन 22 घंटे 53 मिनट लेट चलने से सोमवार के बदले अब मंगलवार दोपहर 12:12 पर कोयंबटूर पहुंचेगी।

इस वजह से मंगलवार सुबह 7:50 पर चलने वाली 03680 कोयंबटूर–धनबाद स्पेशल ट्रेन देर रात 11:50 पर कोयंबटूर से रवाना होगी। देर रात धनबाद से डेहरी आन सोन को चली स्पेशल ट्रेन–धनबाद में यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर सोमवार की देर रात धनबाद से डेहरी आन सोन के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई गयी। रात 11:45 पर स्पेशल खुली जिसमें बड़ी संख्या में यात्री गये। प्रयागराज महाकुंभ मेले के मद्देनजर धनबाद जिले के सभी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। इस संबंध में जिला पुलिस प्रशासन ने विशेष निर्देश जारी किए हैं। पुलिस मुख्यालय के दिशा निर्देश पर जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। जिला नियंत्रण कक्ष और रेलवे स्टेशनों पर स्थापित कंट्रोल रूम के बीच समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। डीएसपी सीसीआर, धनबाद को आरपीएफ नियंत्रण कक्ष, धनबाद में सभी शिफ्ट में पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है। एसएसपी हृदीप पी जनार्दन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। जिला पुलिस अब अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

अलेप्पी एक्सप्रेस के परिचालन में बदलाव : धनबाद आनेवाली अलेप्पी एक्सप्रेस के परिचालन में बदलाव किया गया है। मंगलवार को चलने वाली अलेप्पी एक्सप्रेस का कोयंबटूर में ठहराव नहीं होगा। इसके बाद 25 व 27 फरवरी को भी कोयंबटूर में नहीं रुकेगी। इन तिथियों में ट्रेन पोदनूर–इरुगुर होकर चलेगी। कोयंबटूर के बदले पोदनूर में दोपहर 12:17 से 12:20 तक वैकल्पिक ठहराव दिया गया है।

# पलामू डीसी की बड़ी कार्रवाई, बीडीओ और सीओ समेत 500 अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन पर लगाई रोक

बिभा संवाददाता



**पलामू** : झारखंड के पलामू जिलाधिकारी शशि रंजन ने एक सख्त कदम उठाते हुए जिले के 149 चिकित्सकों, एक दर्जन से अधिक बीडीओ और सीओ समेत करीब 500 अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई समय पर कार्यालय में उपस्थित न होने के कारण की गई है।

बताया जा रहा है कि डीसी शशि रंजन ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वे सुबह 10:40 बजे तक कार्यालय में पहुंचे। इसके बाद कार्यालय बंद होने के समय 5:00 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इसके साथ ही बायोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य किया गया था। वेतन की प्रक्रिया भी केवल बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर की जानी थी।लेकिन जब जांच के दौरान बायोमेट्रिक अटेंडेंस के समय का मिलान किया गया। तो उसमें पाया गया कि कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं की। इस कारण उनका वेतन रोका गया है।

### डॉक्टरों के वेतन पर भी रोक

वहीं, इस आदेश के बाद पलामू के विभिन्न सरकारी कार्यालयों के 50 डॉक्टर, 20 मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर, 16 अधीक्षक कार्यालय के तहत कार्यरत डॉक्टर और 63 सीनियर व जूनियर रेजिडेंट्स का वेतन भी रोका गया है। इसके अलावा इन सभी कार्यालयों में कार्यरत ढाई सौ से अधिक एएनएम, जीएनएम, लैब असिस्टेंट, फार्मासिस्ट समेत अन्य कर्मचारियों का वेतन भी रोका गया है। बताया गया कि पशुपालन विभाग, इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन पर भी रोक लगाई गई है। इसमें कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता शामिल हैं।

### इस कारण उठाया कदम

जानकारी हो कि यह कदम समय पर कार्यालय में उपस्थित होने के महत्व को स्पष्ट करने के लिए उठाया गया है। इस संबंध में डीसी ने साफ कर दिया है कि बायोमेट्रिक उपस्थिति का पालन सुनिश्चित किए बिना किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का वेतन जारी नहीं किया जाएगा।

# प्रेमी ने प्रेमिका को ताड़ी में जहर देकर मारा, गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**गोड्डा** : गोड्डा में एक दिल दहला देने वाली घटना में एक शादीशुदा युवक ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। घटना 30 जनवरी की है, जब सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के तसरिया में एक युवती की मौत की सूचना मिली थी। मृतका के परिजनों ने 35 वर्षीय अनवर अंसारी पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गोड्डा के एसपी अनिमेष नेथानी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था, जिसने तकनीकी जांच की और आरोपी की तलाश शुरू की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पथरा हटिया से अनवर को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ अशोक रविदास ने बताया कि अनवर पहले से शादीशुदा है और उसकी पत्नी से कोई संतान नहीं है। वह लंबे समय से मृतका के साथ रिश्ते में था और उस पर शादी का दबाव बना रहा था, लेकिन मृतका ने जनजाति से होने के कारण शादी से इनकार कर दिया था। घटना से एक दिन पहले अनवर मृतका के घर आया था और उसे एक जगह ले गया, जहां उसने ताड़ी में जहर मिलाकर पिला दिया। मृतका की मौत के बाद अनवर उसे घर पहुंचाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव 5 मार्च को

**खूँटी** । आगामी पांच मार्च को श्री श्याम मंडल खूँटी के द्वारा श्री श्याम प्रभु जी का निशान ध्वजा शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। निसान यात्रा की शुरूआत महादेव मंडा, कर्रा रोड से होगी एवं नगर भ्रमण करते हुए पिपरा टोली स्थित नवनिर्मित श्याम मंदिर हेतु चिन्हित स्थान में निशान अर्पण किया जायगा। निसान की महत्व के बारे में बताते हुए अध्यक्ष मुकुल पिपुरिया ने बताया कि ₹ हारे का सहारा कहलाने वाले खाटू श्याम बाबा के भक्त पूरी दुनिया में हैं। ये मंदिर राजस्थान के सीकर जिले में स्थित है। श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम को एक खास झंडा चढ़ाते हैं जिसे निशान कहा जाता है। इस ध्वज को भक्त मन्नत मांगने के दौरान या मन्नत पूरी होने के बाद अर्पित करते हैं।भक्तों द्वारा चढ़ाए गए कुछ निशानों पर नारियल और मोर पंख भी अंकित होता है। ऐसी मान्यता है कि इस निशान को चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सब कुछ कुशल मंगल रहता है। खाटू श्याम पर ध्वज चढ़ाने से पहले उनकी विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। आजकल भक्त अपनी भक्ति दिखाने के लिए सोने-चांदी के बने निशान भी चढ़ाते हैं।

# बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन

बिभा संवाददाता




**खूँटी** । राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के निर्देशन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, खूंटी के मार्गदर्शन में बुधवार को बाल कल्याण संघ द्वारा अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान 2.0 के तहत बाल श्रम उन्मूलन हेतु एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली गोडाटोली पंचायत भवन से मुरहू प्रखंड तक निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस रैली का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे एवं बाल श्रम में संलग्न बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ना और पुनर्वास के माध्यम से उनके भविष्य को संवारना था। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर भी बल दिया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने ह्यबाल श्रम मुक्त भारतह्व, ह्यहर बच्चा स्कूल जाएह्व एवं ह्यबचपन को न छीने, उन्हें पढ़ने देंह्व जैसे नारों के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया।

बाल श्रम उन्मूलन अभियान के पहले चरण की सफलता के पश्चात अब यह अभियान जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक दूसरे चरण में संचालित किया जा रहा है। इस चरण में खूंटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटकों, बाल अधिकार कार्यशालाओं और पुनर्वास संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह प्रयास बाल श्रम मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ खान ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान सिर्फ बाल श्रम में संलग्न बच्चों की पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके पुनर्वास और शिक्षा से जुड़ाव को भी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से अनुरोध किया कि वे बच्चों को श्रम स्थल की बजाय विद्यालय भेजने हेतु सहयोग करें।

कार्यक्रम में बाल कल्याण संघ के ओम प्रकाश तिवारी एवं अंजनेय रॉय ने भी अहम भूमिका निभाई। इस अभियान के माध्यम से न केवल प्रभावित बच्चों को एक नया जीवन मिलेगा, बल्कि यह समाज में एक सशक्त संदेश भी प्रसारित करेगा कि हर बच्चे को सुरक्षित एवं

## स्थानीय रैयतौ को 80 प्रतिशत रोजगार को लेकर चुरी परियोजना पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बिभा संवाददाता

**खलारी।** एनके क्षेत्र के चुरी परियोजना के प्रभावित गाँव जोभीया,पाहन टोंगरी एव सखुवाटोला के ग्रामीणो ने परियोजना पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में ग्रामीणो ने कहा है कि परियोजना में रोड सेल चल रहा है इसमें इन गांव को भी लाभ मिले।इसके अलावा प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि जितना भी प्राइवेट कंपनी जो उत्पादन कर रही है और ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों में स्थानीय रैयत विस्थापित को 80 प्रतिशत रोजगार देने की मांग की है।ग्रामीणो ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रबंधन ने उनकी मांगों पर पहल नहीं किया गया तो इन गांव के ग्रामीणो के द्वारा जोरदार आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वाले लोगों में बालेश्वर गंझू, नरेश गंझू, महेंद्र गंझू, नरेश कुमार गंझू, जगदीश गंझू, राजकुमार गंझू, राजेंद्र गंझू, सुरेश गंझू, देवा भोगता, मनोज गंझू, हरीश गंझू, भीम गंझू, जगदीश गंझू, रचित गंझू, अभिनाश गंझू, सिकेन्द्र गंझू, पिंटू महतो, गणेश महतो, जुगेश्वर गंझू, राही भोगता, नागेश्वर गंझू, उमेश, अनिल, अशोक, किशोर, पिंटू, सुनील, सुमित, रवि, विजय, प्रदीप, विशाल, दिनेश, अमीर, कुंदन, कामेश्वर, विक्रम, सूरज, रामकुमार, श्रवण, तुलसी, मुकेश सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान

**खूँटी (बिभा)।** डाक–बंगला रोड स्थित राजस्थान भवन में मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच खूँटी नगर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 35 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस शिविर में रक्त संग्रह हेतु राँची सेवा सदन एवं खूँटी ब्लड बैंक की टीम शामिल थे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन खूँटी के सिविल सर्जन डॉ० नागेश्वर मांझी, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, वर्तमान अध्यक्ष अखिल सरावगी एवं राँची सेवा सदन की टीम से आए डॉ० जितेंद्र ने किया। सचिव मुकुल पीपुरिया ने रक्तदान के फायदे बताए जैसे की दिल का दौरा का खतरा कम होना, कैंसर का खतरा कम होना, वजन घटने में मदद आदि। मंच के रक्त दान संयोजक विशाल जैन ने बताया को पिछले 6 माह में मारवाड़ी युवा मंच ने खूँटी के जरूरमंदों को 38 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया है जो की जिलेवासियों का भरोसा मंच का प्रति दशार्ता है। सचिव ने इस सफलता का रहस्य सभी सदस्यों का सामूहिक प्रयास को दिया। इस बार के शिविर में अदिति मिश्रा, सरिता कुमारी, अनिल कुमार एवं स्माइल कंदिर ने पहली बार रक्तदान किया। सेवा सदन की टीम ने सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो दे कर उनको सम्मानित किया। 2017 से अबतक हमने 19 वाँ शिविर लगाए हैं। शिविर को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भाला, अध्यक्ष अखिल सरावगी, सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष अनुराग प्रतीक, संयोजक विशाल जैन, ओम शर्मा, राजेश मिश्रा,आशीष अग्रवाल, विनय अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, रोहित जैन, मोनी जैन, हर्षित सरावगी, शुभम जैन, अदिति मिश्रा, नमिता अग्रवाल, बजरंग बाहेती, निश्चय बाहेती आदि का योगदान रहा।

# विभिन्न प्रखंडो में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान

बिभा संवाददाता



**खूँटी** । जिला प्रशासन द्वारा आज मुरहू प्रखंड के रंगो, ईंटे समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग इत्यादि जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। इस दौरान किसानों को जागरूक करने हेतु पम्पलेट का भी वितरण किया गया। जिला प्रशासन का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कृषि योजनाओं एवं तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी गई।

# महाकुंभ के मद्देनजर क्राउड मैनेजमेंट को लेकर महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों संग की उच्चस्तरीय बैठक

बिभा संवाददाता




**हाजीपुर** : पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। इस बैठक में पांचो मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक अपने-अपने मंडलों के शाखा अधिकारियों के साथ वीडियो क्रांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक में मुख्य रूप से महाकुंभ-2025 के दौरान स्टेशनों एवं ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट, कुंभ स्पेशल ट्रेनों के परिचालन सहित श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधकों एवं मुख्यालय के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिया कि क्राउड मैंजमेंट में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यात्री सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंतिम क्षणों में प्लेटफॉर्म न बदला जाए। स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ को सीसीटीवी द्वारा लगातार मॉनिटरिंग किया जाए एवं आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कुंभमेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाए।

विदित हो कि क्राउड मैनेजमेंट हेतु मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर वाररूम की स्थापना की गयी है जहां वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सी0सी0टी0वी0 कैमरे से चौबीसों घंटे लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं। साथ ही इस कार्य हेतु प्रमुख स्टेशनों पर भीड को नियंत्रित करने हेतु जिला पुलिस, एसएसबी एवं एसडीआरएफ की भी मदद ली जा रही है।

अधिक भीड़-भाड़ वाले प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया है जिसमें पानी, बैठने एवं आराम करने तथा यात्री सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। साथ ही ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है। यात्रा टिकट प्राप्त करने में दिक्कत ना हो इसके लिए प्रमुख स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर एवं एटीवीएम के लिए अतिरिक्त फैसिलिटेटर का प्रावधान किया गया है।

पैदल उपरी पुल/प्लेटफार्म और सकुर्लेटिंग एरिया पर विशेष ध्यान के साथ स्टेशनों पर और ट्रेनों में पर्याप्त संख्या में आरपीएफ एवं जीआरपी की तैनाती की गयी है। लंबी दूरी की ट्रेनों की सामान्य बोगियों में यात्रियों के चढ़ते समय धक्का-मुक्का न हो, इसके लिए आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा ज्यादा भीड़-भाड़ वाली ट्रेनों के सामान्य बोगियों में यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से चढ़ाने की व्यवस्था की गयी है।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com